राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 130
लखनऊ, शनिवार 10 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ई-बस फैक्टरी से देश की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को मिली नई उड़ान : एच.डी. कुमारस्वामी 03

विद्युत शिविर में 15 उपभोक्ताओं ने लिया ओटीएस योजना का लाभ 10

## आकाश में आज एक सीध में होंगे पृथ्वी, बृहस्पति और सूर्य

एजेंसी

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए शनिवार, 10 जनवरी 2026 का दिन बेहद खास होने जा रहा है।

इस दिन एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना होने जा रही है, जिसमें परिक्रमा करते हुए सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति (जुपिटर), हमारा ग्रह पृथ्वी और सूर्य तीनों एक सरल रेखा (सीध) में आ रहे हैं, जिससे बृहस्पति हमसे नजदीक होने के कारण सबसे तेज चमक के साथ अपेक्षाकृत बड़ा दिखने जा रहा है। मध्य प्रदेश की नेशनल




अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार दोपहर 2 बजकर 4 मिनट पर जुपिटर, पृथ्वी और सूर्य एक सीध में होंगे। इस समय जुपिटर की पृथ्वी से दूरी लगभग 63 करोड़ 30 लाख 76 हजार किमी (सबसे कम) होगी। दूरी कम होने के कारण गुरुदर्शन का यह सबसे अच्छा अवसर होगा।

## नेशनल वॉलीबॉल में यूपी की बेटियों का कमाल, क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**डॉ. संपूर्णानंदस्टेडियम में 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के पांचवें दिन यूपी की महिला टीम ने अपने जुझारू प्रदर्शन से रच दिया इतिहास**

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी सिगरा स्थित डॉ . संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में जारी 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के पांचवें दिन गुरुवार शाम उत्तर प्रदेश की महिला टीम ने अपने जुझारू प्रदर्शन से इतिहास रच दिया।

क्वार्टर फाइनल क्वालीफाइंग मुकाबले में ओडिशा को हराकर यूपी की बेटियों ने अगले चक्र में प्रवेश कर लिया । वहीं, पुरुष वर्ग में कांटे की टक्कर के बीच रेलवे ने उत्तर प्रदेश का सफर रोक दिया। महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल क्वालीफाइंग में उत्तर प्रदेश और ओडिशा के बीच हर अंक के लिए संघर्ष हुआ।

यूपी की जीत की मुख्य सूत्रधार सेटर आर्या रहीं, जिन्होंने अपनी उंगलियों के जादू से शानदार बॉल सेट किए। उनकी सटीक सेटिंग का पूरा फायदा काजल और प्रियंका जैसी अटैकर्स ने उठाया और ओडिशा के पाले में धुआंधार स्मैश की बौछार कर दी। डिफेंस में लिब्रो जान्सी ने अविश्वसनीय कलेक्शन दिखाए, जबकि नेट पर मीना और नीलू ने अपनी ब्लॉकिंग से प्रतिद्वंद्वी के हमलों को नाकाम कर दिया। ओडिशा की हार का मुख्य कारण उनका कमजोर बॉल पास और अंत में बिखरा हुआ तालमेल रहा। यूपी ने यह मुकाबला 3-1 (25-23, 27-25, 23-25, 25-23) से अपने नाम किया।

वही, पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल क्वालीफाइंग में रेलवे ने उत्तर प्रदेश को 3-2 से शिकस्त दी। यूपी की ओर से रजनीश सिंह और शहीद आलम के पावरफुल शॉट्स और यूनिवर्सल सूर्यांश के ऑलराउंड प्रदर्शन ने रेलवे को मुश्किल में डाले रखा, लेकिन अंत में रेलवे के अनुभव ने बाजी मार ली। रेलवे के अटैकर रोहित, शाहिद व तनिष्क और ब्लॉकर संजय मलिक व शुभम के सामने यूपी का डिफेंस टिक नहीं सका। यूनिवर्सल रोहित के ऑलराउंड प्रदर्शन ने रेलवे की जीत सुनिश्चित की।

### लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक औसत वाले बल्लेबाज बने गायकवाड़



**जयपुर।** महाराष्ट्र के कप्तान और स्टार बल्लेबाज़ रुतुराज गायकवाड़ ने लिस्ट-ए क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। गायकवाड़ अब लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक औसत वाले बल्लेबाज़ बन गए हैं। उनका औसत 58.83 हो गया है, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज़ माइकल बेवन (57.86) को पीछे छोड़ दिया। यह उपलब्धि उन्होंने विजय हज़ारे ट्रॉफी में गोवा के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान हासिल की। गुरुवार को जयपुर में खेले गए इस मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने 131 गेंदों पर नाबाद 134 रन की शानदार पारी खेली। इस पारी में उन्होंने आठ चौके और छह छक्के लगाए। गायकवाड़ अब तक लिस्ट-ए क्रिकेट में 5,060 रन बना चुके हैं और उनका स्ट्राइक रेट 102.20 का है, जो उनकी आक्रामक और निरंतर बल्लेबाज़ी को दर्शाता है। इस मुकाबले में गायकवाड़ ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज़ 20 शतक और 5,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज़ बन गए हैं। उन्होंने यह कारनामा महज 99 पारियों में कर दिखाया।

**ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज माइकल बेवन (57.86) को छोड़ा पीछे**

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,39,460/ |
| 22 कैरेट | = | 1,27,850/ |
| 18 कैरेट | = | 1,04,630/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 2,59,000/ |



# असीमित संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बना यूपी : योगी

**सीएम ने रक्षा मंत्री संग किया अशोक लेलैंड कंपनी के नवीन इलेक्ट्रिक व्हीकल विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को अशोक लेलैंड कंपनी के इलेक्ट्रिक व्हीकल ईवी विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने फैक्ट्री का निरीक्षण किया और सिंदूर-रुद्राक्ष के पौधे भी रोपे। सीएम योगी ने निवेश के लिए हिंदुजा परिवार को शुभकामनाएं दीं और यूपी सरकार पर विश्वास के लिए आभार जताया। यूपी के लिए यह निवेश अत्यंत महत्वपूर्ण है।

2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी, निवेशक पलायन कर रहे थे परंतु 2017 में सरकार में आने पर हमने कहा कि अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश है। राजनैतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोगों ने इसे बदनाम किया, लेकिन यूपी अब अनलिमिटेड पोटेंशियल यानी संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है। आठ-साढ़े आठ साल में हुआ परिवर्तन इसका उदाहरण है। इस इकाई की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता अभी 2500 यूनिट प्रति वर्ष है। इसे चरणबद्ध ढंग से 5000 यूनिट प्रतिवर्ष तक बढ़ाना है। यह परियोजना यूपी के औद्योगिक विकास व पर्यावरण संरक्षण के प्रति पीएम की प्रतिबद्धता और हम सभी के दृढ़ विश्वास का प्रतीक भी है। जब दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग व ग्लोबल कूलिंग से त्रस्त है। तमाम आपदाएं चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। उन स्थितियों में हम सब भी अपने आप को तैयार कर सकें, यह इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट इस दिशा में किए जाने वाला प्रयास का एक हिस्सा है।

**यूपी आज बना उत्सव का प्रदेश**

आज यूपी के सभी 75 जनपदों में निवेश हो रहा है। सीएम ने बेहतर कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए बताया कि देश के एक्सप्रेस-वे का 55 फीसदी एक्सप्रेस-वे यूपी के पास है। देश में सर्वाधिक शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों व मेट्रो का संचालन यूपी में हो रहा है। देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क यूपी के पास है। देश में बन रहे दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर यूपी से होकर जा रहे हैं। इन पर यूपी का लॉजिस्टिक टर्मिनल व लॉजिस्टिक एंड ट्रांसपोर्ट हब को भी विकसित करने का कार्य हो रहा है। देश में पहली रैपिड रेल व वाटर वे का संचालन भी यूपी में हो चुका है। 2017 के पहले यूपी पहचान का मोहताज और उपद्रव से ग्रसित था, लेकिन आज यूपी उत्सव का प्रदेश है।

**यूपी में बनेगा गोला-बारूद व लड़ाकू जहाजों से जुड़ा सामान**

देश की सेनाओं के लिए हथियार, गोला-बारूद और लड़ाकू जहाजों से जुड़ा सामान, अब उत्तर प्रदेश में बनेगा। लखनऊ में तो ब्रह्महोस की फैक्ट्री भी लगी है, जहां ब्रह्मोस मिसाइल बनाई जा रही है। अब ये मिसाइल बाहर से बनकर नहीं आती, हमारे अपने देश में, हमारे अपने उत्तर प्रदेश में बनती है। भारत का रक्षा क्षेत्र, अब पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होने की ओर बढ़ रहा है। भारत अब कमजोर नहीं है, हम अपने हथियार खुद बना रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सरकार ने डिफेंस कॉरिडोर बनाया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 में हम लोग भारत में सिर्फ 46,000 करोड़ रुपये के हथियार और साजो-सामान बना पाते थे। आज वहीं बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हो चुका है। 2014 के समय भारत का जो रक्षा निर्यात है, वह बहुत कम हुआ करता था। हम 1,000 करोड़ रुपये से भी कम के हथियार और साजो-सामान, दुनिया को बेच पाते थे, लेकिन आज वही बढ़कर रिकार्ड 24,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

**2014 में हम लोग भारत में सिर्फ 46,000 करोड़ के हथियार व साजो-सामान बना पाते थे जबकि आज वहीं बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक हुआ**

## ईडी की छापेमारी के खिलाफ टीमएमसी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**जब्त किए गए दस्तावेजों व इलेक्ट्रॉनिक डाटा के दुरूपयोग पर रोक की मांग**

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राजनीतिक परामर्श संस्था इंडिया पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के कार्यालय और उसके सह-संस्थापक प्रतीक जैन के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है।

सत्तारूढ़ दल ने अदालत से अनुरोध किया है कि तलाशी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डाटा के दुरुपयोग और प्रसार पर रोक लगाई जाए। याचिका में तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जांच एजेंसी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उपयोग से जुड़े संवेदनशील और गोपनीय राजनीतिक डाटा को जब्त किया है। पार्टी का कहना है कि यह कार्रवाई मनमानी, दुर्भावनापूर्ण और अधिकारों के दुरुपयोग का उदाहरण है। याचिका के अनुसार, 8 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 की धारा 17 के तहत तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गई थी। वहीं, ईडी का दावा है कि यह कार्रवाई कथित कई करोड़ के कोयला चोरी घोटाले की जांच का हिस्सा है। तृणमूल कांग्रेस ने अदालत को बताया कि जब्त किए गए दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डाटा में चुनावी अभियान की रणनीति, आंतरिक आकलन, शोध से जुड़ी सामग्री, संगठनात्मक समन्वय और मतदाता सूची से संबंधित जानकारियां शामिल हैं।

**यह जब्ती निजता के अधिकार का उल्लंघन**

तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि इस तरह की लक्षित जब्ती संविधान के तहत निजता के अधिकार और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी के अधिकार का उल्लंघन है। याचिका में यह भी कहा गया है कि यदि जब्त डाटा के दुरुपयोग और प्रसार पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो इससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को गंभीर और अपूरणीय क्षति पहुंचेगी तथा संवैधानिक लोकतंत्र कमजोर होगा। इसी आधार पर पार्टी ने उच्च न्यायालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### संक्षिप्त समाचार

**महिला हॉकी इंडिया लीग का फाइनल आज रांची में**

**रांची।** दो सप्ताह तक चले रोमांचक मुकाबलों और 12 मैचों में कुल 37 गोल देखने के बाद महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025-26 अपने चरम पर पहुंच गई है। शनिवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले फाइनल में एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स खिताब के लिए आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की विजेता टीम को ?1.5 करोड़ की इनामी राशि दी जाएगी, जबकि उपविजेता को 1 करोड़ रुपये मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रही रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा टूर्नामेंट की हीरो प्लेयर को 20 लाख, जबकि बेस्ट गोलकीपर, उभरती खिलाड़ी और टॉप स्कोरर को 5-5 लाख की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

**पूर्व विधायक जगरनाथ का लंबी बीमारी के बाद निधन**

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में केराकत कोतवाली थाना अंतर्गत पराऊगंज क्षेत्र से पूर्व केराकत विधायक जगरनाथ चौधरी का शुक्रवार को लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने 1993 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर केराकत विधानसभा की सुरक्षित सीट से चुनाव जीता था। जगरनाथ चौधरी का राजनीतिक सफर एक साइकिल पंचर की दुकान से शुरू होकर विधानसभा तक पहुंचा था। बहुजन समाज पार्टी ने उन्हें टिकट दिया और जनता के आशीर्वाद से वे विधायक चुने गए।

**राजकोट में छह घंटे में 11 बार भूकंप के झटके**

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले में आज सुबह से लगातार भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में डर का माहौल बन गया। जेठपुर, धोराजी, उपलेटा, गोंडल और आसपास के इलाकों में एक के बाद एक कुल 11 झटके आने के कारण कई स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। हालांकि कहीं से भी किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नही है। इंस्टीट्यूट ऑफ सीस्मोलॉजिकल शुक्रवार सुबह से अब तक इस इलाके में कुल 11 बार भूकंप के झटके दर्ज किए गए। सबसे तेज झटका सुबह 6.19 बजे आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.8 मापी गई। करीब एक घंटे तक लगातार हल्के झटके महसूस होते रहे।

**लालू व अन्य के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों के खिलाफकथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में आरोप तय करने का शुक्रवार को आदेश दिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि यादव ने रेल मंत्रालय को अपनी निजी जागीर के रूप में इस्तेमाल किया व सहयोगियों की मिलीभगत से जमीन हासिल की। अदालत ने 41 लोगों के खिलाफ आरोप तय किये व रेलवे अधिकारियों समेत 52 लोगों को बरी कर दिया।

### बजट सत्र 28 जनवरी से राष्ट्रपति ने दी अनुमति

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरु होगा। राष्ट्रपति ने केन्द्र सरकार की अनुशंसा पर संसद के दोनों सदनों को बुलाए जाने को अनुमति प्रदान की है। केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र 2026 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 28 जनवरी को शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा, और संसद 9 मार्च को फिर से बैठेगी। उन्होंने कहा कि सार्थक बहस और जन-केंद्रित शा यूपीसन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। परंपरा के अनुसार हर वर्ष इन्ही तारीखों पर बजट सत्र आहुत किया जाता है।

## पूर्व आईपीएस अभिताभ ठाकुर को जिला अदालत से मिली जमानत

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी चौक थाने में दर्ज एक मामले में आजाद सेना के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को शुक्रवार को जिला अदालत से जमानत मिल गयी।

जिला जज संजीव शुक्ला ने पूर्व आईपीएस को 50-50 हजार रुपये की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज यादव ने दलील दी। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और उनकी पत्नी नूतन ठाकुर के खिलाफ वाराणसी के चौक थाने में हिन्दू युवा वाहिनी के मंडल अध्यक्ष व वीडीए के मानद सदस्य अंबरीष सिंह भोला ने नौ दिसंबर को मुकदमा दर्ज कराया था। उन पर आरोप है कि 30 नवंबर को अमिताभ ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें बहुचर्चित कफ सीरप मामले में बिना किसी साक्ष्य के उन पर (अंबरीष पर) संलिप्तता का आरोप लगाया था। आरोप है कि इस वीडियो में भ्रामक और गलत तथ्यों का प्रचार किया गया।



### हिमाचल के हरिपुरधार में निजी बस दुर्घटनाग्रस्त, आठ की मौत, पांच घायल

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के पाच्छाद उपमंडल अंतर्गत हरिपुरधार में आज दोपहर एक निजी बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। बस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह निजी बस शिमला से राजगढ़ होते हुए कुपवी जा रही थी। इसी दौरान हरिपुरधार के समीप अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल यात्रियों को नाहन मेडिकल कॉलेज और ददाहु अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रबंध किए गए हैं।

## नई पहल : एसआईआर से जुडी हर जानकारी के लिए बुक अ कॉल विद बीएलओ सुविधा शुरु

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य निर्वाचन आयोग मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए चल रहे अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा के माध्यम से कोई भी मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी से सीधे बात करने के लिए फोन कॉल बुक कर सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को बताया कि यह सेवा मतदाता सूची व विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता प्राप्त करने के लिए उपयोगी है। सभी मतदाता विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी के लिए बुक-ए-कॉल विद बीएलओ सुविधा के माध्यम से अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक करें।

**यह है पूरी प्रक्रिया**

भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in तथा ECINET ऐप पर अपने मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉग-इन करें, यदि आपका नम्बर पोर्टल पर रजिस्टर नहीं है, तो पहले साइन अप करें। इसके बाद मोबाइल नम्बर, ओटीपी एवं अपना नाम भरकर रजिस्टर करें। रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर, ओटीपी भरकर लॉग-इन करके बुक-ए-कॉल विद बीएलओ ऑप्शन पर जाएं, जिसमें एपिक नम्बर, रिफरेन्स नम्बर व अन्य का ऑप्शन दिखेगा। इसी एपिकनम्बर व रिफरेन्स नम्बर भरकर सर्च करने पर आपका नाम, मतदेय स्थल का नाम तथा मतदाता के क्षेत्र से सम्बन्धित बीएलओ के नाम आदि की जानकारी मिल जायेगी। इतना ही नहीं मोबाइल नम्बर एवं ओटीपी भरकर रिक्वेस्ट कॉल बैक ऑप्शन पर मतदाता के बीएलओ के साथ कॉल बुक हो जायेगी। 48 घंटे के अंदर बीएलओ आपसे फोन पर सम्पर्क करेंगे। यदि एपिक नंबर उपलब्ध नहीं है, तो अपने राज्य, जनपद, विधानसभा क्षेत्र एंव बूथ की जानकारी भरकर इस सुविधा का लाभ लिया जा सकता है।

## कोडीन कफ सिरप मामला : शुभम के करीबी प्रशांत के घर पुलिस का छापा

**छापेमारी के दौरान कई अहम् दस्तावेज मिले पुलिस ने किया जब्त**

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** कोडीन कफ सिरप कांड के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के करीबी और राधिका इंटरप्राइजेज और राजेंद्र ड्रैग एजेंसी के मालिक प्रशांत उपाध्याय के घर वाराणसी पुलिस ने छापेमारी की। देर रत मंडुआडीह थाना क्षेत्र के मड़ौली स्थित प्रशांत के घर पर एसीपी क्राइम के नेतृत्व में रामनगर, आदमपुर और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की और कई अहम दस्तावेज वहां से जब्त कर अपने साथ ले गई।

वाराणसी की कोतवाली, आदमपुर और रामनगर पुलिस ने बीती रात एसीपी विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोडीन कफसिरप कांड में कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 235-2025 के अंतर्गत आरोपी प्रशांत उपाध्याय के घर पहुंची। एसीपी ने बताया मुकदमे के संबंध में हमने प्रशांत के मकान पर छापेमारी की है और कई अहम् दस्तावेज मिले हैं। जिन्हें हमने जब्त किया है। इसकी जांच की जाएगी। छापेमारी के दौरान प्रशांत घर पर नहीं मिला। पुलिस सूत्रों के अनुसार मौके से पुलिस ने कई फर्जी दस्तावेज, कोडीन कफसिरप के रैपर, शीशियां और पेन ड्राइव और लैपटॉप को जब्त किया है।

**रिकॉर्ड** | **वर्ष 2025 में 9.2 अरब डॉलर की चांदी खरीदी गई, जो साल 2024 की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक**

# खूब हो रहा सोने-चांदी का आयात, जमकर हो रही तस्करी भी

आर.बी.सिंह

**लखनऊ।** देश में सोने-चांदी की मांग बढ़ने से दोनों ही धातुओं की कीमतें लगातार रिकॉर्ड बना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में सोने और चांदी की खरीदी का भी रिकॉर्ड बन रहा है। नतीजा दोनों कीमती धातुओं के आयात के साथ सोने-चांदी की तस्करी भी खूब हो रही है। अब तक की अनेक जगहों पर छापेमारी में इसका खुलासा भी हो रहा है।

रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2025 में 9.2 अरब डॉलर की चांदी खरीदी गई, जो साल 2024 की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है। आने वाले समय में चांदी की कीमतों में और भी वृद्धि होने के संकेत हैं, क्योंकि इसका उपयोग अब उद्योग जगत में भी तेजी से बढ़ रहा है, खासकर इलेक्ट्रॉनिक, सौर ऊर्जा, मेडिकल टेक्नोलॉजी और टीवी के लिए इसकी मांग 15 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे यह तय है कि साल के अंत तक चांदी 3 लाख रुपए प्रति किलो से ऊपर चली जाएगी।

वहीं दूसरी तरफ सोने की भी कीमत में रोजाना जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। जिसकी वजह से सोने की तस्करी भी बढ़ गई है। समय-समय पर सोने की बड़ी खेप पकड़ा जाना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।



**आने वाले समय में चांदी की कीमतों में और भी वृद्धि होने के संकेत, क्योंकि इसका उपयोग अब उद्योग जगत में भी तेजी से बढ़ रहा, साल के अंत तक चांदी होगी तीन लाख रुपए प्रति किलो**

**अंतरराष्ट्रीय गोल्ड स्मगलिंग सिंडिकेट का भंडाफोड**

राजस्व खुफिया निदेशालय डीआरए का दिल्ली और अगरतला में छापेमारी कर एक अंतरराष्ट्रीय गोल्ड स्मगलिंग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। जिसमें डीआरए को मिली खास खुफिया जानकारी के आधार पर सिंडिकेट के एक आम सदस्य को घरेलू लॉजिस्टिक्स वेयरहाउस से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अगरतला (त्रिपुरा) से भेजे गए दो कंसाइनमेंट की डिलीवरी लेने पहुंचा था। जांच के दौरान इन कंसाइनमेंट से 15 किलो विदेशी सोना बरामद हुआ है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय रिफाइनरी के निशान हैं। इस सोने की कीमत करीब 20.73 करोड रुपए बताई गई है। इसके साथ ही दिल्ली और अगरतला में कई ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान भी चलाया गया। इस तलाशी अभियान व छापे में अतिरिक्त 14.2 किलो विदेशी सोना और करीब 2.90 करोड रूपए नकद भारतीय और बांग्लादेशी मुद्रा के रूप में बरामद हुए हैं। इस तरह कुल मिलाकर 29.2 किलो सोना जिसकी कीमत करीब 40 करोड रुपए और 2.90 करोड रुपए नकल कस्टम एक्ट के तहत जप्त किए गए। मामले में अब तक तस्करी सिंडिकेट से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

# सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

- यातायात नियमों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया विशेष अभियान
- अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहनों में अवैध रूप से लगे हूटर, ब्लैक फिल्म व प्रेशर हॉर्न के प्रयोग पर प्रभावी रोक लगाना रहा



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय एवं सीओ ट्रैफिक गोण्डा के निर्देशन में टी.आई. गोण्डा की उपस्थिति में गोण्डा-फैजाबाद रोड स्थित दर्जीकुआं चौराहे पर संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहनों में अवैध रूप से लगे हूटर, ब्लैक फिल्म तथा प्रेशर हॉर्न के प्रयोग पर प्रभावी रोक लगाना तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था।

अभियान के दौरान गोण्डा-फैजाबाद मार्ग से गुजरने वाले विभिन्न प्रकार के वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के समय जिन वाहनों में हूटर, ब्लैक फिल्म अथवा प्रेशर हॉर्न का अवैध रूप से प्रयोग पाया गया, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस क्रम में कुल 17 वाहनों पर यूकेएटी अभियोग के अंतर्गत चालान की कार्यवाही की गई। संबंधित वाहन चालकों को नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त हिदायत दी गई तथा भविष्य में ऐसे कृत्य दोहराने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों को बताया गया कि हूटर, ब्लैक फिल्म और प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। अनावश्यक तेज आवाज वाले हॉर्न से आमजन, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और रोगियों को परेशानी होती है। वहीं ब्लैक फिल्म के कारण वाहन के अंदर की गतिविधियां स्पष्ट नहीं दिखतीं, जिससे सुरक्षा संबंधी जोखिम उत्पन्न होते हैं।

अभियान के दौरान सभी वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नल का सम्मान करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करे।

प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया कि इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, जबकि नियमों का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। जनपदवासियों से अपील की गई कि वे स्वयं भी जागरूक रहें और दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सभी की यात्रा सुरक्षित एवं सुगम हो सके।

# संघ शताब्दी वर्ष के तहत विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित संघ शताब्दी वर्ष की गतिविधियों के अंतर्गत समाज में सकारात्मक परिवर्तन के उद्देश्य से पंच परिवर्तन–सामाजिक, पारिवारिक एवं नागरिक उत्थान–को केंद्र में रखते हुए एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, मालवीय नगर बस्ती में भव्य रूप से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय गौ सेवा सह संयोजक नवल किशोर रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य जितेंद्र छोटे बाबा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज में संस्कार, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। अतिथियों का परिचय सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्रधानाचार्य उमाशंकर तिवारी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को दिशा देने एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या पुष्पा मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों, आयोजकों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## ज्वैलर्स की दुकान में सेंध लगा रहा चोर पुलिस के हवाले

झझरी /गोंडा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पड़री कृपाल ग्राम में बृहस्पतिवार की बीती रात्रि में एक ज्वैलर्स की दुकान में दो चोर दीवाल काट रहे थे। खटपट की आवाज से दुकान मालिक जग गया। शोर करने पर आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए और एक चोर को दौड़ा कर पकड़ लिया। पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरा चोर भाग निकला।जिस की पुलिस तलाश कर रही है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बदवलिया मौजा कंधरा तेजी निवासी गंगा राम सोनी ने बताया कि ज्वैलर्स और कपड़ा की दुकान पड़री कृपाल ग्राम में नगर पुलिया के पास करता है । बीती रात्रि में दुकान के अंदर सोया था। रात्रि करीब एक बजकर 30 मिनट पर दुकान के बाहर खटपट की आवाज आ रही थी। इस पर चुप चाप दीवाल के पास गया तो देखा कि दो लोग उस की दीवाल को काट रहे थे। जिस की सूचना उस ने दुकान के अंदर सोए अपने भाई शेष राम और पुत्र गोलू को दिया। जिस पर दोनों ने गांव के लोग को बुला कर इकट्ठा कर लिया। शोर की आवाज सुन कर दोनों चोर भागने लगे।जिस में एक चोर उम्मीद खान पुत्र बाबू खान गेहूं के खेत में लगे तार में फंस कर गिर गया।जिस को पकड़ लिया गया। इस की जानकारी 112 नंबर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले के दिया गया। चोर उम्मीद खान ने अपना पता कंजा दास पुरवा अशोक नगर प्रेम धाम आश्रम थाना इज्जत नगर जिला बरेला बताया। उस ने बताया कि गोंडा के इटिया थोक निवासी एक युवक ने उस को बुलाया था। वह भी चोरी करता है।उसी के कहने पर वह गोंडा चोरी करने आया था। गंगा राम सोनी ने इस की तहरीर कोतवाली देहात में दिया है। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोर उम्मीद खान के खिलाफ और एक अज्ञात के खिलाफ में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। काटीले तार में फंसने की वजह से चोर उम्मीद खान घायल हो गया था।जिस का इलाज मेडिकल कालेज में कराया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### विशनपुर बैरिया, सालपुर में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक



गोण्डा, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश शासन के अनुक्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 एंटी रोमियों द्वारा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं/ महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में कोतवाली देहात की एंटी रोमियों टीम द्वारा लगातार प्रेरित कर जागरूक किया जा रहा है।मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक प्रचार/प्रसार हेतु प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम विशनपुर बैरिया,सालपुर में महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान 5.0 नारी सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत बचाव व कानूनी जानकारियां बताई गई।हेल्पलाइन नम्बर्स 112 आपातकालीन सहायता,1090 महिला हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन/सहायता/घरेलू हिंसा,1930 साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। एंटी रोमियो, मिशन शक्ति टीम में संत शरण यादव मिशन शक्ति प्रभारी हेड कांस्टेबल हरिद्वार प्रसाद गोंड,महिला कांस्टेबल किरण भारती,महिला कांस्टेबल साधना देवी, महिला कांस्टेबल नीलम यादव, अर्चना रावत रहीं।

### विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी बने नगर कोतवाल

गोंडा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने नगर कोतवाली की कमान विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी को शौपा है। नगर कोतवाल रहे विवेक त्रिवेदी को हटा कर कटरा का प्रभारी बनाया है । कटरा बाजार के प्रभारी रहे राजेश कुमार सिंह को धाने पुर थाना का प्रभारी बनाया है। अरविंद कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक मनका पुर निर्भय नारायण सिंह को अपराध शाखा राधेश्याम यादव को कौड़ियां थाना का अतिरिक्त प्रभारी बनाया है। नगर कोतवाली के बड़गांव चौकी प्रभारी रहे विपुल पांडेय को हटा कर वजीर गंज थाना अध्यक्ष बनाया है।

### रोमांचक मुकाबले में बहराइच ग्लेडिएटर सात रनों से विजयी



- आर्यन क्षितिज को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

बहराइच, समृद्धि न्यूज। स्व. कुशमेंद्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमर टाइप प्रीमियर लीग में आज का मुकाबला बहराइच ग्लेडिएटर एवं बहराइच हंटर्स के बीच खेला गया। बहराइच ग्लेडिएटर के कप्तान दिव्यांश सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लेडिएटर के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए । ग्लेडिएटर की तरफ से आर्यन क्षितिज ने 38 गेंदों में ताबड़तोड़ 68 रन व, वैभव सूरज ने 44 रनों की बेहतरीन पारियां खेली। हंटर्स की तरफ से कृष्णा सिंह एवं करन देव ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच हंटर्स की तरफ से तुषार सोनी ने 56 गेंदों में नाबाद 86 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अन्य किसी बल्लेबाज का कोई साथ नहीं मिलने से पूरी टीम निर्धारित ओवरों मे 6 विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई। और बहराइच ग्लेडिएटर ने 7 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत आर्यन क्षितिज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। तुषार सोनी को बेस्ट स्ट्राइकर व करन देव को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे ।आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया इस दौरान इफ्तिखार अली, सुनील राय, रामानंद सिंह, देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह,सोनू हैदर, आशुतोष कैराती,सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### बहरैची प्रसाद गुप्ता बने उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष



सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की संगठनात्मक मजबूती के क्रम में सादुल्लानगर निवासी बहरैची प्रसाद गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन जिला अध्यक्ष रमेश पहवा द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष रमेश पहवा ने बताया कि बहरैची प्रसाद गुप्ता लंबे समय से व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, अनुभव व कार्यक्षमता सराहनीय रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व व सक्रिय भूमिका से उद्योग व्यापार मंडल को नई दिशा मिलेगी तथा संगठन और अधिक सशक्त होगा। मनोनयन की जानकारी मिलते ही व्यापारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। स्थानीय व्यापारियों व संगठन पदाधिकारियों ने बहरैची प्रसाद गुप्ता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर कई व्यापारियों ने कहा कि उनका अनुभव व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में सहायक सिद्ध होगा और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। बहरैची प्रसाद गुप्ता ने मनोनयन पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करेंगे तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इनके मनोनयन पर रमेश चंद्र तिवारी, दीपचंद जायसवाल, राधेश्याम गुप्ता, बिष्णु प्रताप गुप्ता, राम लौटन गुप्ता, राम बहोर वर्मा, जगप्रसाद गुप्ता, नीलेश गुप्ता, भल्लू सोनी, बिजय गुप्ता, सरयू प्रसाद, कल्लू, राजू आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## नील गाय से टकरा कर अधेड़ की मौत

झझरी /गोंडा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बसंत पुर निहारी विशुन पुर बैरिया निवासी 55 वर्षीय राम अलख वर्मा बाइक से गोंडा आया था। गुरुवार की देर शाम को बाइक से ही घर लौट रहा था। बसंत पुर चौराहे के पास ही बाइक के समाने अचानक नील गाय आ गई जिस से टकरा गया। इलाज के लिए उस को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। मृतक तीन भाई थे। जिस में सब राम वचन इस के बाद सब से छोटा चिंता राम है।मृतक अलख राम सीमेंट सरिया की दुकान बसंत पुर चौराहे पर करता था। मृतक के भाई राम वचन ने बताया कि उस का बड़ा भाई अलख राम था। उन के कोई औलाद नहीं है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

# साइबर सेल टीम ने फ्रॉड हुई रकम पीड़ित को कराया वापस

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



आवेदक अभय प्रताप सिंह निवासी मधुआपुर थाना वजीरगंज, गोण्डा द्वारा ऑनलाइन आईफोन बुक करने के नाम पर रू0 86,888/- फ्रॉड होने की शिकायत साइबर सेल में दर्ज करायी गयी थी। जिस पर साइबर सेल टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक/इंटीमेडी से संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ित के रु0 86,888/- की धनराशि वापस करायी गयी। पीड़ित द्वारा अपने रुपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए साईबर सेल टीम व गोण्डा पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

नोट- साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये, सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधियों द्वारा धन निकाल लिया जाता है।

धन निकलने के उपरान्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है। लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ0टी0पी0, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें ।

फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ।

### साइबर सुरक्षा टिप्स

ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें, किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें, अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें, ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें, पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें, ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें, साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें, ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें

# निर्माणाधीन साइबर थाना का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

- 361.68 लाख की धनराशि से पुलिस लाइन में बन रहा है साइबर थाना



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ पुलिस लाईन परिसर में रू. 361.68 लाख की धनराशि से निर्माणाधीन साईबर थाना का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई के सहायक अभियन्ता आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि 02 मंजिला प्रशासनिक भवन के साथ-साथ सी.सी. रोड, इण्टरलाकिंग रोड, ड्रेनेज, बाउण्ड्रीवाल, गेट, रेन हार्वेस्टिंग इत्यादि का निर्माण कराया जाना है। सहायक अभियन्ता ने बताया कि परियोजना पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2026 निर्धारित है। उन्होंने बताया कि सब स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो गया है तथा सुपर स्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर है। परियोजना को निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर लिया जायेगा। डीएम ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गति को बनाये रखते हुए पूर्णता तिथि को लक्ष्य न मानते हुए जल्द से जल्द परियोजना को पूर्ण करायें। डीएम ने कार्यदायी संस्था को यह भी निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को पूरा किया जाय।

# ईंट-भट्ठों पर रह रहे श्रमिक परिवार होंगे टीके से आच्छादित

- तीन चरणों में चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान
- 318 भट्ठों पर 2500 से अधिक बच्चे व गर्भवती महिलाएँ होंगी सुरक्षित



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद में ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले प्रवासी और श्रमिक परिवारों के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग विशेष टीकाकरण अभियान शुरू करने जा रहा है। यह अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के लगभग 2500 बच्चों और गर्भवती महिलाओं को लक्षित किया गया है। सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि प्रवासी श्रमिक परिवारों की निरंतर आवाजाही के कारण उनके बच्चे नियमित टीकाकरण सेवाओं से वंचित रह जाते हैं, जिसका असर बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व पर पड़ता है। इसी चुनौती को देखते हुए जनपद के 318 ईंट-भट्ठों की पहचान कर विशेष कार्यक्रम तैयार किया गया है, ताकि कोई बच्चा और कोई गर्भवती महिला सेवाओं से वंचित न रहे।

### इन बीमारियों से मिलेगी सुरक्षा

डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे ने बताया कि टीकाकरण जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस बी. डिप्थीरिया, टिटनेस, मीजल्स, परट्यूटिस (काली खांसी), रूबेला, निमोनिया, वायरल डायरिया, जेई, हेपटाइटिस टाईप बी और रोटावायरस जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। गर्भवती महिलाओं को भी टीडी के दो टीके लगाए जाते हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच चुनौतीपूर्ण

मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने बताया कि ईंट-भट्ठे दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित होने के कारण वहाँ रहने वाले परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच चुनौतीपूर्ण रहती है। इसी कारण प्रशासन ने विशेष रणनीति बनाकर भट्ठों पर ही शिविर लगाने का निर्णय लिया है, ताकि हर पात्र गर्भवती और बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ सके और कोई भी छूट न पाए।

### तीन चरणों में चलेगा अभियान

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि अभियान तीन चरणों में संचालित होगा। पहला चरण 15, 16, 19 और 20 जनवरी, दूसरा चरण 16, 17, 19 और 20 फरवरी, जबकि तीसरा चरण 23, 24, 27 और 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इन तिथियों के दौरान स्वास्थ्य टीमें ईंट-भट्ठों पर जाकर बच्चों को निर्धारित टीके लगाएंगी, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, टीकाकरण और परामर्श प्रदान करेंगी। साथ ही अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व और समय पर अगला टीका लगवाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में आशा, एएनएम और स्थानीय स्वास्थ्यकर्मी अहम भूमिका निभाएंगे।

# टीकाकरण के बाद मासूम की मौत इंजेक्शन लगने के बाद हुआ शांत

- परिजनों ने गलत टीका लगाने का लगाया आरोप



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के पयागपुर क्षेत्र में टीकाकरण के बाद एक तीन माह के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को बुधवार शाम टीका लगाया गया था और गुरुवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बच्चे को गलत टीका लगाया गया, जिसके बाद उन्होंने एएनएम के खिलाफ थाने में तहरीर दी और स्वास्थ्य अधिकारियों से शिकायत की। यह घटना पयागपुर थाना क्षेत्र के रायडीह गांव की है। गांव निवासी तुलसीराम के तीन माह के बेटे बुध सागर को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत एक एएनएम ने टीका लगाया था। बच्चे के चाचा ने बताया कि टीका लगने के बाद बच्चा शांत हो गया था और अगले दिन उसकी मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि बच्चे को गलत टीका लगाया गया था। परिजनों की तहरीर के आधार पर पयागपुर पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि टीकाकरण से बच्चों की मौत नहीं होती है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चे की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## महर्षि बालार्क चिकित्सालय का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण



बहराइच, समृद्धि न्यूज। प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले रणवीर प्रसाद ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंच कर कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा निर्माणाधीन 50 बेडेड क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निरीक्षण कर कार्य के प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यस्थल का निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त श्री प्रसाद ने निर्माणाधीन 60 बेडेड आर्थो वार्ड व नर्सिंग हास्टल का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएन के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किया जाय। निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के उपरान्त प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय के इमरजेन्सी वार्ड, ओ.पी.डी., आईसीयू वार्ड, हिंसक वन्यजीवों के हमलों में घायल व्यक्तियों के उपचार हेतु बनाये गये आइसोलेशन वार्ड व अन्य वार्डो का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा मेडिकल कालेज द्वारा मरीज़ों एवं तीमारदारों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं का जायज़ा लिया। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एमएमएम त्रिपाठी को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाए प्रदान की जायें। श्री प्रसाद ने यह भी निर्देश दिया कि ऐसा मास्टर प्लान तैयार करे कि यह मेडिकल कालेज भविष्य में आदर्श इकाई के रूप में कार्य करते हुए जनपद तथा आस-पास के क्षेत्रों के मरीज़ों को बेहतर से बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान कर सके।

# होमगार्ड प्रकरण की मुख्य राजस्व अधिकारी ने की जांच

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि वृहस्पतिवार 08 जनवरी 2026 को जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्ड्स, बहराइच के पत्र दिनांक 08 जनवरी 2026 के साथ राजाराम शुक्ला होमगार्ड नं01143, रमाकान्त मिश्रा होमगार्ड नं0 1124 एवं राम कुमार तिवारी होमगार्ड नं0 1137 कम्पनी महसी, बहराइच का शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। होमगार्ड द्वारा प्रस्तुत किये गये शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी, महसी आलोक प्रसाद के विरूद्ध अभद्रता एवं जाति सूचक गालियां दिये जाने सम्बन्धी कतिपय आरोपों की जांच के सम्बन्ध में थे। डीएम श्री त्रिपाठी ने आरोपों की गम्भीरता को देखते हुए 08 जनवरी 2026 को ही प्रकरण की जॉच हेतु मुख्य राजस्व अधिकारी, बहराइच को जॉच अधिकारी नामित करते हुए आदेशित किया गया कि प्रार्थना पत्र में उल्लिखित दिव्यांग व्यक्ति, सम्बन्धित कर्मचारियों एवं शिकायतकर्तागण का बयान अंकित कर प्रकरण की गहनतापूर्वक जॉच कर, सुस्पष्ट जॉच आख्या 08 जनवरी 2026 की सायं तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जांच अधिकारी/मुख्य राजस्व अधिकारी, बहराइच द्वारा अपनी जांच आख्या दिनांकित 08 जनवरी 2026 में अवगत कराया गया है कि शिकातयी पत्र में उल्लिखित दिव्यांग व्यक्ति द्वारा बयान दिया गया है कि वह दिनांक 07 जनवरी 2026 को उप जिलाधिकारी, महसी के कार्यालय में अपने बंटवारे के मुकदमें की पैरवी के सिलसिले में उप जिलाधिकारी के कमरे में स्वयं गया था और कुर्सी पर बैठने लगा लेकिन दिव्यांग होने के नाते कुसी पर बैठ नहीं पाया और गिर गया और कुर्सी मेरे ऊपर आ गयी। जिस पर साहब ने पीछे खड़े गार्ड द्वारा कोई सहायता न करने पर गार्ड पर नाराज हुऐ और गार्ड को बाहर कर दिया गया। दिव्यांग ने यह भी बताया कि उप जिलाधिकारी द्वारा गार्डो को अभद्र भाषा, जाति सूचक शब्दों आदि का व्यवहार नहीं किया गया है और न ही गार्डो को जान-माल की धमकी दी गयी है। दिव्यांग व्यक्तित द्वारा अपने बयान में यह भी बताया गया कि दिनांक 08 जनवरी 2026 को घटना के वक्त मौजूद होमगार्ड मेरे घर पर आये और दबाव डाला कि आज अगर कोई पत्रकार पूंछते हैं तो बताना कि मुझे गाली, अभद्र भाषा आदि का प्रयोग किया गया है। जांच अधिकारी/मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा अपनी जांच में पाया है कि जिस दिव्यांग व्यक्ति को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ वह व्यक्ति ही मुख्य साक्षी है तथा उनके द्वारा अपने बयान में होमगार्डों द्वारा उप जिलाधिकारी, महसी पर लगाये गये आरोपों को असत्य एवं निराधार बताया है तथा बयान बदलने हेतु होमगार्डों की ओर से दबाव डालने की बात भी बतायी गयी है। इसके अलावा अन्य गवाहों के बयानों से भी शिकायत की पुष्टि नहीं हुयी है। शिकायतकर्ता होमगार्डों द्वारा मानवीय कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन न करते हुये दिव्यांग व्यक्ति को कुर्सी पर बैठने हेतु सहयोग नहीं किया गया है एवं बाद में झूठी शिकायत प्रस्तुत कर अनुशासन हीनता की गयी है। होमगार्डों द्वारा की गयी शिकायत मनगढ़ंत एवं निराधार है।

### सीआरओ की जांच से नहीं संतुष्ट है होमगार्ड संगठन

होमगार्ड संगठन ने जिलाधिकारी का पीड़ित होमगार्ड जवान सीआरओ की जांच से संतुष्ट नहीं है। निष्पक्ष जांच नहीं किया है। जिलाधिकारी से निवेदन है पांच सदस्य टीम बनाकर हर वर्ग के लोग टीम में जांच करवाएं ।जिससे निष्पक्ष जांच हो सके और न्याय मिल सके। अगर न्याय नहीं मिला तो धरना प्रदर्शन होगा और कार्य बहिष्कार होगा। पूरे उत्तर प्रदेश के होमगार्ड जवान को जनपद के लिए आवाहन किया जाएगा। और धरना प्रदर्शन होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

- एसडीएम ने होमगार्डो को जातिसूचक गाली देने का लगाया था आरोप

# गांव विकसित होने पर ही राष्ट्र विकसित होगा : राकेश सचान

- कार्यक्रम में निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। गांव विकसित होने पर ही राष्ट्र विकसित होगा। रामजी योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को 125 दिनों का गारंटी काम मिलेगा। 2047 तक विकसित भारत बनाने का विजन प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। गांव के विकास से ही देश का विकास संभव है। कांग्रेस पूरे देश में जी रामजी योजना पर भ्रम फैलाने का काम कर रही है। यह बातें यूपीटी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने पत्रकारों से कही।

कैबिनेट मंत्री सचान ने कहा कि मनरेगा में जॉब कार्ड, भुगतान सहित फर्जीवाड़े की शिकायतें लम्बे समय से चली आ रही थीं। भाजपा सरकार ने कैबिनेट में जी रामजी योजना विधेयक पास कराकर ग्रामीणों को रोजगार की गारंटी दी है। मनरेगा में सिर्फ कच्चे कार्य कराए जा रहे थे। जिसका फर्जी पेमेंट के आधार पर बंदरबांट कर लिया जाता था। गांव के विकास से ही जनपद का विकास तथा राष्ट्र का विकास संभव है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को 125 दिनों का काम गारंटी के साथ दिया जाएगा। कृषि के समय ही काम नहीं कराया जाएगा। जी रामजी योजना में एक सप्ताह के भीतर भुगतान कराया जाएगा। एक सप्ताह के बाद भुगतान न होने पर ब्याज लगाकर भुगतान किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने अपने बजट में 1.51 लाख करोड़ रुपये जी रामजी योजना शामिल किया है। इस योजना में 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार व 40 प्रतिशत राज्य सरकार की भूमिका रहेगी। नार्थ ईस्ट के पहाड़ी क्षेत्रों में केन्द्र सरकार 90 प्रतिशत व राज्य सरकार 10 प्रतिशत खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि गांवों में बारात घर सहित अन्य पक्के कार्य कराए जाएंगे। जिसकी निगरानी ब्लाक व जनपद स्तर पर की जाएगी। महात्मा गांधी के राम राज्य के परिकल्पना को भाजपा सरकार पूरा कर रही है। गांव आत्मनिर्भर बनने से लोगों को पलायन बंद होगा। तथा आम लोगों को जी रामजी योजना से लाभ मिलेगा। मनरेगा फर्जीवाड़े के चलते अपने मुख्य उद्देश्य से भटक गया है। कांग्रेस देश की जनता को जी रामजी योजना के प्रति गुमराह कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, गैसड़ी पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, नपाप अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष आंधी प्रसाद निषाद, सुहेदेव भारतीय समाज पार्टी जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह व मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय मौजूद रहे।

# टूरिस्ट-यात्री बसों में किसी भी स्थिति में ज्वलनशील पदार्थ न मिलें: डीएम

**यातायात नियमों के अनुपालन पर जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक संपन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कई निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट किया कि टूरिस्ट एवं यात्री बसों में किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडर अथवा ज्वलनशील पदार्थ नहीं होने चाहिए। सड़कों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए नगर निगम एवं नगर निकायों को यातायात जागरूकता अभियान के तहत प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स लगवाने को कहा। इसके साथ ही चिन्हित किए गए ट्रामा सेंटरों की सूची सभी थानों में सर्कुलेट करने के निर्देश दिए गए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। गन्ना लदी ट्रालियों के पीछे लाल कपड़ा और रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट के पेट्रोल देने वाले पेट्रोल पंपों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा कटरा, रोजा, तिलहर, कांट, अल्लहगंज एवं जलालाबाद मार्गों पर रोड सेफ्टी के तहत सफेद पेंट, साइन बोर्ड, संकेतक एवं ब्रेकर आदि कार्य प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि स्लीपर बसों में केबिन पर्दे नहीं होने चाहिए तथा इसका सख्ती से अनुपालन कराया जाए। दो पहिया वाहनों पर हेलमेट और चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाने के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां रिफ्लेक्टर लगाने की आवश्यकता हो, वहां रिफ्लेक्टर लगवाने के साथ-साथ हो रही सड़क दुर्घटनाओं का मूल्यांकन कर उनके कारणों का निदान किया जाए। उन्होंने कहा कि डिवाइडर और मोड़ों वाले स्थानों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। ज्वाइंट सड़कों पर टेबल टॉप, साइनेज और ब्लिंकर लगवाने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही हाईवे और सड़कों के किनारे वाहनों को खड़ा न होने देने तथा उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह सहित लोक निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# पालिका ने सफाई कर्मियों को वितरित किये जैकेट



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद में चेयरमैन शकील अहमद खां ने शीतकालीन मे ठंड से बचाव के लिए, सफाई कर्मियों सहित विभिन्न कर्मचारियों को जैकेट वितरित कीं। शुक्रवार को 10 महिला कर्मचारियों सहित 45 सफाई कर्मचारियों को जैकेट का वितरण किया गया है। यह पहल नगर की स्वच्छता को बनाए रखने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। अधिशासी अधिकारी एच.एन. उपाध्याय, बस सुपरवाइजर नितिन शर्मा भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। चेयरमैन ने कहा कि कठोर सर्दी के बावजूद सफाई कर्मी बिना रुके नगर को स्वच्छ रखते हैं। उनकी मेहनत को सम्मान देते हुए, जैकेट प्रदान की गई। यह कदम कर्मचारियों के समर्पण को दर्शाता है। शीतलहर के दौरान सफाई कर्मी खुले में काम करते हैं, इसलिए जैकेट वितरण से उनकी कार्यक्षमता बनी रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**शाहजहांपुर।** जहां एक ओर लोग अपने जन्मदिन पर बड़े बड़े होटलों पर पार्टी कर जश्न मनाते हैं और लाखों रुपए खर्च करते हैं। वहीं भाजपा के ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप ने अपना जन्मदिन साधारण तरीके से सादगीपूर्ण मनाकर अच्छा संदेश दिया। उन्होंने पुवायां क्षेत्र के इमलिया व ढकिया में सिद्धार्थ ने जन्मदिन के जरुरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े, स्वेटर, पेंट व शर्ट वितरित किए। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ में लेकर चलना, जरुरतमंद लोगों की मदद करना, हर राजनेता का कर्तव्य व नैतिक धर्म होता है। इस पथ पर चलकर बड़ी खुशियों की अनुभूति होती है। इस अवसर पर सर्वेश शर्मा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, शनी मिश्र मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, विनय तिवारी, आकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### पत्रकार वार्ता आज

**शाहजहांपुर।** जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा बचाओ संग्राम के नाम से एक निर्णायक, व्यापक और लंबा जनआंदोलन शुरू करने का फैसला लिया है। यह आंदोलन मजदूरों के हक, सम्मान और रोजगार की लड़ाई है। उक्त आंदोलन की रूपरेखा, उद्देश्य और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए आज शनिवार को दोपहर 10 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन, टाउनहॉल में एक पत्रकार वार्ता आयोजित होगी। जानकारी फुरकान अहमद कुरैशी उपाध्यक्ष प्रभारी संगठन ज़िला कांग्रेस कमेटी ने दी।

### आज सुबह नौ से शाम पांच बजे तक बिजली रहेगी बाधित

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बिजली सब स्टेशन पर नई मशीन एवं वीसीबी लगाने के कार्य को लेकर 10 जनवरी को नगर की सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ कैलाश यादव ने देते हुए बताया कि यह कार्य उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के मद्देनजर किया जा रहा है। उन्होंने असुविधा के लिए उपभोक्ता से संयम बनाये रखने की अपील की है।

### सगी मामी को लेकर भांजा फुर्र

**कलान-शाहजहांपुर।** कलान थाना क्षेत्र के गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति की पत्नी अपने चार बच्चों में से तीन को घर पर छोड़कर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पीड़ित पति ने अपने ही सगे भांजे पर पत्नी को से ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। घपीड़ित पति के अनुसार, 7 जनवरी की रात उसकी पत्नी अचानक घर से कहीं चली गई। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी को उसका सगा भांजा आशीषनिवासी: ग्राम जीनी, थाना कायमगंज, जिला फर्रुखाबाद अपने साथ ले गया है। घपीड़ित पति ने कलान थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से अपनी पत्नी की जल्द से जल्द बरामदगी और आरोपी भांजे के खिलाफ उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### तीन तलाक मामले में पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने के पर पत्नी को तीन तलाक देते जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी गुलअफशा पुत्री जमील अहमद की चार वर्ष पूर्व ढभौरा निवासी अब्दुल कलीम पुत्र हबीब अहमद के साथ निकाह हुआ था। आरोप है कि दहेज से उसके पति व ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। बुलेट मोटर साइकिल व एक लाख रुपए की की मांग पूरी न होने से उसके पति , सास शाहीन, देवर अजीम, ननद कुलसुम व अलकमा उसके साथ मारपीट व गालियां दी। मायके के लोगों ने कई बार पंचायत की। किंतु ससुराल वालें उसे प्रताड़ित करते रहे। आरोप है कि सोमवार शाम को साढ़े छह बजे को उक्त सभी लोगों ने उसे बहुत मारा पीटा और उसे डेढ़ साल के बेटे अब्दुल करीम समेत धक्के मार कर घर से निकाल दिया था। बकौल गुलफसा उसके पति ने कहा कि मैं अपने होशो हवास में गुलफसा तुम्हें तलाक देता हूं तलाक देता हूं तलाक देता हूं। कहते हुए तीन तलाक दे दिया। जो उसके भाई जुबेर अहमद ने मोबाइल में रिकार्ड भी कर लिया। पीड़िता ने पुलिस को तीन तलाक की रिकॉर्डिंग भी सुनवाई।

### पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी को दबोचा

**पुवायां,शाहजहांपुर।** थाना पुवायां पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान अफरोज खां उर्फ प्याऊ (36) निवासी करनापुर को अवैध तमंचा 315 बोर व एक कारतूस के साथ बसखेड़ा लिंक मार्ग से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### रास्ते से ई-रिक्शा हटाने को लेकर हुई मारपीट

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव समेचीपुर निवासी अमरपाल ने थाना जलालाबाद में दर्ज कराई शिकायत के बारे में शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे बताया की गुरुवार की शाम जब वहां अपने घर जा रहा था तो रास्ते में रोहित ने अपने दरवाजे के सामने ई रिक्शा खड़ा कर दिया क्योंकि आने-जाने के लिए रास्ता सकरा है। इसलिए ई-रिक्शा खड़े होने के कारण दूसरा वहान नहीं निकल पा रहा था तो उसने कहा कि अपना ई रिक्शा हटा लो ताकि वह अपना वहान अपने घर के सामने खड़ा कर सके। इसी बात पर नराज रोहित व रजनीश ने लाठी डंडों से उसकी मां फूलमती को बेरहमी से पीट दिया जिससे उनका एक पैर टूट गया. शोर गुल सुन कर अनिल पुत्र बिजराज जब बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया जिससे उसना सर फट गया मारपीट की घटना से दूसरे पक्ष के बहोरण लाल के भी चोटे आई हैं पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है. वहीं पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेने के बाद घायलों को उपचार एवं मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला के खेत की आलू की फसल नष्ट की, मना करने पर मारपीट

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के अफतियापुर गांव में एक महिला की आलू की फसल ट्रैक्टर से नष्ट कर दी गई। महिला ने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित महिला ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अफतियापुर निवासी श्रीमती चमेली पत्नी शिशुपाल ने गुरुवार दोपहर 1 बजे जलालाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 5 जनवरी को गांव के बृजेश पुत्र जगदीश ने उनके आलू के खेत से अपना ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालकर फसल बर्बाद कर दी। मना करने पर बृजेश ने उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि वह उनकी फसल बर्बाद कर देगा। पीड़ित महिला ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी बृजेश वहां से भाग गया था। महिला ने यह भी बताया कि बृजेश ने उनके मकान के आगे रखी सूखी लकड़ी भी जबरदस्ती अपनी ट्रॉली में डालकर उठा ली। महिला के अनुसार, उसके बेटे दिल्ली में मजदूरी करते हैं और आरोपी पहले भी उसके बेटे के साथ मारपीट कर चुका है, जिसकी शिकायत भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मारपीट में महिला को चोटें आई हैं। उन्होंने पुलिस से प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुवायां,शाहजहांपुर।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है। यह कार्रवाई 09 जनवरी 2026 को की गई।

पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना पुवायां पुलिस को यह सफलता मिली।

पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर 2025 को पीड़िता की मां द्वारा थाना पुवायां में तहरीर दी गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 87/65(1) बीएनएस एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। शुक्रवार को थाना पुवायां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त पुलिस और न्यायालय से बचने के लिए ग्राम मझिगंवा स्थित उदना मोड़ के पास खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके से अभियुक्त को सुबह करीब 10:40 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम सुखवेन्द्र पुत्र रामशरण, निवासी ग्राम गुनहा खमरिया, थाना बंडा, जनपद शाहजहांपुर, उम्र करीब 20 वर्ष बताया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# विहिप, बजरंग दल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में मोहल्ला तारीन टिकली मोहन नर्सिंग होम के सामने स्थित मस्जिद तथा मोहल्ला चार खम्बा चौराहे के निकट स्थित मस्जिद व रेलवे स्टेशन के सामने स्थित मस्जिद में यह ज्ञात हुआ है कि मस्जिद के अन्दर देश व विदेश से आने वाले मुस्लिम धर्म के अनुयायियों की सैकड़ों की संख्या को उक्त मस्जिदों में रुकने हेतु स्थान व सुविधायें उपलब्ध करायी जाती हैं तथा रूकने के बदले में शुल्क भी वसूल किया जाता है। उपरोक्त मस्जिदों की प्रबंध कमेटी ने आज तक अपनी उक्त मस्जिदों का सराय अधिनियम के अनतर्गत रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। प्रशासन द्वारा इस तथ्य की अनदेखी करके विधि के समान पालन करने के दायित्व का निर्वहन नहीं किया गया है यदि उपरोक्त मस्जिदों तथा जनपद में निर्मित ऐसी मस्जिद जिसमें लोगों को ठहरने की सुविधा व आश्रय उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है, को सराय अधिनियम तथा तत्समय अभिभावी सभी सम्बन्धित विधियों के अन्तर्गत लाया जाये तो जनपद में बाहर से आकर रुकने वाले सभी मुस्लिम धर्म के अनुयायी व्यक्तियों की संख्या, जनपद में बाहर से आकर रूकने वाले सभी मुस्लिम धर्म के अनुयायी व्यक्तियों के कार्य, जनपद में बाहर से आकर रुकने वाले सभी मुस्लिम धर्म के अनुयायी व्यक्तियों के अन्य आवश्यक विवरण सहजता से उपलब्ध हो सकेंगे जिससे आपात कालीन परिस्थितियों में व्यवस्था निर्माण तथा अपराधों की रोकथाम के लिए मजबूत तन्त्र विकसित हो सकेगा। जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र में मौजूद ऐसी मस्जिदों जिसमें व्यक्तियों को ठहरने की सुविधा प्रदान की जाती है, को जांच कराके सूची बनवाने तथा ऐसी प्रत्येक मस्जिद को, सराय अधिनियम के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन कराने हेतु आदेश जारी करने की मांग की है।

# कुशवाहा मौर्य बंधुत्व ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कुशवाहा मौर्य बंधुत्व क्लब द्वारा भीषण ठंड में एक सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन किया गया। सुलोचना मौर्य के एवं आयोजक राहुल सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में यह पुनीत कार्य संपन्न हुआ।

शुक्रवार को ब्लॉक बंडा की ग्राम पंचायत मोहिउद्दीनपुर में क्लब की टीम ने सैकड़ों गरीब, जरूरतमंद एवं निर्धन परिवारों को कंबल वितरित किए। कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। सेवा कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शेर सिंह कुशवाहा, डॉ. सुरेश कुशवाहा, नरसिंह कुशवाहा, करण सिंह कुशवाहा, राम रतन कुशवाहा, राम बहादुर कुशवाहा, रघुवीर प्रसाद कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, भगवान सिंह कुशवाहा, ओमकार कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, राम पाल कुशवाहा, वीर सिंह कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, लल्ला सिंह कुशवाहा, विजेंद्र सिंह कुशवाहा समेत आदि का विशेष सहयोग रहा।




### एबीवीपी का कंबल वितरण सेवा कार्यक्रम संपन्न



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा एसएफएस कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के साप्ताहिक आयोजनों की कड़ी में भीषण ठंड में ज़रूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता और सहयोग का संदेश देना था। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आकाश मैसी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज भी युवाओं को समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। एबीवीपी सेवा कार्यों के ज़रिए उनके आदर्शों को समाज तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। जिला संगठन मंत्री संदीप सागर' ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एबीवीपी का यह सेवा कार्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि राष्ट्र सेवा केवल भाषणों से नहीं, सेवा से होती है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, अंशुमान मैसी, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव, जिला संयोजक वैभव सक्सेना, महानगर मीडिया संयोजक भानु प्रताप, महानगर सह मंत्री करन सिंह, अक्षय सक्सेना समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय टीम ने सरकारी अस्पताल का किया निरीक्षण, मिलीं खामियां

**पुवायां, शाहजहांपुर।** राज्य स्तरीय टीम द्वारा सोमवार सुबह करीब 9 बजे सरकारी अस्पताल पुवायां स्थित महिला अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लखनऊ से आए जिला सांख्यिकी अधिकारी ने अपनी टीम के साथ अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में अस्पताल के कुछ बेड पर चादरें नहीं पाई गईं, वहीं साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। टीम ने इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेंद्र पाल, वाडा के अधीक्षक डॉ. बी.के. वर्मा, डॉ. एम.के. सिंह, डॉ. रेणु मीणा, डॉ. शांति, फार्मासिस्ट नजमा बसी मौजूद रहीं। राज्य स्तरीय टीम ने अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाएं सुधारने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# डीसीएम की आपस में भिड़ंत, एक घायल

**खुटार,शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।** गांव सौंफरी के पास शुक्रवार दिन में समय करीब 10 बजे दो डीसीएम की आपसी भिड़ंत हो गई जिसमें टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक डीसीएम अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतर गई। जिसमें डीसीएम पर सवार होकर जा रहा यात्री घायल हो गया। डीसीएम चालक हरवीर सिंह पुत्र श्याम सिंह ने बताया कि वह जनपद बरेली के फरीदपुर तहसील के गांव का निवासी हूं मैं अपनी डीसीएम को गोला से पॉप्स कचरी को उतार कर वापस बरेली की ओर जा रहा था। तभी थाना खुटार के बंडा रोड स्थित गांव सौंफरी के पास बंडा की ओर से आ रही एक दूसरी डीसीएम जिसमें फूलगोभी लदी हुई थी ने गलत साइड में आकर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हमारी डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गई व उसमें बैठा एक यात्री जो की थाना क्षेत्र मैलानी के भरिगवां निवासी गोधन लाल घायल हो गया जिसको 108 एंबुलेंस की सहायता से खुटार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। टक्कर मारने वाला डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। भाई दूसरी डीसीएम चालक जगदीश कुमार के द्वारा बताया गया कि वह जनपद बरेली के थाना क्षेत्र भुता का निवासी है। मेरे द्वारा सहारनपुर से फूल गोभी को भरकर नौगढ़ ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में आटो वाले को बचाने के चक्कर में मेरी डीसीएम दूसरी डीसीएम से अनियंत्रित होकर टकरा गई।



# अंधविश्वास के विरुद्ध विज्ञान विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

छात्र-छात्राओं एवं सामान्य जनमानस में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, वैज्ञानिक ढंग से कार्य-व्यवहार अपनाने, समाज में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बेहतर ढंग से उपयोग को सुनिश्चित कराने, समाज में फैले अंधविश्वासों व कुरीतियों का भंडा फोड, विज्ञान के प्रति जागरूकता, वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने के लिए विज्ञान लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम अनार्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देश के क्रम में जनपद में जिला विज्ञान क्लब द्वारा अंधविश्वास के विरूद्ध विज्ञान विषय पर विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज किया गया। विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम में जिला विज्ञान क्लब के सचिव एवं जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार द्वारा एक-एक सजीव पौध अतिथि वक्ता के रूप में अबुल हसनात प्रोफेसर रसयान विज्ञान जीएफ कालेज, डा. आदर्श पाण्डेय, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष एसएस कालेज का भेंट स्वरूप दिया। विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति समाज में व्याप्त अधविश्वास को दूर कर छात्र-छात्राओं की नवीन वैज्ञानिक शोधों से अवगत कराया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्र-छात्राओं को आधुनिक युग की आवश्यकता के अनुरूप वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने एवं संचविश्वास को दूर कर विज्ञान के प्रति सजग एवं जागरूक हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 20 विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए 17 विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये गये एवं उनमें से सर्वश्रेष्ठ विचार वाले प्रतिभागी प्रेरणा वर्मा, कक्षा-11 डी डा. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मन्दिर इण्टर कालेज को सम्मानित आगन्तुको एवं अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित भी किया गया। का संचालन प्रेम शंकर सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल कुमार, राजन प्रजापति, अरशद अली आदि का सहयोग रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# ग्रुप डी ने 8 विकेट से जीता मैच, चौधरी क्रिकेट एकेडमी में प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**कप्तान अभय दीक्षित रहे मैन ऑफ द मैच**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मारवा सुपर लीग टूर्नामेंट मे ग्रुप सी एवं ग्रुप डी के बीच मुकाबले में ग्रुप डी ने जीत दर्ज की। जिसके बाद एकेडमी द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। नगर के मारवा मॉडर्न स्कूल में क्रिकेट कोच अमित चौधरी द्वारा संचालित चौधरी क्रिकेट एकेडमी में चल रहे मारवा सुपर लीग टूर्नामेंट में वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा, रवि पांडेय, सोनू मिश्रा एवं आदेश दीक्षित को खिलाड़ियों द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को ग्रुप सी एवं ग्रुप डी के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें ग्रुप सी के कप्तान अक्षांश कनौजिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ग्रुप सी की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट खोकर 139 रन बनाए और ग्रुप डी के लिए 140 रनों का लक्ष्य दिया। ग्रुप सी के बल्लेबाज आरुष राय ने 15 रन तथा हसन ने 14 रन तथा मनीष 10 रन बनाए। वही 83 अतिरिक्त रनों की बदौलत 139 रन बनाए। वही ग्रुप डी की टीम के गेंदबाजों में अभय दीक्षित ने अपने 6 ओवरों में 13 रन देकर एक विकेट तथा बाला प्रसाद ने अपने 6 ओवरों में 18 रन देकर एक विकेट तथा फहाद अली ने 4 ओवरों में 27 देकर एक विकेट अपने नाम किया। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रुप डी टीम के बल्लेबाजो ने 23 ओवरों में 140 रनों के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। ग्रुप डी के बल्लेबाजों में कप्तान अभय दीक्षित ने 74 गेंदे खेलकर दो छक्के एवं 13 चौकों की मदद से 84 रन बनाकर नाबाद कप्तानी पारी खेली। निखिल ने 17 रन तथा अगम दीप ने चौबीस गेंदे खेलकर 4 रन बनाते हुए ओपनर बल्लेबाज अभय दीक्षित का भरपूर साथ दिया और मैच जीत तक क्रीज पर डटे रहे। ग्रुप डी के कप्तान अभय दीक्षित ने 84 रन बनाकर तथा एक विकेट लेकर एक बार फिर मैंन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। ग्रुप सी के गेंदबाजों में शिवांग त्रिवेदी ने 4 ओवरों में 30 रन देकर 2 विकेट झटके। वही अक्षांश कनौजिया ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अपने 6 ओवरों में 31 रन देकर एक विकेट लिया। ग्रुप सी और ग्रुप डी के इस मुकाबले में ग्रुप डी ने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बल पर 8 विकेट से मैच जीत लिया। जिसके बाद क्रिकेट कोच एवं एकेडमी संचालक अमित चौधरी द्वारा दोनों टीमों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को यह सम्मान वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा, रवि पांडेय, सोनू मिश्रा, आदेश दीक्षित द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह स्वयं खेल भावना से ओतप्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है। वही रवि पांडेय ने खिलाड़ियों की प्रतिभा के लिए कोच अमित चौधरी श्रेय देते हुए कहा कि बिना गुरु कुछ भी कर पाना संभव नहीं है। और जहां कोच अमित चौधरी जैसे गुरु हो वहां सफलता निश्चित है। जिसके बाद क्रिकेट कोच अमित चौधरी ने सभी मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आठ वर्ष पूर्व एकेडमी की शुरुआत में वरिष्ठ पत्रकार नीरज मिश्रा ने एकेडमी के लिए भरपूर सहयोग किया। उन्होंने कहा कि मीडिया द्वारा ही लोगों को क्रिकेट के प्रति जागरूक किया गया और आज एकेडमी का विस्तार संभव हो सका।



# नो हेलमेट-नो फ्यूल: संयुक्त जांच टीम का पेट्रोल पंपों पर अभियान

**बगैर हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जाएगा**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

डीएम द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के सम्बन्ध में पेट्रोल पम्पों पर औचक निरीक्षण व जांच जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा की गई। जांच टीम में नगर मजिस्ट्रेट, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, यातायात पुलिस बल, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, खाद्य क्षेत्र-द्वितीय तथा पूर्ति निरीक्षक नगर निगम व पटल सहायक सम्मिलित रहे। जांच टीम द्वारा संयुक्त रूप से नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के अन्तर्गत सत्यप्रेम सर्विस स्टेशन, कचहरी, केपी सिंह फिलिंग स्टेशन, ग्राम लधौली, मैसर्स सत्यश्री फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्पों पर जांच की गई। मौके पर नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान का पालन किए जाने के लिए पम्प स्वामियों को निर्देशित किया गया तथा परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों के द्वारा बगैर हेलमेट के वाहन चालकों के चालान भी किए गये। तिलहर में एसडीएम, सीओ एवं पूर्ति निरीक्षक तिलहर द्वारा मैसर्स राधा फिलिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया। अनियमितताएं दृष्टिगोचर हुईं, जिसके सापेक्ष यथोचित कार्यवाही प्रस्तावित की गयी है। इसी प्रकार पुवायाँ में सप्लाई इंसेक्टर महेश कुमार द्वारा ग्राम बण्डा स्थित मैसर्स शेखो फिलिंग स्टेशन, सदर में संजय यादव पूर्ति निरीक्षक द्वारा मोहल्ला सरायंकाईयां स्थित मैसर्स राम नरायण गुप्ता एण्ड सन्स, जलालाबाद में आरएन मौर्य पूर्ति निरीक्षक द्वारा नगर स्थित मैसर्स मोहन फिलिंग स्टेशन, कलान में नायब तहसीलदार कलान एवं नरेन्द्र प्रताप सिंह पूर्ति निरीक्षक कलान द्वारा मैसर्स जय अम्बे फिलिंग स्टेशन मिर्जापुर पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण कर पम्प पर मूलभूत व्यवस्थाएं यथा महिला एवं पुरुष हेतु अलग-अलग शौचालय में साफ-सफाई की व्यवस्था, वाहनों में मुफ्त हवा, आम जनमानस के पीने के लिए शीतल पेयजल, पम्प पर सीसीटीवी कैमरा आदि की जांच की गयी। सभी पेट्रोल पम्प के स्वामियों, मैनेजर एवं सेल्समैन को नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के अन्तर्गत निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जाएगा, जिसके चालक व सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद आगे भी नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान जारी रहेगा, सभी जनपदवासियों से अपील है कि प्रशासन के इस अभियान में अपना सहयोग बनाएं रखें।

## एसडीएम व सीओ ने पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण, बिना हेलमेट के तेल न देने की पंप कर्मियों को दी हिदायत



**तिलहर-शाहजहांपुर।** एसडीएम सदानंद सरोज ने सीओ ज्योति यादव व पूर्ति निरीक्षक मनीष यादव के साथ बिना हेलमेट दुपहिया वाहनों में पेट्रोल डलवाने वालों के खिलाफ अभियान चलते हुए पेट्रोल पंपों का आकस्मिक निरीक्षण किया। शुक्रवार अपरान्ह दो बजे एसडीएम सदानंद सरोज ने सीओ ज्योति यादव व पूर्ति निरीक्षक मनीष यादव के साथ क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों पर अचानक छापा मारते हुए पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने आए 17 दुपहिया चालकों के चालान कराने के साथ हिदायत दी कि पुनरावृत्ति की तो गाड़ी सीज के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस रद्द कराए जाएंगे। एसडीएम श्री सरोज ने पेट्रोल पंप स्वामियों को भी बिना हेलमेट लगाए आने वाले वाहन स्वामियों को तेल न देने के भी सख्त निर्देश दिए। उन्होंने राधा फिलिंग स्टेशन पर उन्होंने हेलमेट लगाए जाने को लेकर बाइक सवारों को जागरूक किया। एसडीएम ने पंप के कर्मचारियों से आग बुझाने वाले सिलेंडर भी चलवा कर भी देखें।

## पुलिस ने बरामद की ट्राला में भरी 39 भैंस, ट्राला सीज, रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** देर रात पुलिस ने हाइवे भैंस भरा ट्राला बूचड़खाना ले जाए जाने के दौरान मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। जिसे सीज किए जाने के साथ ही ट्रक चालक व कारोबारियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पांचों आरोपियों को थाने से जमानत देकर छोड़ दिया गया। गुरुवार देर रात नगरिया मोड चुकी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि एक बड़ा ट्राला भैंस भरकर बरेली बूचड़खाना जा रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी कर बताए गए ट्राला को चौकी के सामने हाइवे पर रोक कर ट्राला पर डाले गए त्रिपाल को हटा कर तलाशी ली। तो ट्राला में पैर व मुंह बांधकर भरी गई भैंस देखते ही पुलिस ने तत्काल बंधन मुक्त कराकर नीचे उतरवाया। साथ

**चालक, हेल्पर व तीन कारोबारी थाने से जमानत पर छोड़े**

ही ट्राला चालक समेत पांच लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले जाया गया। जहां से उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। वहीं सभी 39 भैंसें खरीद फरोख्त के कागजात लेकर तीन व्यापारियों को भैंसे सुपुर्द कर दी गईं। नागरिया मोड चौकी ईचार्ज अनुज चौधरी ने बताया कि गुरुवार देर रात करीब एक बजे चौकी के समीप पकड़े गए ट्राला संख्या यूपी21 डीटी 2909 बरेली मोड़ की ओर से आ रहा था। जिसमे जानवरो को क्रूरता से भरा गया था। सूचना पर चौकी नगरिया मोड़ के सामने बैरियर लगाकर वाहनों की चैक किया गया। इसी दौरान उक्त ट्राला भी आ गया। जिसे रोककर ट्राला की तलाशी ली गई। ट्राला चालक आसिफ पुत्र मो0 रजा तथा अजय यादव पुत्र किशनपाल निवासी अतौरा निवासी ग्राम भैसोड़ा थाना असमोली सम्भल, कारोबारी आसिम पुत्र मोबीन व हारून पुत्र भूरा अरबाज पुत्र नसीम निवासी ग्राम पीपलसाना थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को हिरासत में लिया गया। जो जौनपुर के बदलापुर बाजार से उक्त भैंस लेकर बरेली बूचड़खाना जा रहे थे।

# अटसलिया पुल से गिरा युवक, मौत

**नहीं हुई शिनाख्त, पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची**



**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना रोजा क्षेत्र में अटसलिया पुल से एक युवक नीचे गिर गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को जामा तलाशी में उसकी जेब से 25 रूपये व गुटखा की कुछ पुड़िया मिली है। अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

थाना रोजा प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि शुक्रवार की तड़के सुबह सूचना मिली कि अटसलिया मछली बाजार के पास एक 35 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ हैं। मौके पर जाकर देखा तो मुंह के बल पड़ा हुआ था और उसके मुंह और नाक से खून निकल रहा था। आशंका हैं कि गुरूवार की देर रात नशे की हालत में वह पुल से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। फिलहाल अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# लायंस क्लब शक्ति ने जरूरतमंदों को बांटी खुशियां

**भावलखेड़ा ब्लाक में अर्जुनपुर बरमौला में क्लब ने गर्म कपड़े-कंबल बांटे**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आमतौर पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा शहर एवं उसके आसपास कंबल, गर्म कपड़ो आदि का वितरण किया जा रहा है, लेकिन लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर की ओर से शहर से निकलकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जरुरतमंदों को कंबल बगैरह वितरण किए जाने की मुहिम शुरू की गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को क्लब की ओर से भावलखेड़ा ब्लाक के अर्जुनपुर बरमौला में 100 से अधिक लोगों को कंबल, गर्म कपड़े वितरण कर खुशियां बांटी और आगे भी हरसंभव मदद को भरोसा दिलाया। इस अवसर पर लायन ललिता यादव ने कहा कि हमारे क्लब द्वारा हमेशा जरूरतमंदों के लिए मदद की जाती है, सामाजिक सेवा से बढ़कर कोई पुण्य नही है। साथ ही गांव के नौनिहालों और और उनके अभिभावको को जागरुक किया उन्होंने बच्चो को स्कूल मे जाकर पढाई करने को कहा बाल श्रम न करके पढ़ लिखकर कुछ करने एवं सफलता के टिप्स दिए। लायन प्रियंका ने कंबल वितरण कर गांव वालों के साथ फोटो, सेल्फी लेकर आगे भी समय समय पर मदद करने का भरोसा दिया। समाजसेविका प्रीति द्विवेदी ने लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर के पदाधिकारियों का आभार जताया और आगे भी सहयोग की बात कही। इस दौरान तमाम ग्रामीण लोग मौजूद और बच्चे मौजूद रहे। इस सेवा कार्य में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, कोषाध्यक्ष लायन प्रियंका बियानी, शाश्वत, श्रेयसी आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### साल के पेड़ काटते दो तस्कर रंगे हाथों गिरफ्तार




**पीलीभीत।** वन विभाग ने आरक्षित वन क्षेत्र में साल के पेड़ काटते हुए दो तस्करों को रंगे हाथ दबोच लिया है। यह कार्रवाई पूरनपुर रेंज के गोपालपुर में की गई, जहां से वन विभाग ने साल की लकड़ी के 10 बोटे बरामद किए हैं, जिनका कुल आयतन 1.107 घन मीटर है।वन विभाग ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। तस्करों के पास से एक बड़ा आरा, एक साइकिल और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई हैं। इस कार्रवाई में वन विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाया था, जिसमें मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की गई। वन विभाग के डीएफओ भरत कुमार ने बताया कि तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जुए में कमाई हारा युवक, जान देने की कोशिश की



**पीलीभीत।** सुनगढ़ी क्षेत्र की नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में एक युवक ने जुए में अपनी कमाई हार जाने के बाद आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों ने समय पर पहुंचकर युवक को बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया।युवक दिल्ली में जैकेट सिलाई का काम करता था और दो दिन पहले ही घर आया था उसने करीब 65 हजार रुपये कमाए थे, लेकिन जुए में हार गया। परिवार वालों ने युवक को समझाया, लेकिन वह परेशान था।युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने उसे बचा लिया। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसियों ने युवक को शराब पिलाकर उसके रुपये हड़प लिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सेहरामऊ क्षेत्र में तेंदुआ और बाघ दिखने से हड़कंप



**पीलीभीत।** सेहरामऊ क्षेत्र के महुआ गुदें में एक तेंदुआ देखा गया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने और उनकी सुरक्षा के लिए कार्रवाई करने की मांग की है। तेंदुआ थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव महुआ गुदें गांव में देखा गया है। ग्रामीणों ने तेंदुए को देखने की पुष्टि की है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। और कार्रवाई की मांग की गई है।ग्रामीणों में दहशत फैली हुई है और वे अपने बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के जगतपुर गांव किनारे बाघ एक नील गाय को अपना शिकार बना चुका है? और थाना क्षेत्र के ही सपहा में भी बाघ गाय को अपना निवाला बना चुका है। लेकिन वन विभाग बाघ और तेंदुए को पकड़ने में नाकाम साबित हो रहा है।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित बुलेरो ने बाइक में मारी टक्कर

**बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से हुए घायल**



**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के कोला गांव के समीप जरियनपुर जलालाबाद मार्ग पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बुलेरो कार ने एक बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी की बाइक के परखच्चे उड़ गए। तो वहीं बाइक का सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार दोनों सगे भाई है। और अपने गांव से जलालाबाद वापस आ रहे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार उनके टक्कर मार दी। आपको बता दें कि घायल दोनों सगे भाइयों के नाम आयुष व राजेश है। जो जलालाबाद नगर के मोहल्ला आजाद नगर के रहने वाले हैं। फिलहाल मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस ब एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ब एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया ले गई। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार टक्कर मारने के बाद बुलेरो चालक कार को लेकर भागने लगा। तभी ग्रामीणों ने उसे घेर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुलेरो चालक कुछ दूरी पर कर को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# बर्तन साफ करने के बहाने जेवर पर किए हाथ साफ

**खुटार शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के गांव मोहनपुर निवासी पप्पू पुत्र भगवान दिन ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह मोटर मिस्त्री है जिसकी दुकान खुटार पूरनपुर रोड पर स्थित है। वह सुबह 9:00 अपने गांव से खुटार अपनी दुकान पर चला आता है। बस शाम को 7:00 बजे वापस घर पर जाता है उसकी गैर मौजूदगी में लगभग दो दिन पूर्व एक अज्ञात महिला अपनी एक पुत्री के साथ उसके गांव में आए व उसकी पत्नी से बर्तन साफ करवाने को कहा मेरी पत्नी के द्वारा घर में रखे स्टील व सिल्वर के बर्तन उसे दे दिए जिसको उस अज्ञात महिला के द्वारा साफ करके अगले दिन दे दिया गया। इसके बाद उसे अज्ञात महिला के द्वारा जेवर साफ करने के लिए कहा गया तो मेरी पत्नी के द्वारा जेवरात बा कुछ बर्तन दोबारा साफ करने के लिए दे दिए गए। जिनको लेकर महिला दोबारा वापस नहीं आई। ठगी का एहसास होने पर मेरी पत्नी के द्वारा सारी बातें मुझे बताएंगे तब मैं थाने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। इसी गांव के रहने वाले जितेंद्र कुमार पुत्र कल्लू के द्वारा थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया गया मेरी ग़ैर मौजूदगी में मेरे घर पर भी एक अज्ञात महिला अपनी पुत्री के साथ आई वह मेरी माता जी को झांसी में लेकर बर्तन में जेवर साफ करने की बात कही मेरी माता जी के द्वारा जेवरात व बर्तन साफ कर के वापस लौटाने की बात शाम तक कहीं लेकिन शाम तक वह महिला जेवर व बर्तन लेकर जब वापस नहीं आई तो मेरी माताजी को ठगी का एहसास हुआ जिसकी सूचना मेरी माता जी के द्वारा मुझे दी गई मेरा द्वारा थाना खुटार में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई जा रही है।

## बेहोशी की हालत में मिले विक्षिप्त की हुई मौत

**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के बनतारा के पास एक मंदबुद्धि बहोशी की हालत में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने युवक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।रोजा पुलिस को शुक्रवार की दोपहर सूचना मिली बरतारा चौराहे के पास सड़क के किनारे एक विक्षिप्त बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। पुलिस ने फौरन ही उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। रोजा थाना प्रभारी ने बताया वहां के लोगों ने बताया कई दिनों से वह यही मांगता रहता था।

# ट्रक से कुचलकर भट्ठा मजूदर की मौत

**रिश्तेदारी से अंतिम संस्कार में शामिल होकर वापस लौट रहा था मजदूर**

**कलान, शाहजहांपुर।** सड़क हादसे में ट्रक से कुचलकर भट्ठा मजदूर की मौत हो गयी।भट्ठा मजदूर पत्नी बिट्टो के साथ कांठ से समधी के अंतिम संस्का में शामिल होकर वापस लौट रहा था।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी।ग्रामीणों ने ट्रक लेकर भाग रहे चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।घटना मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाई-वे 43 पर जल्लापुर गांव की मोड़ के पास की है।बताया जा रहा है कि इकरी खेड़ा वजीरगंज रोड पर एक ईट भट्ठे पर जनपद फर्रुखाबाद के थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव मोकिलपुर निवासी अशोक कठेरिया ईट पथाईका काम करते थे।अशोक परिवार के साथ ईट भट्ठे पर ही रहते थे।शुक्रवार सुबह अशोक अपनी पत्नी विट्टो के साथ समधी के अंतिम संस्कार में शामिल होने कांट गए थे। शाम को आटो से लौट रहे थे।जल्लापुर मोड़ पर आटो से उतरते समय पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।ट्रक के पहिए से अशोक का सिर कुचल गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक के सुरभि, विनीता, अनीता व नीलेश बच्चे हैं। वहीं अशोक की मौत से पत्नी विट्टो का रो रोकर बुरा हाल है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु पोस्टमार्टम हाउस शाहजहांपुर भेज दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# सीओ ने किया अर्दली रूम, विवेचकों को दिए निर्देश

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सीओ ज्योति यादव ने कोतवाली में अर्दली रूम के दौरान विवेचनाओं की प्रगति समीक्षा की। यू होने लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने निष्पक्षता, समयबद्धता एवं साक्ष्यों के समुचित संकलन के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही पीड़ित पक्ष से संवेदनशील व्यवहार, अभियुक्तों के खिलाफ प्रभावी विधिक कार्यवाही एवं अभिलेखों के सही संधारण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

इस मौके पर कोतवाल जुगल किशोर पाल , इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव, एसआई प्रमोद कुमार, नितिन कुमार, गौरव कुमार, मारूफ, नैपाल सिंह, जेपी सिंह, अनुज चौधरी, प्रदीप राजौरिया आदि शामिल रहे।

# नगर पालिका में आयोजित संवाद कार्यक्रम में पहुंचे विधान परिषद सदस्य

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

गांधी सभागार कलेक्ट्रेट पीलीभीत में आयोजित समीक्षा बैठक के उपरांत नगर पालिका परिषद पीलीभीत कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद को विधान परिषद सदस्य कुँवर महाराज सिंह,विजय बहादुर पाठक, हरि सिंह ढिल्लों एवं जयपाल सिंह व्यस्त का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।नगर पालिका कार्यालय पहुंचने पर सभी एमएलसी अतिथियों का गरिमामय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर के विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, अधोसंरचना विकास तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने नगर पालिका के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य की योजनाओं को और अधिक प्रभावी व जनोन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। अतिथियों ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट, सभासद साकेत सक्सेना, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह, वतनदीप मिश्रा, अवतार सिंह, विकास बाबू, शिवम श्रीवास्तव, विपिन मिश्रा एवं अम्बरीश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें नगर के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई और आगामी कार्ययोजनाओं को गति देने का संकल्प लिया गया हैं।

# पीलीभीत में धारा 163 लागू, लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में धारा 163 लागू कर दी गई है, जिसके तहत बिना अनुमति लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह करवाई जिला अधिकारी ने छात्र-छात्राओं की परीक्षा को देखते हुए की है। प्रशासन ने अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए विशेष व्यवस्था की है। बिना अनुमति लाउडस्पीकर बजाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी।शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।लोगों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करें।प्रशासन ने बताया कि यह फैसला शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया है। लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।बिना अनुमति जुलूस, धरना, रैली आयोजित नहीं की जा सकेगी। सार्वजनिक स्थानों पर लाठी, डंडा, तलवार, बंदूक, रिवाल्वर, पिस्टल या चार इंच से अधिक फल वाले चाकू जैसे हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।अस्पताल और शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे को साइलेंस जोन घोषित किया गया है।

# पूरनपुर मंडी में किसान और विपणन अधिकारी में हुई मारपीट

**पीलीभीत।** पूरनपुर मंडी समिति में शुक्रवार को धान की तौल न होने पर एक किसान और विपणन अधिकारी (MO) के बीच मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने मंडी प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान गुरसरन सिंह पुत्र तरसेम सिंह अपना धान लेकर मंडी समिति के UPSS 3 क्रय केंद्र पर आए थे।किसान का आरोप है कि वे 20 दिनों से धान की तौल का इंतजार कर रहे थे, लेकिन तौल नहीं हो रहा था।जब उन्होंने विपणन अधिकारी प्रदीप कुमार से तौल में देरी का कारण पूछा, तो दोनों के बीच तीखी बहस हुई और मारपीट हो गई। मंडी में मौजूद अन्य किसानों और कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घटना की सूचना मिलने के बाद मंडी सचिव और प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हुए हैं और थाना अध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## सूचना

मेरे पुत्र का नाम स्कूल के दस्तावेजों में Mohd Ali Rahman लिखा है, जो कि गलत है। जबकि सही नाम Mohammad Ali Rahman Khan है। मोहम्मद अली रहमान खान पुत्र मोहम्मद मेराज खान नि.मो. बारादरी निकट महुआ वाली मस्जिद, शाहजहांपुर।

## एक बेतुका आदेश

हाल के दिनों में देश की शीर्ष अदालत से लेकर आम विमर्श तक में आवारा कुत्तों का मामला सुर्खियों में रहा है। इस संवेदनशील, जटिल व विवादास्पद मुद्दे से जुड़े कई तरह के अंतर्विरोध सामने आ रहे हैं। लेकिन इस कड़ी में बिहार के एक नगर निगम के बेतुके फरमान को लेकर आलोचना की जा रही है। यह निर्णय न केवल बेतुका है बल्कि हास्यास्पद भी है। बिहार के सासाराम के नगर निगम ने शिक्षकों से सड़कों में घूमने वाले आवारा कुत्तों की गिनती करने को कहा है। दरअसल, अदालत के निर्देशों के अनुरूप स्थानीय निकायों की इस बाबत जवाबदेही तय की गई है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों व गिरते परीक्षा परिणाम के बावजूद शिक्षकों को गैर–शिक्षण कार्यों में लगाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। वहीं दूसरी ओर हर छोटे–बड़े सरकारी अभियान में शिक्षकों की जिम्मेदारी लगाना प्रशासनिक विफलता को भी उजागर करता है। कभी जनगणना, कभी चुनावी ड्यूटी तो कभी आपदा सर्वेक्षण, और अब कुत्तों की गिनती का बेतुका काम शिक्षकों के जिम्मे लगा दिया गया है। दरअसल, बिहार के शिक्षक विषम परिस्थितियों के चलते पहले ही अत्यधिक दबाव में हैं। जिसके कारण वे शैक्षणिक जिम्मेदारियों व गैर–शिक्षण दायित्वों के लगातार बढ़ते बोझ के बीच संतुलन बनाने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। इसमें दो राय नहीं है कि हर इस तरह का व्यवधान कक्षा के समय, पाठ योजना और छात्रों की सहभागिता को गहरे तक प्रभावित करता है। निश्चित रूप से प्राथमिक शिक्षा बच्चे के विकास की नींव रखती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहता है। वर्षों से पेश की जा रही एएसईआर रिपोर्टों में कई बार उजागर किया गया है कि बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम देश में सबसे कमजोर रहा है। जो कि एक चिंता का विषय बना हुआ है। ऐसे में जब पहले ही बिहार के स्कूलों का परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहता है तो शिक्षकों को एक और गैर–शैक्षणिक कार्य के लिये कक्षाओं से बाहर निकालना, निस्संदेह शिक्षा व्यवस्था के लिए आत्मघाती कदम ही कहा जाएगा। इससे भी बुरी बात यह है कि यह आदेश कई वास्तविक खतरों से भरा है। आवारा कुत्तों की गिनती करना शिक्षण के कागजी कार्य के समान सहज नहीं है। निश्चित रूप से अनेक शिक्षक ऐसे होंगे जो कुत्तों से डरते भी होंगे। खासकर शिक्षिकाओं के लिये यह कार्य खासा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कुछ लोग इस गणना प्रक्रिया में वास्तविक खतरे का सामना भी कर सकते हैं। इस बात का संकेत शीर्ष अदालत की टिप्पणी में भी मिलता है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया था कि किसी कुत्ते के मन को पढ़ना या यह अनुमान लगाना असंभव है कि कोई जानवर कब आक्रामक हो जाएगा। निश्चित रूप से अप्रशिक्षित शिक्षकों को ऐसे कार्य करने के लिए कहना, उनकी सुरक्षा के लिये भी चुनौती होगी। खासकर तब जब आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं और रेबीज से होने वाली जीवन क्षति सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये चिंता का विषय बनी हुई हैं। ऐसे में नगर निगम के आदेश की तार्किकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने पशु जन्म नियंत्रण और जन सुरक्षा उपायों को लागू करने में नगरपालिकाओं की विफलता पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद एक स्थानीय निकाय ने अपनी मूल जिम्मेदारी शिक्षकों पर थोपकर इसका जवाब दिया है। निश्चित रूप से यह अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने जैसा है। निर्विवाद रूप से इस बेतुके आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की जरूरत है।

# वैश्विक मंच पर हिंदी का बढ़ता हुआ महत्व

**डॉ. अशोक कुमार भार्गव**




**विश्व हिंदी दिवस (10 जनवरी) पर विशेष**

**भारतीय प्रतीकों और राष्ट्रवाद की प्रखरता को मुखरता के साथ प्रस्फुटित करने वाली हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने, हिंदी के प्रति प्रवासी भारतीयों में भावनात्मक रिश्ता कायम करने और विश्व में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से 10 जनवरी 1975 को नागपुर में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे। यह सम्मेलन हिंदी के वैश्विक प्रसार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। इस सम्मेलन के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को प्रतिष्ठित करने के लिए विश्व के विभिन्न देशों में अब तक 12 विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया जा चुके हैं।**


भारत की सांस्कृतिक चेतना की समृद्ध विरासत हिंदी न केवल हमारी अस्मिता की पहचान है वरन हमारे राष्ट्र की आत्मा भी है। अब हिंदी केवल परस्पर संवाद और संपर्क का माध्यम ही नहीं है वरन वैश्विक स्तर पर भी अपनी सर्जनात्मकता, जिजीविषा और समावेशिता के कारण अपने प्रभुत्व का निरंतर विस्तार कर रही है। विश्व में ऐसे भी स्थान हैं जहां भारतीय मूल के लोग नहीं हैं तब भी वहां हिंदी बोली-समझी और पढ़ी जा रही है। आज विश्व के सभी महाद्वीपों के लगभग 140 से अधिक देशों में हिंदी की स्वीकार्यता में वृद्धि हो रही है। इसीलिए विश्व में हिंदी प्रयोक्ताओं की संख्या लगभग 100 करोड़ से अधिक हो गई है जो संयुक्त राष्ट्र संघ की 6 आधिकारिक भाषाओं के बोलने वालों की संख्या से बहुत अधिक है। अब विश्व का मानचित्र बदल गया है।

पहले अंग्रेजों के साम्राज्य में सूर्य कभी अस्त नहीं होने का मिथक था जो इतिहास बन गया किंतु अब हिंदी के लिए गर्व का विषय है कि उसके बोलने, समझने और लिखने वालों का संसार इतना विराट हो गया कि वहां कभी सूर्य अस्त नहीं होता। भारतीय प्रतीकों और राष्ट्रवाद की प्रखरता को मुखरता के साथ प्रस्फुटित करने वाली हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने, हिंदी के प्रति प्रवासी भारतीयों में भावनात्मक रिश्ता कायम करने और विश्व में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से 10 जनवरी 1975 को नागपुर में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे। यह सम्मेलन हिंदी के वैश्विक प्रसार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। इस सम्मेलन के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को प्रतिष्ठित करने के लिए विश्व के विभिन्न देशों में अब तक 12 विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया जा चुके हैं। प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगांठ अर्थात 10 जनवरी 2006 से प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में अधिकृत करने के भारतीय प्रस्ताव को मजबूत करने, हिंदी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करने तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता और अनुराग सृजित करने के उद्देश्य से विश्व हिंदी दिवस मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई है। अब तक विश्व के विभिन्न देशों में 12 विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया जा चुके हैं। फलस्वरूप हिंदी न केवल राष्ट्रीय आत्माभिमान का प्रतीक बनी है वरन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सांस्कृतिक संवाद, बौद्धिक विमर्श और भारतीय ज्ञान परंपरा का सशक्त माध्यम भी बनी है। वैश्विक स्तर पर हिंदी की उपादेयता उसकी सरलता, सहजता, तकनीकी सटीकता, संवादों की आत्मीयता और समावेशी प्रकृति के कारण निरंतर बढ़ रही है। 90 के दशक में भारत में जब उदारीकरण, वैश्विकरण और औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तब विश्व की अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में आईं। मीडिया नायक रुपर्ट मर्डोक स्टार चैनल और इसी तर्ज पर सोनी जैसे अन्य चैनलों ने भी अंग्रेजी कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से भारत में पदार्पण किया जिससे हिंदी के लिए संकट निर्मित होता दिखाई दे रहा था किंतु शीघ्र ही उन्हें यह ब्रह्म ज्ञान प्राप्त हुआ कि भारतीय बाजार तंत्र में अपनी दर्शक संख्या बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय उत्पाद बेचने, व्यावसायिक, व्यापारिक लाभ में वृद्धि हेतु उपभोक्ताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए हिंदी का इस्तेमाल अनिवार्य है। अतः विवश होकर उन्हें हिंदी की ओर मुड़ना पड़ा। अब अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका सहित यूरोप के अन्य देशों में बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिंदी सिखाने का व्यवसाय कर रही हैं। अपने उत्पादों के तकनीकी महत्व, जरूरी सूचनाएं, विज्ञापन आदि हिंदी में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त पर्यटन, विज्ञान, वाणिज्य, व्यवसाय, सूचना प्रणाली, डिजिटल मीडिया आदि अन्य क्षेत्रों में हिंदी का प्रयोग वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा की महत्ता को रेखांकित करता है। अतः हिंदी केवल साहित्य की भाषा नहीं अपितु यह पूंजी, बाजार, संचार, तकनीक, विज्ञान, कूटनीति राजनय तथा अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों का भी प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय जनमानस में सहिष्णुता, समरसता और स्व का भाव उत्पन्न करने वाली हिंदी वैश्विक फलक पर अपनी महत्ता का परचम लहरा रही है। हिंदी न केवल संख्या बल वरन भू विस्तार की दृष्टि से भी विश्व की प्रधान भाषाओं में से एक है। विश्व के मानचित्र पर तीसरी सबसे बड़ी संवाद शक्ति बनकर उभर रही हिंदी गूगल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट की रिपोर्ट के अनुसार भारत के 50त्न से अधिक इंटरनेट उपभोक्ता हिंदी में सामग्री का उपभोग कर रहे हैं। सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब और विकिपीडिया पर हिंदी कंटेंट रचनाकारों की संख्या करोड़ों में हो गई है। डिजिटल मीडिया के युग में हिंदी सिनेमा, संगीत, गीतों, उपग्रह से प्रसारित कार्यक्रमों, धारावाहिकों, भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, खानपान, योग, अध्यात्म, लोकतांत्रिक मूल्यों और ओटीटी प्लेटफॉर्म ने हिंदी को वैश्विक सॉफ्ट पावर के रूप में स्थापित कर दिया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां अब हिंदी को अपनी रणनीति का अनिवार्य हिस्सा मान रही है। हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भी हिंदी को ज्ञान-विज्ञान की भाषा के रूप में नए आयाम दिए हैं। विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी आदि विषयों की पाठ्य सामग्री भी अब हिंदी में सहजता से उपलब्ध होने के कारण शिक्षा का लोकतांत्रिकरण हो रहा है। विश्व के 180 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी का पठन-पाठन प्रशिक्षण और शोध कार्य हो रहा है। इस प्रकार हिंदी विश्व भाषा बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। वैश्विकरण के इस युग में हिंदी भाषा के प्रयोग में परिवर्तन परिलक्षित हुआ है। साहित्य की दृष्टि से हिंदी में गुणात्मक और मात्रात्मक दृष्टि से उच्चतम साहित्य सृजित किया जा रहा है। हिंदी विभिन्न भाषाओं में अनुवाद का सशक्त माध्यम बन गई है। आज विश्व में पढ़े जाने वाले समाचार पत्रों में आधे से अधिक हिंदी के हैं। हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ में यद्यपि पूर्ण सम्मान नहीं मिला किंतु हिंदी में संयुक्त राष्ट्र के न्यूज़ पोर्टल चल रहे हैं। प्रवासी भारतीयों का हिंदी को जीवंत बनाए रखने में अद्भुत योगदान है।

## विचार

# एआई में नवाचार से नेतृत्व की ओर बढ़ता भारत

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**




**वस्तुतः स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत का सातवें स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर पहुँचना इस बदलाव का ठोस प्रमाण है। अमेरिका और चीन के बाद भारत का नाम आना यह दर्शाता है कि भारतीय प्रतिभा, स्टार्टअप संस्कृति और तकनीकी सोच अब वैश्विक स्तर पर गंभीरता से ली जा रही है। आज हम इस सत्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के पास विशाल संसाधन और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसके बावजूद भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। भारतीय एआई इकोसिस्टम की खासियत उसकी समस्या-समाधान आधारित सोच और बड़े पैमाने पर लागू करने की क्षमता है।**

वर्ष 2026 के आरंभ में भारत एक ऐसे निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है, जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता देश की तकनीकी दिशा तय करने वाला प्रमुख आधार बन रही है। यह परिवर्तन किसी एक नीति, संस्था या कंपनी का परिणाम नहीं है। यह भारत की सामूहिक बौद्धिक शक्ति, युवाओं की उद्यमशील सोच और एक स्पष्ट राष्ट्रीय दृष्टि का परिणाम है। जिस वैश्विक एआई प्रतिस्पर्धा में भारत कुछ वर्ष पहले तक दर्शक की भूमिका में माना जाता था, उसी मंच पर आज वह अग्रणी दावेदार के रूप में उभर रहा है।

वस्तुतः स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत का सातवें स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर पहुँचना इस बदलाव का ठोस प्रमाण है। अमेरिका और चीन के बाद भारत का नाम आना यह दर्शाता है कि भारतीय प्रतिभा, स्टार्टअप संस्कृति और तकनीकी सोच अब वैश्विक स्तर पर गंभीरता से ली जा रही है। आज हम इस सत्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के पास विशाल संसाधन और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसके बावजूद भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। भारतीय एआई इकोसिस्टम की खासियत उसकी समस्या-समाधान आधारित सोच और बड़े पैमाने पर लागू करने की क्षमता है।

स्टार्टअप फंडिंग में भारत का वैश्विक टॉप-5 में आना और एआई पब्लिकेशंस में लगातार बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि भारत ज्ञान और नवाचार दोनों में आगे बढ़ रहा है। देखा जाए तो एक तरह से Microsoft, Google, Amazon और Accel जैसी वैश्विक कंपनियों का भारतीय एआई स्टार्टअप्स में निवेश इस भरोसे को दर्शाता है कि आने वाले वर्षों में भारत एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाएगा। आज भारत में 150 से अधिक जेनरेटिव एआई स्टार्टअप्स सक्रिय हैं। इन स्टार्टअप्स ने वर्ष 2020 के बाद से 1.5 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया है। यह आँकड़ा एक स्थायी तकनीकी बदलाव की ओर इशारा करता है। भारत के एआई स्टार्टअप्स शिक्षा, स्वास्थ्य, भाषा, कृषि, ई-कॉमर्स, गेमिंग, मीडिया और औद्योगिक विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में गहराई से काम कर रहे हैं।

Sarvam AI भारतीय भाषाओं के लिए बड़े भाषा मॉडल विकसित कर रहा है, जिससे एआई तकनीक आम नागरिक की पहुँच में आ सके। Gnani.ai और Soket AI वॉयस टेक्नोलॉजी के माध्यम से डिजिटल सेवाओं को सरल और स्वाभाविक बना रहे हैं।۔vataar.ai और Gan AI जनरेटिव एआई के ज़रिये डिजिटल कंटेंट और वर्चुअल अनुभवों को नए आयाम दे रहे हैं। Krutrim का भारत का पहला एआई यूनिकॉर्न बनना यह स्पष्ट करता है कि भारतीय एआई नवाचार अब वैश्विक व्यावसायिक मानकों पर खरा उतर रहा है। भारतीय एआई यात्रा की एक बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ सरकार और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग की स्पष्ट भावना दिखाई देती है। IndiaAI मिशन इसी सहयोग का परिणाम है। पाँच सौ से अधिक प्रस्तावों में से बारह स्टार्टअप्स को फाउंडेशन मॉडल्स के लिए चुना जाना यह दर्शाता है कि भारत अपनी एआई क्षमताओं को स्वयं विकसित करना चाहता है। जिसमें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित गोलमेज बैठक ने इस सोच को और मजबूती दी।

इस बैठक में शामिल एआई स्टार्टअप्स ने अपने अनुभव साझा किए और भारत में उपलब्ध अनुकूल वातावरण की सराहना की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि स्टार्टअप्स भारत के भविष्य के सह-निर्माता हैं।देश के हर युवा इनोवेटर के लिए प्रेरणा का संदेश है। यहां प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नैतिकता, पारदर्शिता, निष्पक्षता और डेटा गोपनीयता पर दिया गया जोर यह स्पष्ट करता है कि भारत तकनीक को केवल प्रगति का साधन नहीं, बल्कि विश्वास का माध्यम भी मानता है। किफायती और समावेशी एआई की दिशा में भारत की पहल दुनिया के लिए एक वैकल्पिक और मानवीय मॉडल प्रस्तुत करती है।

भारत की एआई रणनीति की सबसे बड़ी ताकत उसका स्थानीय दृष्टिकोण है। भारतीय भाषाओं, सांस्कृतिक संदर्भों और सामाजिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किए जा रहे एआई मॉडल देश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं। BharatGen जैसे प्रयास यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय डेटा और भाषाओं पर आधारित मॉडल भारत की अपनी जरूरतों को पूरा करें।

## जब इंसान जिम्मेदारी निभाने में विफल हो तो तकनीक ही समाधान है

चूंकि नए साल का पहला दिन हफ्ते के बीच में पड़ा, ऐसे में अधिकतर जगहों पर भीड़भाड़ के बजाय डाइनिंग-केंद्रित कारोबार देखने को मिला। लेकिन इस तथ्य के बावजूद पुणे पुलिस का रिकॉर्ड बताता है कि शहर में नव वर्ष पर शराब पीकर गाड़ी चलाने के 448 मामले दर्ज हुए। जबकि पिछले साल यह संख्या 310 थी। यानी 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी। जाहिर है, पुलिस चेकपॉइंट बढ़ाती है तो मामले ज्यादा सामने आते हैं। कई अन्य शहरों में भी ऐसी बढ़ोतरी हुई होगी। लेकिन नशे में ड्राइविंग के कुल मामलों, हादसों और मौतों का राष्ट्रीय स्तर का आधिकारिक डेटा इतनी जल्दी मिलना मुश्किल है। पुणे उदाहरण मात्र है।

भारत ही नहीं, शायद पूरी दुनिया इसी समस्या से जूझ रही है। लोगों की गैर-जिम्मेदारी को लेकर बढ़ती चिंता ने इस क्षेत्र में वर्षों के ठहराव के बाद टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री को फिर से समाधान तलाशने के लिए प्रेरित किया है। इस साल हम ब्रेथ-बेस्ड और टच-बेस्ड सेंसर जैसी नई तकनीकें देख सकते हैं, ताकि नशेड़ी ड्राइवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और मौतों को कम किया जा सके। सोच रहे हैं यह काम कैसे करता है? यह तकनीक ड्राइवर की सांस को ड्राइवर साइड के दरवाजे, डैशबोर्ड या स्टीयरिंग पर लगे सेंसर तक खींचती है। जैसे ही वह सहज तौर पर सांस लेता है तो सेंसर सांस में मौजूद अल्कोहल की मात्रा पहचान लेता है।

यह पारंपरिक ब्रेथ एनालाइजर से अलग है, जिसमें ड्राइवर को जोर की सांस छोड़नी पड़ती है। फिर निर्धारित सेटिंग पर निर्भर करता है कि शायद कार स्टार्ट ही न हो। स्टार्ट हो जाए और एसी की सुविधा मिल जाए, तो ड्राइवर गियर स्टिक आगे ना बढ़ा पाए। ताकि ड्राइवर को एसी का आराम तो मिले, लेकिन वह तब तक गाड़ी न चला पाए, जब तक मशीन अल्कोहल की अनुमत सीमा की पहचान न कर ले। क्या तकनीक से गलती हो सकती है? सौ फीसदी। आम तौर पर लोग अभी तकनीक पर भरोसा करने को तैयार नहीं हैं। जबकि ड्राइवरों को डर है कि ये डिटेक्शन सिस्टम कार पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण कर लेंगे। कानून के अनुपालन से जुड़े आलोचक फॉल्स पॉजिटिव की आशंका भी जता रहे हैं। हाल ही में मैं न्यूयॉर्क से कनाडा सड़क मार्ग से गया। हम 60 मील प्रति घंटे (एमपीएच) की तय सीमा पर चल रहे थे। अमेरिका में 65 एमपीएच तक पुलिस अनदेखा करती है।

65 पार होते ही कार्रवाई करती है। लेकिन मेरी बहन की तरह बहुत कम लोग जानते हैं कि 67 एमपीएच तक भी पुलिस नहीं रोकती, क्योंकि 2 एमपीएच का टेक्नोलॉजी फॉल्ट बेनेफिट मिल जाता है। यही फॉल्स अलार्म एकमात्र चीज है, जो निर्माताओं को वाहन में यह तकनीक लगाने से रोक रहा है। इन्श्योरेंस लॉबी इसका जोरदार समर्थन कर रही है, क्योंकि इससे अकेले अमेरिका में हर साल करीब 10 हजार जानें बच सकती हैं और कंपनियों को भी पैसे की बड़ी बचत होगी। लेकिन आलोचकों का मानना है कि यह तकनीक अभी इतनी तैयार नहीं कि निर्दोष ड्राइवरों को परेशान न करे। फिर अभी यह गाइडलाइन भी तय नहीं कि यदि सिस्टम पॉजिटिव रिजल्ट देता है तो आगे क्या होगा? शायद कार स्टार्ट न हो, लेकिन क्या सिस्टम सीधे पुलिस को कॉल भी करेगा?

फिलहाल तो कोई नहीं जानता। तकनीक अभी परीक्षण और सुधार के दौर में है। इसे बना रही कंपनियां मजबूती से मानती हैं कि फिलहाल काल्पनिक फॉल्स-पॉजिटिव रेट का अनुमान लगाना बेहद जल्दबाजी होगी। डेवलपर्स का तर्क है कि ऑटोमोबाइल में एक भी ऐसा सेफ्टी सिस्टम नहीं है, जिसे उतनी सटीकता से परखा जाता हो, जितना ध्यान आलोचक ड्रंक-ड्राइविंग को लेकर दे रहे हैं। हाल ही में स्वीडिश कार निर्माता वोल्वो कार ने एक वैकल्पिक तरीका अपनाया है। इसमें स्टीयरिंग व्हील के सेंसर ड्राइवर की आंखों, हेड मूवमेंट और ड्राइविंग पैटर्न का विश्लेषण करते हैं, ताकि नशा, उनींदा होने या अन्य अक्षमताओं को पहचाना जा सके।



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क :-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः-** अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

मीनः- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# वामपंथी वैचारिकी, विश्वविद्यालयी आंदोलन और नक्सली समर्थन

**कैलाश चन्द्र**

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया में सीएए-एनआरसी आंदोलन के बाद तो 'प्रोटेस्ट पॉलिटिक्स' का एक नया मॉडल विकसित हुआ- जहाँ सड़क, सोशल मीडिया और विश्वविद्यालय परिसर मिलकर ऐसा नैरेटिव गढ़ते हैं जिसमें अल्पसंख्यक अधिकार, राज्य दमन और उदार-वामपंथी विमर्श एक-दूसरे को सुदृढ़ करते हैं। यहाँ भी वही तर्क- फासीवाद, पुलिस-राज, राज्य-आतंक- प्रमुखता से उभरे, जो माओवादी अपने हिंसक संघर्ष को उचित ठहराने के लिए दशकों से उपयोग करते आए हैं। यही वैचारिक साम्यता भारत के आदिवासी अंचलों में फैली माओवादी हिंसा को विश्वविद्यालयी विमर्श से जोड़ती है। साल 2010 के दंतेवाड़ा नरसंहार, जिसमें 76 सीआरपीएफ जवानों की मौत हुई, कुछ वामपंथी बुद्धिजीवियों ने इसे ऑपरेशन ग्रीन हंट का प्रतिकार कहकर उचित ठहराने का प्रयास किया।**

भारत का लोकतंत्र अपनी विविधता, मतभिन्नता और खुली बहस की परंपरा के कारण विश्व में विशिष्ट रहा है। किंतु पिछले दो दशकों में एक ऐसी वैचारिक धारा विकसित हुई है, जिसने विश्वविद्यालयों, वामपंथी छात्र संगठनों, शहरी बुद्धिजीवी समूहों और माओवादी हिंसा को व्यापक वैचारिक सूत्र में पिरो दिया है। यह विमर्श केवल छात्र-राजनीति या असहमति तक सीमित नहीं; यह राज्य-विरोध, पहचान की राजनीति, 'क्रांतिकारी प्रतिरोध' की संस्कृति और अंततः माओवादी सशस्त्र संघर्ष तक फैला सुनियोजित नैरेटिव बन चुका है।

सबसे स्पष्ट उदाहरण दिल्ली के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय- जेएनयू और जामिया मिल्लिया इस्लामिया तथा हैदराबाद एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय? हैं, जहाँ विमर्श का झुकाव धीरे-धीरे राष्ट्रीय दृष्टिकोण से हटकर एक प्रकार के वैचारिक अराजकवाद की ओर दिखाई देता है। जेएनयू में एसएफआई, एआईएसए, डीएसएफ, डीएसयू जैसे वामपंथी छात्र संगठनों ने बीते वर्षों में न केवल वर्ग-संघर्ष के अपने पुराने नारे को पुनर्जीवित किया बल्कि राज्य, न्यायपालिका और लोकतांत्रिक संस्थाओं को खुलेआम चुनौती देने वाले आंदोलन खड़े किए। साल 2016 में अफजल गुरु की फाँसी के विरोध में लगे भारत की बर्बादी तक जंग चलेगी और पाकिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे विश्वविद्यालयी राजनीति को निर्णायक मोड़ देने वाले सिद्ध हुए।

यह सिर्फ एक छात्र-प्रदर्शन भर नहीं था; यह राष्ट्र-राज्य और न्यायिक संरचना को अवैध ठहराने वाले वैचारिक उभार का संकेत था, जिसमें अफजल गुरु जैसे आतंकवादी के प्रति सहानुभूति जताई गई और भारतीय न्याय व्यवस्था को कातिल बताने की मुहिम चली। इसी क्रम की अगली कड़ी जनवरी 2026 में तब उभरी, जब उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाएँ खारिज होने पर जेएनयू में मोदी-शाह की कब्र खुदेगी जैसे हिंसक-उन्मादी नारे लगे।

ये नारे लोकतांत्रिक असहमति से कहीं आगे बढ़कर हिंसक क्रांति की विचारधारा को वैधता प्रदान करते दिखे। एबीवीपी तथा अन्य समूहों द्वारा इसे राष्ट्र-विरोधी गतिविधि बताया जाना स्वाभाविक था; विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज करने से यह स्पष्ट हुआ कि परिसर केवल बहस के मंच नहीं रह गए बल्कि वैचारिक युद्धभूमि में बदल रहे हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में सीएए-एनआरसी आंदोलन के बाद तो 'प्रोटेस्ट पॉलिटिक्स' का एक नया मॉडल विकसित हुआ- जहाँ सड़क, सोशल मीडिया और विश्वविद्यालय परिसर मिलकर ऐसा नैरेटिव गढ़ते हैं जिसमें अल्पसंख्यक अधिकार, राज्य दमन और उदार-वामपंथी विमर्श एक-दूसरे को सुदृढ़ करते हैं।

यहाँ भी वही तर्क- फासीवाद, पुलिस-राज, राज्य-आतंक- प्रमुखता से उभरे, जो माओवादी अपने हिंसक संघर्ष को उचित ठहराने के लिए दशकों से उपयोग करते आए हैं। यही वैचारिक साम्यता भारत के आदिवासी अंचलों में फैली माओवादी हिंसा को विश्वविद्यालयी विमर्श से जोड़ती है।

साल 2010 के दंतेवाड़ा नरसंहार, जिसमें 76 सीआरपीएफ जवानों की मौत हुई, कुछ वामपंथी बुद्धिजीवियों ने इसे ऑपरेशन ग्रीन हंट का प्रतिकार कहकर उचित ठहराने का प्रयास किया। इसी प्रकार साल 2021 में सुकमा-बीजापुर में 22 जवानों की हत्या और इन घटनाओं में माओवादी कमांडर मदवी हिड़मा की भूमिका यह प्रमाण है कि विचार जब हथियारों के साथ घुल-मिल जाते हैं, तो वह राष्ट्र और उसके रक्षकों पर प्रहार के रूप में सामने आते हैं।

साल 2025 में हिड़मा और बसवराजू जैसे शीर्ष माओवादी नेताओं के मारे जाने के बाद भी शहरी नक्सली नेटवर्क सक्रिय रहा। उसी वर्ष दिल्ली के प्रदूषण-विरोधी प्रदर्शनों में मदवी हिड़मा के समर्थन में नारे और बिरसा मुंडा की छवि के साथ हिड़मा के पोस्टर लगाना यह दर्शाता है कि शहरी नेटवर्क न केवल ग्रामीण हिंसा का समर्थन करते हैं बल्कि आदिवासी प्रतीकों को माओवादी हिंसा के औचित्य के रूप में प्रस्तुत करने की रणनीति अपनाते हैं। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि भारत में वामपंथी छात्र राजनीति अब सिर्फ परिसर-गत मुद्दों का विस्तार नहीं रह गई; यह राष्ट्रीय राजनीति से लेकर सशस्त्र माओवादी संघर्ष तक फैला बड़ा वैचारिक मोर्चा है। न्यायपालिका के निर्णयों- अफजल गुरु, बुरहान वानी आदि के विरुद्ध जिस आक्रोश और प्रतिरोध का नैरेटिव खड़ा किया गया, वह वही समूह कर रहे हैं जो लगातार राज्य की नैतिक वैधता को ही संदेह के घेरे में रखते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# गौशालाओं में गौवंशों की मौत पर आक्रोशित हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन

- डीएम कार्यालय का घेराव कर उठाई दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





गौशालाओं में हुई सैकड़ों गौवंशों की मौत से आक्रोशित हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए डीएम कार्यालय का घेराव कर गौवंशों की मौत के मामले में दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा डीएम कार्यालय के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और आक्रामक नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। प्रदर्शनकारियों को समझाने पहुंचे एडीएम,एसडीएम और सीओ सदर को वापस बैरंग लौटना पड़ा। हालांकि मामले की प्रारम्भिक जाँच के बाद दो ग्राम पंचायत सचिवों को निलंबित कर सबंधित ग्राम प्रधानों को नोटिस दिया गया है लेकिन आक्रोशित कार्यकर्ता और पदाधिकारी गौवंशों की मौत के मामले में दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे आखिरकार देरशाम प्रशासन की सूझबूझ से मामले को शांत करा दिया गया। मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में विगत दिवस कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम इंद्रहटा एवं ग्राम बुधवारा की गौशालाओं में मृत पड़े मिले सैकड़ो की संख्या में गौवंशों की मौत से आक्रोशित बजरंग दल,विश्व हिंदू परिषद,विश्व हिंदू महासंघ सहित अन्य हिंदू संगठनों के बैनर तले इकट्ठा हुए सैकड़ो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर मामले में लापरवाह कर्मचारियों और संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। विगत दिवस इंद्रहटा और बुधवारा ग्राम की गौशालाओं में संरक्षित पशुओं के बड़ी संख्या में मृत मिलने के बाद से हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुँचकर जोरदार प्रदर्शन किया गया था और आज कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करने का आवाहन किया गया था। प्रदर्शनकारी हिंदू संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि मामले को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को दर्जनों बार फोन लगाकर बात करने की कोशिश की गई लेकिन अधिकारियों द्वारा फोन रिसीव करना जरूरी नहीं समझा गया। जिस पर हिंदू संगठन और उनके कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि योगी सरकार गौवंशों को संरक्षित करने के लिए करोड़ों रुपए का बजट भेज रही है,लेकिन जनपद में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते गौवंश काल के गाल में समा रहे हैं, यह गौवंश हमारी माता कहलाते हैं अगर कोई हमारी माता को इस तरीके से प्रताड़ित कर जान से मारेगा तो हम उसे बख्सेंगे नहीं। प्रदर्शनकारियों को समझाने पहुंचे अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज,एसडीएम सदर शिवध्यान पाण्डेय,सीओ सदर अरुण कुमार सिंह,शहर कोतवाल मनीष कुमार पाण्डेय को प्रदर्शनकारियों के पास से बैरंग वापस लौटना पड़ा। हालांकि मामले की प्रारम्भिक जाँच के बाद दो ग्राम पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया गया है और ग्राम प्रधानों को नोटिस जारी किया गया है,लेकिन हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी मुकदमा दर्ज कराने की माँग पर अड़े रहे तब जाकर देर शाम अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज द्वारा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन देकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया गया।

## प्रारंभिक जांच के बाद दो सचिवों को निलंबित किया गया: अपर जिलाधिकारी

**महोबा।** अपर जिलाधिकारी कुँवर पंकज ने बताया कि कुलपहाड़ तहसील के इन्द्रहटा और बुधवारा गांव में गौशाला से दूर कुछ मृतक पशु और कंकाल पाए गए थे इस मामले ने जिलाधिकारी ने दो सचिवों को निलंबित कर दिया है और ग्राम प्रधान को नोटिस दिया गया है।

## आग की चपेट में आकर गौवंश सहित दो बकरियों की मौत

- चपेट में आकर 15 अन्य बकरियां भी झुलसीं

**चरखारी/महोबा।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सालट में हुए अग्निकांड में एक गाय और दो बकरियों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई,जबकि 15 बकरियां व तीन गाय झुलसने से गंभीर रूप घायल हो गई। पशु पालक की सूचना पर पहुंचे तहसील कर्मचारियों एवं पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई है। चरखारी तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सालट निवासी सियाराम रैकवार सीमांत किसान है। वह पशुपालन से अपनी आजिविका चलाते हैं। गांव के बाहर एक पशु बाड़े में अपनी गाय बकरियां रखते थे। विगत रात्रि पशु बाड़े में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों के अनुसार पशुओं को गर्म करने के लिए लड़कियां जलाई गई थी, जिनसे झोपड़ी में लगी पॉलिथीन ने आग पकड़ ली। जिससे एक गाय और दो बकरियां जिंदा जल गई। जबकि 15 बकरियां एवं तीन गाय झुलसने के कारण गंभीर हालत में घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्सालय के डॉक्टर एमडी सिंह ने घायल पशुओं का उपचार किया एवं मृत पशुओं की पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार पीयूष कुमार एवं लेखपाल सतीश कुमार ने नुकसान का आकलन कर हर संभव सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया है। पीड़ित सियाराम रैकवार ने बताया कि वह इन्हीं पशुओं को पालकर अपनी गृहस्थी का खर्च चलाता था। बड़ी आर्थिक क्षति होने से उसके सामने गृहस्थी चलाने का संकट पैदा हो गया है। पीड़ित ने प्रशासन से सहायता की मांग की है।

# बाइक सवार अज्ञात युवकों ने युवक को बेरहमी से पीटकर किया लहूलुहान

- ई-रिक्शा में सवार होकर मुख्यालय से वापस गांव जा रहा था घायल बृजेंद्र
- पिटाई कर मोबाइल और हजारों रुपये लूटकर ले जाने का आरोप लगा पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत झांसी-मिर्जापुर राजमार्ग स्थित ग्राम पचपहरा के पास ई-रिक्शा सवार युवक को रास्ते में रोक कर बाइक सवार अज्ञात युवकों द्वारा बेरहमी से पीट लहूलुहान कर हजारों रुपए की नगदी और मोबाइल लूटने का सनसनीखेज आरोप लगा है। बाइक सवार अज्ञात युवकों की दबंगई का शिकार हुए पीड़ित को इलाज के लिए जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग में भर्ती कराया गया जहां तैनात डॉक्टर की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से घटना की जानकारी लेकर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम सूपा निवासी बृजेंद्र कुमार पुत्र हरिशंकर उम्र 38 वर्ष जिला मुख्यालय से ई-रिक्शा में सवार होकर वापस अपने गांव सूपा जा रहा था। ई-रिक्शा में एकदम दंपत्ति भी बैठा था। जैसे ही ई-रिक्शा ग्राम पचपहरा के पास पहुंचा तभी दो बाइकों में सवार पांच अज्ञात युवकों ने डंडा मार कर ई-रिक्शा रोक लिया और दंपति को डंडा मार कर धमकाते हुए मौके से भगा दिया। आरोप है कि युवकों द्वारा बृजेंद्र को घसीट कर सड़क किनारे ले जाया गया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान दबंगों ने उसकी जेब में रखे साढ़े छह हजार रुपए एवं उसका मोबाइल छीन लिया और उसे लहुलुहान अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले को लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर महोबा मनीष कुमार पाण्डेय का कहना है की सूचना प्राप्त हुई थी घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करा उपचार कराया जा रहा है,मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट, गाली-गलौज एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ सजा का ऐलान

**महोबा।** पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कंविक्शन अभियान के दृष्टिगत जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप ए.एस.जे.विशेष न्यायालय एससी/एसटी कोर्ट महोबा द्वारा मारपीट,गालीगलौज एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने वाले आरोपी मंगल पुत्र जानकी यादव,अरूण पुत्र जानकी यादव,मुलायम पुत्र जानकी यादव निवासीगण ग्राम बिलरही थाना श्रीनगर प्रत्येक को 03 वर्ष के कारावास एवं रु.1500/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### थाना महोबकंठ की पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित वरिष्ठ उपनिरीक्षक कन्हैयालाल मय हमराह हेड कांस्टेबल राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त संदीप उर्फ भूरा पुत्र मदन पाल अहिरवार उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम रुरीकला सम्बन्धित वाद सं.149/24 व मुकदमा अपराध संख्या 29/24 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट थाना चरखारी जनपद महोबा में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त को ग्राम रुरीकला के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### कुरारा क्षेत्र के भौली रोड पर विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के भौली रोड स्थित दो दुकान में विद्युत शॉट सर्किट से लगी आग से उसमें रखा जनरल स्टोर का सामान जलकर खाक हो गया है। दमकल दस्ते ने आग पर काबू पाया आगजनी में दोनों दुकान वाले का नुकसान हो गया है। कस्बा कुरारा के भौली रोड जाने वाली सड़क के किनारे कस्बा के वार्ड चार निवासी बउआ पुत्र सत्तादीन तथा राजेश पुत्र डि ममां की जनरल स्टोर की गुमटी रोड किनारे रखी हुई है। इसमें दैनिक उपयोग का सामान चूड़ी आदि का सामान बिक्री किया जाता था। बीती रात सात बजे दोनों अपनी अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। तभी रात ग्यारह बजे के लगभग विद्युत शॉट सर्किट से आग लग गई। जब लोगो ने दुकान में धुंआ देखा तब तक आग की लपटे उठने लगी, तब उनकी जानकारी दी गई। लोगो ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग नहीं बुझ सकी। तब दमकल दस्ते को फोन से घटना की जानकारी दी गई। तब दमकल दस्ते ने आग पर काबू पाया । दोनों की दुकान का समान जलकर राख हो गया है। आगजनी में राजेश ने बताया कि लाखों का नुकसान हुआ है। थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

### विकसित भारत जी राम जी जन जागरण अभियान की प्रभारी मंत्री ने की प्रेस वार्ता



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण विकसित भारत जी रामजी योजना जन जागरण अभियान की प्रेस वार्ता जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने पत्रकारों के साथ की। इस प्रेस वार्ता में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर उपस्थित रहे। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि आज की प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने बताया कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर एवं आधुनिक बनाने की दिशा में विकसित भारत जी राम जी एक्ट महत्वपूर्ण कदम है। पिछली योजना मनरेगा बंद नहीं की गई। जी राम जी एक्ट लागू होने तक मनरेगा पूर्ण रूप से लागू रहेगी तथा रोजगार की गारंटी जारी रहेगी पुरानी योजना की तुलना में वीबी जी राम जी यह पहल रोजगार अवसंरचना कौशल तकनीक और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से गांव के विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की दृष्टि से तैयार की गई है। उन्होंने कहा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा योजना निर्माण किया जाएगा गांव के विकास की बेहतर प्लानिंग के लिए पीएम गति शक्ति एवं अन्य आई टी टूल जैसे जी आई एस का उपयोग किया जाएगा गांव के समेकित विकास हेतु अन्य विभागों एवं विभागीय योजना से अभिसरण किया जाएगा। आज की प्रेस वार्ता में पिछड़ा मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री गणेश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, विजय पांडे, जिला बंशीधर सेंगर, महामंत्री नरवेद्र सिंह, कृष्ण कुमार गुप्ता, बंटी, लक्ष्मी रतन साहू, नीलम बाजपेई, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, अनीश अहमद, मोहन कुशवाहा, अंकित गुप्ता, अंकित सिंह एवं वरिष्ठ तथा कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में आठ लोग घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए जिसमे पांच लोगों के मामूली चोट आई वहीं तीन लोगो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए जिसमें मौदहा निवासी सीरिया 40 वर्ष पत्नी मुनीरउद्दीन सड़क एक्सीडेंट दुर्घटना में घायल हो गई और अंकित 28 वर्ष पुत्र अनिल चौरसिया बड़े चौराहा से अपने घर की तरफ जा रहा था तभी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई जिससे सड़क पर गिर घायल हो गया वही शिव शंकर 54 वर्ष पुत्र नाथूराम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही बबलू 27 वर्ष पुत्र कल्लू मौदहा निवासी अपनी बहन को लेने महोबा की ओर जा रहा था तभी चिचारा गांव के पास ट्रक से टक्कर हो जाने पर बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं एंबुलेंस द्वारा मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहा जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही अजय कुमार 27 पुत्र रामाश्रय केवटरा मोहल्ला मौदहा निवासी एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर कपसा गांव की ओर जा रहे थे तभी सिजनौड़ा गांव के पास अचानक किसी अज्ञात वाहन से जोरदार टक्कर हो गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं 108 नंबर एंबुलेंस समय से न पहुंचने के कारण वहां मौजूद लोगों ने तीनों घायलों को ई-रिक्शा पर बैठकर सरकारी अस्पताल की ओर ले जाया गया जहां रहमानिया इंटर कॉलेज के पास एम्बुलेंस मिल जाने पर घायलो को बैठकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अजय की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं परशुराम पुत्र सत्ती दीन केवटरा निवासी हुआ सुमित फत्तेपुरवा निवासी का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## परसदा डेरा को सम्पर्क मार्ग को लेकर अनशन पर बैठे लोगों के साथ धरने में बैठे सामाजवादी पार्टी के लोग



**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत छानी के परदसवा डेरा के ग्रामीणों द्वारा परदसवा डेरा को सम्पर्क मार्ग छानी एवं भुलसी से पक्की सड़क से जोड़े जाने के संबंध में चल रही अनशन के पक्ष में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इदरीश खान सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने पहुंच कर सहभागिता दर्ज की। समाजवादी पार्टी ने भरोसा दिलाया कि समस्त गग्रामीणों के साथ हम पूर्ण रूप से उनकी हर संभव मदद करेंगे इस मौके पर जिलाध्यक्ष इदरीश खान, राजेंद्र कुमार निषाद, चंद्रावती वर्मा पूर्व प्रत्याशी राठ विधानसभा, घनश्याम साहू प्रदेश सचिव सपा, ओमप्रकाश सोनकर वारसी प्रदेश सचिव,मन प्यारे निषाद जिला उपाध्यक्ष, रामस्वरूप किसान, राजेश विश्वकर्मा जिला सचिव, राम प्रताप सैनी विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि, विनय तिवारी सैयद शाहबाज अली, जिला अध्यक्ष मानवाधिकार, आसिफ, शकील सूर्य देव आदि साथी उपस्थित रहे।

## कुरारा में रैन बसेरे का उपजिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में नगर पंचायत में संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण अधिशाषी अधिकारी एस डी एम सरीला द्वारा किया गया। स्थानीय नगर पंचायत में सर्दी को देखते हुए रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है। तथा बाहर से आने वाले लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी एस डी एम सरीला बलराम गुप्ता ने निरीक्षण कर व्यवस्था देखी तथा साफ सफाई पानी व अलाव आदि की व्यवस्था देखी तथा संचालन करने वाले को व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिए। तथा रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया तथा रैन बसेरा में रुकने वाले से वार्ता की।

## अजय तिवारी फिर बने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश शाखा-महोबा का हर दो वर्ष मे होने वाला चुनाव मुख्यालय स्थित जिला पुरुष चिकित्सालय में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद चित्रकूट धाम मंडल बांदा के मंडल अध्यक्ष अजय निगम की अध्यक्षता व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश शाखा-महोबा के संरक्षक सुनील शर्मा की उपस्थिति में समपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश शाखा-महोबा के जिला मंत्री सुलेमान खान ने कार्यकारिणी भंग की घोषणा कर चुनाव कार्यवाही आरम्भ की जिसमे सर्वसम्मति से अजय तिवारी कोषागार विभाग को पुनः जिलाध्यक्ष, केल करन सिंह स्वास्थ्य विभाग को जिला मंत्री, विनोद वर्मा पंचायत विभाग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष , रिजवान अहमद खान को संप्रेक्षक निर्विरोध चुना गया। आज के इस कार्यक्रम में पीडबल्यूडी, कृषि विभाग, बाल विकास, लघु सिचाई, विकास भवन, रोडवेज, स्वास्थ्य विभाग आदि संगठनों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल युवक के इलाज के दौरान हुई मौत

- कानपुर के निजी अस्पताल में सुबह तोड़ा दम

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गत मंगलवार की देर शाम भभौरा मार्ग में सड़क हादसे में घायल युवक की शुक्रवार को सुबह कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और पिता के साथ खेती किसानी में हाथ उठाकर सहयोग करता था गत मंगलवार को भभौरा निवासी निखिल सिंह गांव निवास हर्षित सिंह 24 के साथ कस्बे में बाजार करने बाइक से आया था। देर शाम दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। भभौरा मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों घायल होकर बेहोशी की हालत में रातभर सड़क किनारे पड़े रहे थे। बुधवार को सुबह जानकारी होने पर परिजनों ने दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। डाक्टरों ने निखिल सिंह को मृत घोषित कर दिया था। हर्षित को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया था। गुरुवार को तड़के 4:00 बजे हैलेट से जवाब होने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को सुबह 7:00 बजे हर्षित ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के पिता अरविंद सिंह ने बताया कि हर्षित तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था। खेती किसानी में हाथ बटाकर सहयोग करता था अचानक हुई इस घटना से भाई धीरेन्द्र, शतवेंद्र सिंह को रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया है।

## अनियंत्रित डंपर ने दो लोडरों को मारी टक्कर बाल-बाल बचे लोडर चालक



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात घने कोहरे के चलते तेज रफ्तार डंपर ने हाईवे पर कुंडौरा गांव के समीप दो लोडरों को टक्कर मार दी। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। लोडर चालक देवेंद्र ने बताया कि वह कानपुर से प्लाई लादकर महोबा जा रहा था। गुरुवार की रात करीब 11:30 बजे खूनी हाईवे पर कुंडौरा गांव के समीप पीछे से आ रहे थे रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। उसके बाद उसके आगे जा रहे दूसरे लोडर को भी टक्कर मार दी। इस घटना में सभी बाल बाल बच गए। टक्कर लगने से दोनों लोडर क्षतिग्रस्त हो गए। लोडर चालक ने बताया कि हादसा घने कोहरे के चलते हुआ है।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के ककरऊ गांव निवासी ग्रामीण के खिलाफ थाना कुरारा में मुकदमा पंजीकृत है। इस मुकदमे में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया है पुलिस ने उसे गांव से गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के ककरउ गांव निवासी गुलबदन यादव पुत्र सुरेंद्र यादव के खिलाफ थाना कुरारा में मुकदमा पंजीकृत है। इसके खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया है। बेरी चौकी प्रभारी रिंकू तिवारी व कांस्टेबल गुलशन शर्मा ने गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# काले कंबल वाले बाबा के शिविर में पहुंचे हजारों लकवा बीमारी से ग्रसित मरीज

- त्रिकालदर्शी दरबार में पंडोखर सरकार ने सैकडों भक्तों का बनाया पर्चा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के चौरा देवी प्रांगण में आयोजित नव दिवसीय आध्यात्मिक शिवचर्चा-दिव्य त्रिकालदर्शी दरबार के साथ काले कंबल वाले बाबा के शिविर में शुक्रवार को हजारों की संख्या में गंभीर बीमारी से ग्रसित रोगियों का उपचार किया गया। इस दौरान सिद्धपीठ पंडोखर सरकार का भी दरबार लगा जिसमे उन्होंने सैकड़े दुःखियों का पर्चा बनाकर उन्हें कष्ट से निवारण का उपाय बताया। सिद्धेश्वर महादेव धाम झलोखर के तत्वावधान में माँ चौरा देवी प्रांगण पर महाकुंभ के अंतर्गत रसिक इंटरनेशनल सांस्कृतिक मंडल बुंदेलखंड के निर्देशन में बुंदेलखंड की लोकप्रिय कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक तेजस्विनी महाराज ने शुक्रवार को शिव कथा का वर्णन किया जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। इस दौरान गुजरात की धरती से विराजमान काले कंबल वाले बाबा का दिव्य दरबार भी सजा। जिसमें शुक्रवार को एक हजार से अधिक संख्या में लकवा, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, बहरे और दिव्यांगता सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों का बाबा ने उपचार किया।दिव्य दरबार में बाबा ने लकवा जैसी कई बीमारी से ग्रसित कई बच्चों और बुजुर्गों को चलाकर दिखाया।शिविर में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रसित ऋतुराज सोनी और उनके परिजन दूसरे दिन भी दरबार पहुंचे उन्होंने बताया कि दिल्ली एम्स से लेकर कई बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाकर हार चुके है। शिविर के दूसरे दिन भी उन्हें कुछ प्रतिशत लाभ दिखाई दिया है। वहीं काले कंबल वाले बाबा नाम से विख्यात गुजरात प्रांत निवासी गणेश यादव ने बताया कि मस्कुलर डिस्ट्रॉफी नामक बीमारी जिसको लेकर देश विदेश के डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए है उसको भी वह 15 से 16 शिविर में अर्जी लगाने पर ठीक कर सकतें है। वहीं शुक्रवार की शाम त्रिकालदर्शी दरबार में सिद्धपीठ पंडोखर सरकार का भी दरबार लगा जिसमे उन्होंने सैकड़े दुःखियों का पर्चा बनाकर उन्हें कष्ट से निवारण का उपाय बताया। इस दौरान कानपुर, बाँदा,महोबा, लखनऊ, बिहार, जयपुर,चेन्नई, राजस्थान, हरियाणा सहित कई प्रदेश के मरीज और तिमारदार पहुंचे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लेवा वि.ख. मौदहा हमीरपुर।

पत्रांक-मेमो 2025-26 — दिनांक 09.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एवं व्यापार कर में पंजीकृत फर्मों से मनरेगा योजना, राज्य वित्त आयोग योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है। जो दिनांक 20.01.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत लेवा में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 10.01.2026 से दिनांक 20.01.2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेगें। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण अवधि में कार्य का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री अंश | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ह्यूम पाइप पुलिया निर्माण शिवपूजन के खेत के पास | 165309 | 141516 | 550 | 2830 | 3 माह |

**अन्य शर्तें-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी संबंध प्रपत्र एम.एम. 11 अंतिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा किसी भी स्थिति में नियमानुसार रायल्टी काट ली जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत लेवा**
**वि.ख. मौदहा, हमीरपुर**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत लेवा**
**वि.ख. मौदहा, हमीरपुर**

# लेखपाल संघ ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर (बाराबंकी), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उपशाखा तहसील फतेहपुर की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में तहसील क्षेत्र में कार्यरत लेखपालों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत संगठन के तहसील मंत्री रुष वर्मा के नेतृत्व में लेखपालों ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से लेखपालों ने अवगत कराया कि वर्तमान में उनसे फार्मर रजिस्ट्री एवं एग्रीस्टैक का कार्य एक साथ कराया जा रहा है। दोनों कार्य अत्यधिक समय व श्रमसाध्य होने के कारण एक साथ करना व्यवहारिक नहीं है। इसके बावजूद कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। लेखपालों ने मांग की कि इस संबंध में दबाव समाप्त किया जाए। साथ ही कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई फार्मर रजिस्ट्री की सूची में कई त्रुटियां हैं,



जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। लेखपालों ने त्रुटिपूर्ण सूची को संशोधित कर सही सूची उपलब्ध कराने की मांग की। दूसरी मांग के रूप में लेखपालों ने पूर्व से लंबित देयों के भुगतान का मुद्दा उठाया। बताया गया कि इस संबंध में पूर्व में भी ज्ञापन दिया जा चुका है तथा आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। तीसरी मांग में लेखपालों ने आकस्मिक अवकाश से संबंधित समस्या को उठाते हुए कहा कि संबंधित राजस्व निरीक्षक स्तर से एक दिन का आकस्मिक अवकाश व्यवहारिक रूप से स्वीकृत किए जाने की अनुमति प्रदान की जाए, जिससे कर्मचारियों को अनावश्यक प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। लेखपाल संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सहानुभूतिपूर्वक विचार कर समाधान नहीं किया गया तो संगठन को कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस दौरान अरविंद वर्मा, कपिलदेव, सर्वेश कुमार, राकेश कुमार, शालिनी तिवारी, दीपक वर्मा, प्रिंस शर्मा, कुलवंत, सद्दाम, आशीष कुमार वर्मा, शैलेंद्र कुमार, कल्पना रावत सहित अन्य लेखपाल उपस्थित रहे।

## मिशन पहचान की परीक्षा सकुशल सम्पन्न



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील स्तरीय मिशन पहचान परीक्षा के अंतर्गत तहसील रामनगर के सापेक्ष 80 विद्यार्थियों में से 77 विद्यार्थी उपस्थित रहे हैं। जिनका प्रतिशत 96.25 रहा। सिरौली गौसपुर में 90 के सापेक्ष 84 विद्यार्थी उपस्थित रहे जिनका प्रतिशत 93.33 रहा। नवाबगंज में 412 के सापेक्ष 383 बच्चे उपस्थित रहे। जिनका प्रतिशत 92.96 रहा। राम सनेही घाट में 136 के सापेक्ष 129 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिनका प्रतिशत 94.85 रहा। हैदरगढ़ में 186 के सापेक्ष 173 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिनका प्रतिशत 93ए01 रहा तथा फ़तेहपुर में 149 के सापेक्ष 147 विद्यार्थी उपस्थित रहे जिनका प्रतिशत 98.65ब रहा। कुल पंजीकृत विद्यार्थी 1053 के सापेक्ष 993 उपस्थित रहे हैं। जिनका प्रतिशत94.30 रहा।

हैदरगढ़ संवाददाता के अनुसार, तहसील मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को तहसील स्तरीय मिशन पहचान परीक्षा वर्ष 2025/26 के परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मेधावी सम्मान समारोह में राजकीय एवं वित्तीय सहायता प्राप्त कॉलेज के छात्र छात्राओं को मेडल प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पिछले 4 वर्षों से प्रदेश के एकमात्र बाराबंकी जनपद में आयोजित हो रही मिशन पहचान परीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रयासों से आयोजित हो रही है। इस परीक्षा के तहत सबसे पहले विद्यालय स्तर पर मेधावी पहचान परीक्षा आयोजित होती है उसके बाद तहसील मुख्यालय पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसमे प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्राओं को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिलता है।

मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जिस प्रकार आप विद्यालय और तहसील स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उसी प्रकार जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में भी आप अच्छा प्रदर्शन कर अपने परिवार विद्यालय एवं हैदरगढ़ तहसील का नाम रोशन करने का काम करेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम कनौजिया सभासद मोहम्मद उमर हाशमी मोहम्मद इशहाक करुणेश द्विवेदी विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं अभिभावक शिक्षक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चाकू की नोंक पर बदमाशों ने व्यापारी से लूटा नकदी व मोबाइल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी में वृहस्पतिवार की शाम बदमाशों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए एक किराना व्यवसायी को चाकू की नोंक पर लूट लिया। पीड़ित ने बताया कि बदमाश उसे बाइक समेत रामनाथपुर गांव के पास ले गए और वहां करीब 35 हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा गांव निवासी किराना व्यवसायी दूधनाथ बृहस्पतिवार की शाम करीब छह बजे घर से अपने बिक्की से अमेठी किराना का सामान लेने जा रहे थे। रास्ते में बाईपास के पास वह एक चाय की दुकान पर रुके। इसी दौरान दो युवकों ने चाकू दिखाकर उन्हें धमकाया तथा जबरन उनकी बिक्की पर बैठ लिया। आरोपी उन्हें रामनाथपुर गांव के पास सुनसान स्थान पर ले गया, जहां उनकी जेब में रखे 35 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिया। बेटे रिंकू ने बताया कि किसी तरह उन्हें घटना की सूचना मिली जिसके बाद वह अमेठी थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ पीड़ित को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और मौके की छानबीन शुरू कर दी।

### बीएलओ व बीएलए की बैठक कल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम-2026 के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में 11 जनवरी रविवार को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेण्ट के साथ संबंधित मतदेय स्थलों के बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ की पूर्वान्ह 10 बजे से बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त बैठक में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की गणना अवधि में चिहिन्त किये गये अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक, एवं डुप्लीकेट एएसडी मतदाताओं की सूची बीएलओ द्वारा बीएलए को उपलब्ध कराई जायेगी, साथ ही बीएलओ द्वारा बैठक में संबंधित बीएलए की उपस्थिति भी दर्ज की जायेगी।

### कोहरे को देखते हुए वाहनों में लगाये गये रेट्रो रिफ्लेक्टर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवें दिवस पर यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर कस्बा अमेठी में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी। कोहरे व धुंध को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 217 वाहनों का चालान कर 2,47,000 रुपये जुर्माना योजित किया गया।

### ग्रामीणों ने देखा विशालकाय अजगर, हड़कंप


**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत सहोदरपुर मजरे पलिया चन्दापुर गांव निकट जंगल में एक विशालकाय अजगर दिखाई पड़ने से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी लेकिन काफी देर तक जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार अजगर की लंबाई लगभग 15 फिट बताई जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के खेतों और आबादी के बीच अजगर के घूमने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है ग्रामीण बच्चों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अजगर को तत्काल पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाए।

### किसान पर जानलेवा हमले में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के हिलहा गांव में किसान पवन बाजपेई के घर में घुसकर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।घायल किसान की पत्नी ने इस संबंध में कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी थी। उन्होंने गांव के बृजेश कुमार पाण्डेय, उनके बेटों अनुज व अभिषेक पाण्डेय समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हमले का आरोप लगाया था।शुक्रवार सुबह कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि घटना के दो आरोपी लालगंज गांव के पास खड़े हैं। सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक त्रियुगीनारायण तिवारी, उपनिरीक्षक रोहित और हमराही पिंटू यादव व कांस्टेबल गौरव कुमार की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने बृजेश कुमार पाण्डेय और उनके बेटे अनुज कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया।

### अन्नपूर्णा भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकासखंड की ग्राम सभा महेरी में अन्नपूर्णा भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रो के बीच ग्राम प्रधान देशराज यादव व ग्राम पंचायत अधिकारी आलोक शुक्ला के द्वारा किया गया। भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आलोक शुक्ला ने कहा की सरकार द्वारा निर्मित कराए गए इस भवन से आम जनता को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सारी सुविधाएं एक स्थान पर प्राप्त हो जाएगी और साथ ही साथ एक बेहतर वातावरण का निर्माण भी होगा। अभी तक इन दुकानों की हालत यह है की दुकानदार अपने निजी भवन अथवा किराए के मकान में इसका संचालन करते हैं, परंतु अब यह सारा कार्य इन्हीं भवनो में संचालित होगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान के परम मित्र मनोज यादव द्वारा ग्रामीणों में कंबलों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर ग्राम सभा के वरिष्ठ नागरिक व आम जनमानस के लोग मौजूद रहे।

## पोस्ता छिलका के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जैदपुर पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी मिली है।थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा 2 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 77 किलो 610 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका का बुरादा व घटना में प्रयुक्त 2 अदद वाहन बरामद किया है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद मे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह थाना जैदपुर,कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक विनय कुमार,उप निरीक्षक नीरज कुमार, हेड कांस्टेबल गुफरान खान, अनुज सिंह, सुरेन्द्र वर्मा, कांस्टेबल पवन, राहुल यादव, धीरेन्द्र कुमार यादव, सुग्रीव सिंह की थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण उस्मान पुत्र मोहम्मद खलील निवासी ग्राम बंजारन पुरवा कस्बा थाना जैदपुर व फिरोज पुत्र स्व मोहम्मद हलीम निवासी पल्हरी थाना सफदरगंज को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तो के कब्जे से कुल 77 किलो 610 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका का बुरादा व घटना में प्रयुक्त दो अदद वाहन कार यूपी 32 डीके 7680 व यूपी 32 एफजे 7269 को बरामद किया गया।अभियुक्तो के विरूद्ध थाना जैदपुर पर क्रमशः मुअसं 06/2026 धारा 8/15/29/60(3) व मुअसं 07/2026 धारा 8/15/29/60(3) एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।वांछित अभियुक्तो चांदबाबू व सलमान की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

## प्रवर्तन दल के साथ मैदान में उतरे उप परिवहन आयुक्त अयोध्या

- दुर्घटना से बचाव व जीवन रक्षा के लिए हेलमेट-सीटबेल्ट का करें प्रयोग : राजकुमार सिंह
- अल्कोहल स्तर निर्धारित क्षमता से अधिक मिलने पर बाइक सवार का होगा चालान
- बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ब्लैक फिल्म पर 96 वाहन चालकों का हुआ चालान



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क सुरक्षा बढ़ाने व नियमो का पालन करवाये जाने की दिशा मे परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत उप परिवहन आयुक्त अयोध्या जोन राजकुमार सिंह के नेतृत्व मे सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या विश्वजीत सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने पटेल चौराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, ब्लैक फिल्म के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुये कार्यवाही की। इस दौरान शराब पीकर दो पहिया वाहन चलाते मिले चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने पर अल्कोहल स्तर निर्धारित क्षमता से अधिक पाये जाने पर चालान किया गया। तो वही बीच सड़क पर सवारी बैठाने वाले परिवहन निगम के बस चालक व कंडक्टर को फटकार लगाते हुये चालान किया गया। आज शुक्रवार को उप परिवहन आयुक्त अयोध्या के नेतृत्व मे प्रवर्तन टीमो द्वारा ब्लैक फिल्म, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के उल्लंघन मिलने पर 96 वाहन चालको को चालान किये। चेकिंग के दौरान उप परिवहन आयुक्त अयोध्या श्री सिंह ने लोगो से सड़क पर वाहन चलाते समय रोड़ सेफ्टी नियम पालन करने, दुर्घटना से बचाव व जीवन रक्षा के लिए हेलमेट-सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कभी न करने की अपील भी की।

# डलमऊ फतेहपुर मार्ग गड्ढों में तब्दील

- टोल टैक्स बचाने के चक्कर में डलमऊ से होकर गुजरते हैं भारी वाहन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ कस्बे में फतेहपुर की तरफ से आने और जाने वाले वाहनों के चलते लगातार आम जनमानस की समस्या बढ़ती जा रही है ओवरलोड ट्रक व डंपर टोल टैक्स बचाने के चक्कर में डलमऊ से ही निकलते हैं लगातार इन वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी से आम जनमानस के साथ ही व्यापारी भी पूरी तरह से परेशान है। डलमऊ के मुराई बाग चौराहा से



लेकर फतेहपुर गंगापुल तक लगातार वाहनों की बढ़ती हुई संख्या एवं ओवरलोडिंग के चलते एवं प्रशासन की अनदेखी से सड़क पूरी तरह से गड्ढों में बदल गई है सड़क किनारे बनी पटरियों में एक फीट तक गड्ढे हो गए हैं सड़क से तारकोल गायब हो गई है मुराई बाग से गंगापुल तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क पर आम जनमानस के लिए चलना जान जोखिम में डालना साबित हो रहा है पिछले दिनों एक के बाद एक कई घटनाएं हो चुकी है आए दिन ट्रक व डंपर से लोगों की मौत भी हो रही है बीते 7 जनवरी को 55 वर्षीय ब्रह्मा देवी की जान ट्रक की चपेट में आने से हो गई इसके पहले कानपुर निवासी एक श्रमिक की मौत हुई कई बार व्यापारियों व क्षेत्रीय लोगों के द्वारा इन ओवरलोड ट्रक व डंपरों पर रोक लगाए जाने की मांग की गई लेकिन क्षेत्रीय प्रशासन अपनी जेब भरने के चक्कर में इन वाहनों पर अंकुश लगाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है फतेहपुर एवं डलमऊ के बीच मौरंग एवं गिट्टी का व्यापार होने के चलते इसी मार्ग से वाहन बाराबंकी अयोध्या सुल्तानपुर व रायबरेली जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के लिए गुजरते हैं जो टोल टैक्स बचाने के चक्कर में लालगंज से ना जाकर फतेहपुर मुराई बाग से ही गुजरते प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों की आवाजाही से व्यापारी पूरी तरह से त्रस्त है इन वाहनों पर रोक लगाए जाने को लेकर व्यापार मंडल ने कई बार उच्च अधिकारियों से गुहार भी लगाई। शुक्रवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य के साथ व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर इन वाहनों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की।

## हमारी संस्कृति हमारी पहचान के तहत संस्कृति उत्सव की प्रतियोगिता का आयोजन

- ग्राम पंचायत, ब्लॉक व तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 14 जनवरी तक
- जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता 15 जनवरी को

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश के क्रम में 10 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक जनपद रायबरेली में उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव 2025-26 मनाये जाने विषयक निर्देश निर्गत किये गये हैं। संस्कृति उत्सव 2025-26 के अन्तर्गत गायन, वादन एवं नृत्य से सम्बन्धित विधावों से संबंधित 10 से 14 जनवरी 2026 तक ग्राम पंचायत, विकास खण्ड, तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा 15 जनवरी को जनपद स्तर के चयनित कलाकारों का प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मुख्यालय पर किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत एवं विकास खण्ड स्तर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन के उपरान्त 14 जनवरी 2026 को तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा निर्धारित किया जायेगा तथा जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता 15 जनवरी 2026 को सामुदायिक केन्द्र रतापुर रायबरेली में आयोजित की जायेगी।

## ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन, डिप्टी सीएम के कार्यक्रम का देखा गया सीधा प्रसारण



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

किंतूर पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस चौपाल में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के ग्राम चौपाल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया।यह ग्राम चौपाल शुक्रवार दोपहर 2 बजे शुरू हुई जिसका मुख्य उद्देश्य गांव की समस्या गांव में समाधान था।खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना। इस दौरान परिवार रजिस्टर से संबंधित दो शिकायतें सामने आईं, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया।उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में आने वाली सभी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस आयोजन में एपीओ रेनू रावत, पंचायत सचिव सुरेश कुमार यादव और ग्राम प्रधान अकरम अंसारी रोजगार सेवक अजय यादव सहित कई ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेंट्रल बार अध्यक्ष ने जिला जज को दी नववर्ष की शुभकामनाएं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नववर्ष के अवसर पर सेंट्रल बार एसोसिएशन अमेठी के जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज मिश्रा ने सेन्ट्रल बार एसोसिएशन अमेठी मुख्यालय गौरीगंज के अधिवक्ता एवं पदाधिकारियों के साथ जिला जज अमेठी से पुष्पगुच्छ के साथ शिष्टाचार भेंट कर नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के साथ मुख्यालय गौरीगंज के अन्य सम्मानित साथी भी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने मौके पर उपस्थित साथी अधिवक्ताओं सहित जिला जज से जनपद में शीघ्र दीवानी न्यायालय के संचालन हेतु परिचर्चा की गई। जिस पर जिला जज ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के साथ मुख्यालय के सीनियर अधिवक्ताओं सहित जिला बार एसोसिएशन के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई दलमान के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया है कि डलमऊ कस्बे के जगतपुर रोड से मुराई बाग आने वाले भारी वाहन ट्रकों एवं डंपरों पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है व्यापारियों का कहना है कि कस्बे में आने वाले भारी भारी वाहनों के चलते दुर्घटनाएं हो रही हैं जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है व्यापारियों ने कहा कि भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक लग जाने से हादसों और जाम की समस्या से निजात मिल सकती है व्यापारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में खाली ट्रक और डंपर टोल टैक्स बचाने के लिए जगतपुर रोड से मुराई बाग कस्बे होते हुए फतेहपुर की ओर जाते हैं। इन वाहनों की अधिक संख्या कस्बे में जाम का मुख्य कारण बनती है।व्यापारियों ने चिंता व्यक्त की कि जगतपुर रोड पर ही कस्बे के मुख्य विद्यालय स्थित हैं। विद्यालय समय में तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रकों व



डंपरों से छात्रों के लिए हादसों का खतरा बना रहता है। पिछले तीन-चार महीनों में कई सड़क हादसे हुए हैं। हाल ही में, 7 जनवरी को शाम 5:30 बजे एक दुखद घटना हुई जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत एक आरक्षी की माता का सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक से एक्सीडेंट हो गया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ा दिया है। व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जगतपुर से आने वाले ट्रकों और डंपरों के मार्ग पर तत्काल रोक लगाई जाए। इससे व्यापारियों, आम जनमानस और विद्यार्थियों को होने वाली कठिनाइयों को कम किया जा सकेगा। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपते समय रामगोपाल वैश्य, अमित तिवारी, संतोष कौशल, पथवारी शंकर, सुनील हांडा और आदित्य यादव सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

**INFORMATION**

I hitherto known as ARWATI W/O- RAMUATAR, R/O-JNV Road Bhakhramau Colony, PO:Fatehgarh, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh 209601, have changed my name and shall hereafter be HARVATI DEVI.

**ARWATI W/O- RAMUATAR,R/O-JNV Road Bhakhramau Colony, PO:Fatehgarh, DIST: Farrukhabad, Uttar Pradesh 209601**

## परशुरामेश्वर धाम पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामो के अंतर्गत लालूपुर ढबिया स्थित सनातन परशुरामेश्वर धाम पर तीन दिवसीय 14 से 16 जनवरी को मेला का आयोजन किया गया है। साथ ही आयोजक जिलाजीत पाण्डेय ने बताया कि 15 जनवरी को 5100 महिलाओं द्वारा दुखदुरिया का बृहद आयोजन किया गया है। आयोजक जिलजीत पाण्डेय ने दुखदुरिया कार्यक्रम के आयोजन में शामिल होने के लिए माताओं, बहनों से अपील की है, साथ ही मेले में सभी से पंहुचने की अपील की है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शीशपति त्रिपाठी तीन त्रिशूल अयोध्या होंगे।

## नगरपालिका गौरीगंज में सफाई के साथ जगह-जगह जले अलाव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

कड़ाके की ठंड को देखते हुए गौरीगंज नगरपालिका क्षेत्र में सफाई अभियान के साथ-साथ अलाव की व्यवस्था भी बेहतर ढंग से की गई है। नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और जरूरतमंद इलाकों में अलाव जलाए जा रहे हैं, जिससे ठंड से लोगों को राहत मिल रही है।

नगरपालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन 200 कुंतल से अधिक लकड़ी अलाव के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। ठंड के इस मौसम में अब तक 4 हजार कुंतल से अधिक लकड़ी अलाव



व्यवस्था के लिए भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नए स्थान पर अलाव जलाने की मांग आती है, तो वहां भी तुरंत लकड़ी पहुंचाकर अलाव की व्यवस्था कराई जाती है। नगरपालिका की इस पहल से खासतौर पर राहगीरों, मजदूरों और जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिल रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट, सड़क सुधार कार्यों तथा यातायात नियमों के कड़ाई से अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर,



रोड पैच सुधार, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग के कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं। बैठक में स्कूली वाहनों एवं बसों की नियमित जांच, फिटनेस एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच तथा 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर दृश्यता बढ़ाने, टोल प्लाजा पर कांटा, क्रेन, कटर व एम्बुलेंस की उपलब्धता, तथा प्रमुख चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था, संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड शैलेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रमेश चंद्र, एआरटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, बीएसए, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 215855289, 236640655, 213808959 में मेरा नाम जवाहरलाल पुत्र मनोहरलाल अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा एवं मेरे पिताजी का नाम भगेलू पुत्र छब्बेलाल अंकित है। यह दोनों नाम स्वयं के एवं मेरे पिताजी के हैं इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या में मेरा नाम जवाहरलाल उर्फ भगेलू पुत्र मनोहर लाल उर्फ छब्बे लाल अंकित किया जाए।

**जवाहरलाल उर्फ भगेलू पुत्र मनोहर लाल उर्फ छब्बेलाल निवासी ग्राम व पोस्ट मोहम्मद नगर डीहा जिला बहराइच मो. 8052928215**

# अत्यंत प्राचीन गंगेश्वरनाथ तालाब का सौंदर्यीकरण तेजी से जारी

**3 करोड़ 60 लाख से सीएनडीएस करा रहा है काम**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में अत्यंत प्राचीन श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर का तालाब वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा है। अब इसके दिन बहुरने वाले हैं क्योंकि 3 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से जल निगम की संस्था सीएनडीएस ने शेष बचा काम तेजी से शुरू कर दिया है। प्रथम चरण में पिछले वर्ष कार्यदाई संस्था के ठेकेदार संतोष मिश्रा अभय इंटरप्राइजेज ने कई वाटर पंप लगाकर इसमें भरा गंदा पानी निकालने का काम शुरू किया था। यह पानी लंबे पाइपों से तालाब के किनारे बने पक्के नाले में डाला गया था। इसके साथ ही जेसीबी मशीन से खुदाई करके तालाब को गहरा किया गया था।लेकिन बरसात शुरू हो जाने से काम रुक गया था। अब फिर से काम शुरू हो गया है। जल्द ही इसकी बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी। मालूम हो कि नगर पालिका के तकरीबन सभी पूर्व चेयरमैनों ने अपने कार्यकाल में इसके सौंदर्यीकरण की घोषणा की लेकिन काम कभी नहीं हुआ। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया इस तालाब की सफाई, पानी की रीसाइकलिंग एवं सौंदर्यीकरण के लिए जल निगम की सीएनडीएस को 3 करोड़ 60 लाख रुपए के बजट से काम सौंपा गया है। इसका सुंदरीकरण हो जाने के बाद नगर के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी। अमृत योजना के तहत यह कार्य दिसंबर तक पूरा कर नगर पालिका को हैंडओवर करना था पर अभी कार्यदायी संस्था महज 50 फीसदी काम ही पूरा कर पाई है। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने 18 अप्रैल को तालाब के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को बरसात से पहले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। अभी तक कार्यदायी संस्था ट्रैक का निर्माण कर स्टोन पिचिंग करवाकर तालाब को केवल आकार ही दे पाई है। इसमें वॉटर रिचार्ज की व्यवस्था, गंदा पानी तालाब में जाने से रोकने एवं एकत्रित होने वाले गंदे पानी के फिल्टर करने समेत कई कार्य अभी तक शुरू भी नहीं हो पाए हैं।

**नियमित की जा रही है मॉनिटरिंग**

इस संबंध में ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि काम को जल्द पूरा कराने के लिए वह स्वयं मॉनीटरिंग कर रहे है। तालाब पर आने वाले लोगों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी के लिए जल्द ही सीएनडीएस के अधिकारियों से बैठक कर वार्ता की जाएगी।

**बजट के अभाव में काम प्रभावित**

सीएनडीएस के सहायक अभियंता रंजन चौरसिया ने बताया कि बजट के अभाव में सुंदरीकरण का काम रुक गया था। बजट जारी होते ही तेजी के साथ काम शुरू करा दिया गया है। मार्च 2026 तक काम पूरा कर नगर पालिका परिषद को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

# पूर्वी बाईपास पर नाला का निर्माण शुरू

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पूर्वी बाईपास पर प्रस्तावित मेजर जंक्शन की जगह छोड़कर उसके आगे राजकीय पशु चिकित्सालय के सामने से नगर पालिका ने नाल का निर्माण फिर से शुरू कर दिया है। नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में विकास खंड कार्यालय के पास नगर पालिका ने जीटी रोड हाईवे किनारे अतिक्रमण हटवा कर नाले का निर्माण शुरू किया था लेकिन जानकारी होते ही एनएचएआई ने यहां पर प्रस्तावित मेजर जंक्शन निर्माण का हवाला देते हुए काम रुकवा दिया था। आखिरकार वह जगह छोड़कर आगे से नाला का निर्माण शुरू कर दिया गया। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, ईओ सुनील कुमार सिंह व जेई रविराज कौशल ने बताया प्रोफेसर कॉलोनी एवं गनी मार्केट में पानी निकासी की समस्या को देखते हुए, तालग्राम चौराहे से संत निरंकारी आश्रम के पास पुलिया तक जलनिकासी के लिए नाले का निर्माण तीन चरणों में गनी मार्केट से नेहरू कॉलेज, नेहरू कॉलेज से सहकारी समिति पूर्वी और सहकारी समिति पूर्वी से निरंकारी आश्रम की पुलिया तक कराया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 1.2 किलोमीटर होगी। दूसरा नाला बहवलपुर में गोविंद तिवारी के मकान से रमाकांत श्रीवास्तव के मकान और एमएल वर्मा के मकान से रमेश राठौर के घर तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 1 किलोमीटर होगी। तीसरा नाला बाईपास हाईवे किनारे जनता कोल्ड स्टोरेज से काशीराम कॉलोनी की पुलिया तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 460 मीटर होगी। इन तीनों नालों का निर्माण शुरू हो चुका है। नगर में तीन नालों के निर्माण से बरसात के समय होने वाले जलभराव से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

# 18 वर्ष के युवाओं को फॉर्म-6 भरने का आह्वान

**एसआईआर पर भाजपा के बूथ अध्यक्षों की बैठक आयोजित**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला ऊंचा स्थित शक्ति केंद्र संयोजक एवं पूर्व सभासद अतुल वर्मा के आवास पर विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर सभी बूथ अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के अद्यतन पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, ताकि आगामी चुनावों में कोई विसंगति न रहे।

पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा तत्काल फॉर्म नंबर-6 भरकर अपने ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को सौंप दें। इससे उनका नाम मतदाता सूची में शीघ्र अंकित हो सकेगा। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया में छूट गए मतदाताओं को भी प्रारूप-6 भरने का निर्देश दिया, जिससे वोटिंग अधिकार सुनिश्चित हो। गुप्ता ने बूथ अध्यक्षों से अपील की कि वे घर-घर जाकर जागरूकता फैलाएं और फॉर्म वितरण में सक्रिय भूमिका निभाएं। सभी ने एसआईआर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। शक्ति केंद्र संयोजक पूर्व सभासद अतुल वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल सिंह, अभिषेक दुबे, शिवम राठौर, अजय श्रीवास्तव, प्रेम कुमार शर्मा, राहुल शाक्य, अविनाश चौहान, राजकुमार राठौर, अवनीश राजपूत एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तिब्बे यूनानी फातहे फ्री मेडिकल कैंप में उमड़ा मरीजों का सैलाब



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

फातहे बिलग्राम मिशन द्वारा मोहल्ला बिरतिया स्थित अय्यूब हाउस आजाद मकतब पाठशाला के पास शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक मुफ्त तिब्बे यूनानी मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हुजूर अनीसुल मशाइख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी जैदी बिलग्रामी की सरपरस्ती में आयोजित इस कैंप में बरेली शरीफ के प्रसिद्ध खानदानी हकीम अब्दुल हक ने मरीजों का मुआयना किया। हजरत हकीम अब्दुल हक ने पहले ही नगरवासियों से अधिक से अधिक मरीजों को कैंप में लाने की अपील की थी। बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार मुफ्त यूनानी दवाइयां वितरित की गईं। इस दौरान कैंप इंचार्ज हाफिज फैजान, सानू मंसूरी सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

### रॉन्ग साइड आ रहे ट्रैक्टर से टेंपो की भीषण टक्कर, 5 घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के चौहान ढाबा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मिट्टी खनन में लगा ट्रैक्टर तेज रफ्तार से रॉन्ग साइड आ रहा था, जिसकी जोरदार टक्कर छिबरामऊ से गुरसहायगंज जा रहे सवारियों से भरे थ्री-व्हीलर टेंपो से हो गई। इस भीषण दुर्घटना में टेंपो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में लछीराम नगला निवासी 10 वर्षीय बच्चा कन्हैया पुत्र अनिल प्रकाश, ग्राम शंकरपुर विशुनगढ़ निवासी 55 वर्षीय शीशराम पुत्र भीकम, नगर के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी 40 वर्षीय अनीता देवी पत्नी राजबीर, ग्राम हाथिन निवासी 38 वर्षीय प्रतिभा पुत्री पुत्तान सिंह और शिवराजपुर कानपुर निवासी 18 वर्षीय अजय पुत्र राजेश शामिल हैं। ट्रैक्टर चालक जो डीजल बचाने के लिए गलत साइड चल रहा था। हादसे के बाद ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद कर सभी घायलों को नगला दिलु स्थित सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। उनकी हालत गंभीर होने पर सभी को तिर्वा राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जाम को लेकर नगर पालिका गेट पर दी सांकेतिक धरने की चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**बाजारों में कई माह से भीषण जाम ले चुका है विकराल रूप**

नगर में व्याप्त जाम की समस्या ने शहरवासियों का सब्र तोड़ दिया है। माय सिटी माय रिस्पॉन्सिबिलिटी (एमसीएमआर) ग्रुप के सदस्यों ने नगर पालिका गेट पर सांकेतिक धरना की चेतावनी जारी की है। विगत दिवस एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था, जबकि अगले चरण में आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

उसके बाद जिलाधिकारी को रजिस्ट्री की जाएगी। यदि समस्या का समाधान न हुआ तो 20 जनवरी को शाम 4 बजे एमसीएमआर के जिम्मेदार सदस्य नगर पालिका परिषद कार्यालय के गेट पर धरना देंगे। इस अवसर पर नारा गूंजा- जाम के झाम से आराम चाहिए, सिर्फ तोड़-फोड़ नहीं, अंजाम चाहिए।

बहुत हो चुकी खानापूर्ति, अब जिम्मेदारों की जिम्मेदारी के लिए संग्राम चाहिए। शहर के बाजारों में कई माह से भीषण जाम विकराल रूप धारण कर चुका है। नगर पालिका प्रशासन और पुलिस एक-दूसरे पर जिम्मेदारी का ठीकरा फोड़ रहे हैं, जिससे कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही। इससे नागरिकों में रोष तेज हो रहा है। एमसीएमआर ने मांग की है कि जाम से मुक्ति के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं, वरना आंदोलन तेज होगा।

# बाल एवं शिशु विकास के लिए संतुलित पोषण जरूरी: डॉ. चंद्रकला

**जलालाबाद ब्लॉक में वैज्ञानिकों ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण**



जानकारी देती केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ चंद्रकला यादव

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी की ओर से जलालाबाद ब्लॉक में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए बच्चों में पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोग, उनके कारण और निवारण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में संतुलित आहार की अहम भूमिका पर जोर दिया। केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला ने बताया कि 0-5 वर्ष की आयु बच्चों के विकास का सबसे संवेदनशील काल होता है। इस अवधि में सही पोषण न मिलने से बच्चों के पूरे जीवन पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बचपन में पोषण की कमी आज वैश्विक चिंता का विषय बन चुकी है। बच्चों के आहार में पोषक तत्वों की कमी, गलत खान-पान की आदतें, विटामिन व खनिजों की अपर्याप्त मात्रा और अनियमित दिनचर्या कुपोषण को बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि पोषण की कमी के कारण बच्चों में कुपोषण, पाचन संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग, हड्डियों का कमजोर विकास और बौनापन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र की 35 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने सहभागिता की।

**बच्चों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है, फास्ट फूड**

जलालाबाद। वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने कहा कि फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड जैसे मोमोज, फिंगर चिप्स, चाउमीन, बर्गर और पिज्जा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हैं। इसके स्थान पर बच्चों को विटामिन, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, जिंक, ओमेगा-3 और फाइबर से भरपूर आहार देना चाहिए। उन्होंने दलिया, ब्राउन राइस, गेहूं की रोटी, बाजरा, ज्वार, रागी जैसे मोटे अनाजों के साथ-साथ मौसमी फल और सब्जियों को दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी।

# वाहनों से एआरटीओ ने उतरवाई अवैध हॉर्न-काली फिल्म

**सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर चलाया विशेष अभियान**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2026 के तहत जिले में परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से विशेष प्रवर्तन व जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान 01 जनवरी से 31 जनवरी तक जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को शून्य तक लाना है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) इज्या तिवारी ने बताया शुक्रवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान के दौरान व्यवसायिक वाहनों में लगे प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न तथा निजी वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म और हूटर पाए जाने पर उन्हें मौके पर ही उतरवाया गया। साथ ही यातायात सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनों को रोककर चालकों को सद्भावनापूर्वक समझाया गया और मोटर वाहन अधिनियम व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जनपद के राजकीय चिकित्सालयों तथा कानपुर- अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा पर वाहन चालकों के लिए नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 24 चालक व परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण में आंखों की जांच, रक्तचाप और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शामिल रहा।



वाहन चालकों को जागरूक करती एआरटीओ इज्या तिवारी

### मेंहदीघाट पर गंगा आरती, मंत्री रजनी तिवारी ने की सहभागिता

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के ऐतिहासिक मेंहदीघाट पर विगत सायंकाल श्रद्धा व आस्था से ओत- प्रोत गंगा आरती का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिले की प्रभारी मंत्री व राज्य मंत्री (उच्च शिक्षा) रजनी तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर माँ गंगा की आराधना की और जनपद की सुख- समृद्धि की कामना की। मंत्री ने कहा कि गंगा भारत की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक चेतना की प्रतीक हैं, ऐसे आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने गंगा स्वच्छता व संरक्षण का आह्वान किया। आरती के उपरांत जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 20 जनवरी से समधन में शुरू होगा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर पंचायत समधन के दारा सराय कॉलोनी ग्राउंड में 20 जनवरी 2026 से क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु होने जा रहा है। मैच खेलने वाले मैदान को कमेटी के आयोजकों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है जिसमें साफ सफाई से लेकर ग्राउंड पर पानी डाल कर मैदान को तैयार किया जा रहा है। टूर्नामेंट आयोजन कर्ता उम्मीद हसन अल्लाह रक्खा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट में फाइनल मैच जितने बाली टीम को एक बाईक सहित आदि पुरूस्कार दिया जायेगा और सामने वाली जो टीम हारेंगी उसे एक स्कूटी सहित आदि पुरस्कार दिया जाएगा आगे उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट मैच को एम भारत युटूब चैनल पर दिखाया जायेगा।

# सड़क सुरक्षा से ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण संभव: डीएम

**एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, झाँसी रोड उरई में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वह स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा एवं नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीके भिटौरिया, वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उप्र रासपनि उरई, बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्रप्रकाश, यातायात प्रभारी बीर बहादुर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, ऑटो यूनियन, यूपीडा, वाहन एजेंसियों के प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बीएलओ, सुपरवाइजरों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की दी जानकारी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील कालपी क्षेत्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की मीटिंग तहसील सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारियां दी गई। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ल, मुकेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित बैठक में बताया गया है कि प्रत्येक बीएलओ को अपने अपने बूथों की मतदाता सूची की जांच करनी है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन नामावली में किसी भी मतदाता की आयु, नाम, लिंग, मकान नंबर, मतदाता की फोटो,पता आदि की जाँच करना है। अगर किसी के नाम में गलती हो तो उसे फार्म 8 के जरिए सुधारने का अवसर प्रदान किया गया है। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि समस्त बीएलओ अपने अपने बूथों में पात्र नये मतदाता बनाये। तथा नाम संसोधन करें व डबल, मृतक व शिफ्टेड मतदाताओ को हटाना अनिवार्य है। नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने बताया कि मतदाता जो विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण मे अनमैप्ड रह गए हैं। उनको प्रिंटेड नोटिस घर-घर पहुंचा कर तामीला कराएंगे। मीटिंग में बीआरसी प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा, सुपरवाइजर शिवमंगल पाठक गोपाल प्रसाद आदि बीएलओ ने सहभागिता की।

# जल संस्थान ने नगर में 37 स्थानों पर लीकेज पाइप लाइन कराया ठीक

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों इंदौर में पाइप लाइनों से दूषित पानी के सेवन से हुई दर्जनों मौत के मामले पर शासकीय महकमा गंभीर हो गया है।

शासन के निर्देश पर जल संस्थान के अवर अभियंता वासित अली की अगुवाई में कर्मचारियों के द्वारा 37 अलग-अलग स्थान में लीकेज पाइप लाइनों को ठीक कराया गया है। उल्लेखनीय हो कि नगरीय क्षेत्र कालपी में अलग अलग स्थापित 15 नलकूपों के माध्यम से पाइप लाइनों से जलापूर्ति की आपूर्ति होती है। शासन के निर्देशानुसार और अभियंता इंजीनियर बासित अली के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों के द्वारा सर्वे करा कर नगरीय क्षेत्र के अलग-अलग 22 स्थान की लीकेज को ठीक कराया गया।



पाइप लाइन लीकेज को ठीक करता मिस्त्री।

इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के अलग-अलग 15 स्थान में पाइप लाइनों को ठीक कराया गया। अवर अभियंता वासित अली ने बताया कि नगरीय क्षेत्र के हरीगंज तथा महमूदपुर के ओवरहेड टैंक में नियमित तरीकों से ब्लीचिंग पाउडर तथा दवाओं का निर्धारण मात्रा में मिश्रण किया जाता है। तथा पानी की टेस्टिंग भी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पाइप लाइनों की लीकेज दुरुस्त करना हमारी प्राथमिकता है।

### हार-जीत की बाजी लगाते पांच जुआड़ी पकड़े

**जालौन (उरई)।** जीत हार की बाजी लगा रहे पांच लोगों को छिरिया मलकपुरा चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 6680 रुपये बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेडा में वाल्मीकि मोहल्ले के पास स्थित मंदिर के पास लंबे समय से जुआ का फड़ पर चल रहा था। बृहस्पतिवार की रात छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी अजीत शर्मा को सूचना मिली कि मंदिर पास कुछ लोग जीत हार की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से जीत हार की बाजी लगा रहे अमखेड़ा निवासी राहुल कुमार, नीलू उर्फ राकेश, ईलू कुमार, रामशरण, कमल कुमार को पकड़ लिया।

# सपा युवा नेता ने उदोतपुरा में जरूरतमंदों को ओढ़ाए कम्बल

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के सपा नेता सूर्या हनी यादव ने उदोतपुरा गांव में कंबल वितरण किया। इस दौरान एक सैंकड़ा से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस समय ठंड के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त है। सबसे अधिक परेशानी समाज के निर्धन और बेसहारा वर्ग के लोगों को हो रही है। जिनके पास इस ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं है। ऐसे में सपा नेता सूर्या हनी यादव आगे आए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत उदोतपुरा में निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें



बेसहारा व निर्धन वर्ग के एक सैंकड़ा से अधिक लोगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान वृद्धजनों का मुंह मीठा कराया गया। कंबल पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। सपा नेता ने कहा कि सर्दी से बचाव करें और गर्म कपड़े पहनकर और कंबल ओढ़कर ही बाहर निकलें। रात में भी इसको ओढ़कर सोएं। ताकि सर्दी से बचाव हो सके। इस मौके पर रतिराम, ब्रजपाल, छुन्नू, धंजू, जानकी, परमाई, भोगीराम, खट्टी मीठी पाल, प्रेमा ठाकुर, राजबहादुर, रामखिलौने, रविंद्र, मुन्ना, विनोद, लक्ष्मीनारायण, विष्णु, मनफूले, प्रेमदास, अवनीश, राजाबाबू, शिवशंकर, रामसेवक, संते आदि मौजूद रहे।

### भारतीय बाल्मीकि कल्याण महासभा के झांसी मंडल अध्यक्ष बने दीपू पेंटर

**कोंच (जालौन)।** बाल्मीकि समाज हित में हमेशा तात्पर्य रहने वाले संगठन के प्रति लगन व निष्ठा को देखते हुए कोंच नगर निवासी दीपू पेंटर को दीपू भारतीय बाल्मीकि कल्याण महासभा द्वारा अधिकारी कर्मचारी संघ का झांसी मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया जैसे ही यह खबर बाल्मीकि समाज के लोगों में फैली तो समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने उन्हें बधाई दी बाल्मीकि समाज के लोगों ने कहा कि दीपू पेंटर को यह जिम्मेदारी मिलने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी और समाज के लोगों की दबी कुचली आवाज को दीपू पेंटर हमेशा उठाते रहे हैं उन्होंने हमेशा समाज हित में कार्य करते हुए समाज के लोगों को आगे बढ़ने का काम किया है उनको यह जिम्मेदारी मिलने से समाज के लोगों में खास तौर पर युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

# योगी शासन में मिनी कुंभ में कल्पवासियों से हो रही अवैध वसूली

▸ शौचालय के नाम पर सफाई ठेकेदार मांग रहा 900 रुपये की घूस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

योगीराज में भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सरकारी दफ्तरों में जड़ें पसारे भ्रष्टाचार अब धार्मिक आयोजन में भी पहुंच चुका है। मेला रामनगरिया में शौचालय की सुविधा देने के नाम पर सफाई ठेकेदार द्वारा कल्पवासियों से 900 रुपये की घूस मांगी जा रही है। जिससे कल्पवासियों में रोष है। कल्पवासियों ने सूबे के मुख्यमंत्री से मेले में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाये जाने की मांग की है। पांचाल घाट गंगा तट पर रामनगरिया मेला (मिनी कुंभ) गुलजार है। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी ने बीती 03 जनवरी को किया था। जिसमें दूरदराज से कल्पवासी आकर अपनी झोपड़ी बनाकर एक माह तक भगवान का पूजा भजन करते हैं। मेले में बिजली, पानी, शौचालय, अलाव, दवाई आदि की व्यवस्था करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन भ्रष्टाचार में डूबे ठेकेदार इस धार्मिक आयोजन में भी भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कल्पवासियों से शौचालय की सुविधा देने के नाम पर वह 900 रुपये की मांग कर रहे हैं। कल्पवासियों का कहना है कि जो 900 रुपये नहीं दे पा रहा है, उसे शौचालय की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसमें मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा का भी हाथ बताया जा रहा है।

उनकी सहमति पर भी धार्मिक आयोजन मेला रामनगरिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। जिससे कल्पवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कल्पवासियों ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जिलाधिकारी फर्रुखाबाद से इस ओर हस्ताक्षेप करने की मांग की है।



जानकारी देते पीड़ित कल्पवासी

# महिला से मारपीट के मामले दो सगे भाइयों को सात-सात वर्ष का कारावास

▸ 30-30 हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एससी/एसटी अभिनितम उपाध्याय ने दलित युवक के साथ मारपीट के मामले में सुभाष, जयचंद्र पुत्रगण रामविलास निवासी शीशमबाग कैंट फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष का कारावास व तीस-तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते 11 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला निवासी शीशमबाग निवासी राहुल पुत्र रामसिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 23 अक्टूबर 2014 को मेरी मां उर्मिला देवी अपने घर के सामने खड़ी थीं, तभी पड़ोस के रहने वाले सुभाष, जयचंद्र नशे की हालत में आए और मेरी मां को जातिसूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने सुभाष, जयचंद्र को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष का कारावास व तीस-तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

## अज्ञात चोर खोल ले गये बाहर बंधी भैंस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर टिन शेड में बंधी भैंस को अज्ञात चोर खोल ले गये। भैंस स्वामी ने घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी है।
जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत गांव सादिकपुर निवासी हिमांशु पुत्र अतुल कुमार की भैंस घर के बाहर पड़े टीन शेड में बंधी थी। गुरुवार रात किसी समय अज्ञात चोरों ने हिमांशु के घर की कुंडी लगाकर बाहर बंधी भैंस व उसका बच्चा खोलकर ले गए। सुबह लगभग साढ़े चार जब हिमांशु भैंस को चारा डालने गया, तो दरवाजा बाहर से बंद था। हिमांशु ने किसी तरह घर के दरवाजे की कुंडी को खुलवाया और बाहर जाकर देखा तो तीन शेड में भैंस व उसका बच्चा नहीं था।
हिमांशु व उसके परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार दोपहर हिमांशु ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# विद्युत शिविर में 15 उपभोक्ताओं ने लिया ओटीएस योजना का लाभ

▸ तीस उपभोक्ताओं के कटे बिजली कनेक्शन, एक लाख हुआ जमा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग ने गुरुवार को नवाबगंज नगर के ग्राम सिरमौरा में बिजली बिल राहत शिविर का आयोजन किया। इस दौरान समाधान योजना के तहत लगभग 1 लाख रुपये का राजस्व जमा किया गया। शिविर में 30 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए, जबकि 15 उपभोक्ताओं ने वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना का लाभ उठाया। यह शिविर बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य बकाया बिलों की वसूली और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना था। समाधान योजना के तहत विभाग ने 1 लाख का राजस्व एकत्र किया। राजस्व वसूली के साथ-साथ विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की। लंबे समय से बिल जमा न करने वाले 30 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। वहीं 15 उपभोक्ताओं ने सरकार की वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठाते हुए अपने पुराने बिजली बिल, विवादों और बकाये का निपटारा किया। शिविर में मौजूद नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल के ब्याज में शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) की छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त मूल बकाया राशि में भी 20 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। यह योजना पुराने बकाये के बोझ से दबे उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। शिविर के सफल आयोजन में नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के साथ वीर सिंह, गौरव सिंह, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, मंजेश कुमार और हुकुम सिंह सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि बकाया भुगतान न करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



सिरमौरा ग्राम में लगा विद्युत शिविर


आग से झुलसी वृद्धा को लेकर जाते परिजन

## बीमार भैंस को तपाते समय वृद्धा जलकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी मालती देवी उम्र 62 वर्षीय पत्नी सुरेश चंद्र की भैंस भीषण सर्दी पड़ने के चलते बीमार हो गई। डॉक्टर ने भैंस को आग में तपाने को कहा। मालती देवी अपनी भैंस को आग में तपा रही थी। भैंस को तपाते समय अचानक उनके कपड़ों में आग लग गई। चीख पुकार सुनकर परिजनों ने दौड़कर आग पर पानी डालकर काबू पाया और गम्भीर हालत में वृद्धा को परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ के याकूतगंज रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को एक अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना विकास खंड बढ़पुर क्षेत्र की फतेहगढ़ कोतवाली के अंतर्गत हुई। सूचना मिलने पर फतेहगढ़ कोतवाल रणविजय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक युवक लाल बनियान और नीला लोवर पहने हुए था। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात युवक की पहचान करने में जुटी हुई है। यह घटना तब हुई जब याकूतगंज रेलवे स्टेशन से एक मालगाड़ी गुजर रही थी। अज्ञात युवक उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी रणविजय सिंह ने मामले पर बताया कि एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। उन्होंने पुष्टि की कि युवक लाल बनियान और नीला लोवर पहने हुए था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और युवक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### डायल 112 वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो पुलिसकर्मी घायल



डायल 112 क्षतिग्रस्त वाहन

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कंपिल थाना क्षेत्र के सिवारा रोड पर ग्राम जिनौल के पास गुरुवार देर रात डायल 112 पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वाहन चालक रजत कुमार तथा हेड कांस्टेबिल सुरेश कुमार घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष नितिन कुमार ने बताया कि नीलगाय को बचाने के कारण गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। जिससे यह दुर्घटना हुई। हादसे में डायल 112 में तैनात दोनों पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आई हैं।

### पांच चौकी प्रभारी सहित आठ उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल


पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बीती रात 5 चौकी प्रभारी सहित आठ उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल कर दिया है। जिससे महकमे में हड़कंप मचा है। थाना मऊदरवाजा से उप निरीक्षक मुनीर खान को थाना कादरीगेट भेजा गया है। कोतवाली मोहम्मदाबाद के उप निरीक्षक अनुज कुमार को थाना शमशाबाद के चिलसरा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। थाना जहानगंज में तैनात दरोगा धीरज कुमार को थाना कम्पिल के सिवारा चौकी का इंचार्ज, चिलसरा चौकी के उप निरीक्षक जगभान सिंह को थाना मेरापुर के सिवारा चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। कम्पिल की सिवारा चौकी के इंचार्ज प्रमोद कुमार को कोतवाली फतेहगढ़ की याकूतगंज चौकी, चौकी प्रभारी राहुल कुमार को थाना मऊदरवाजा भेजा गया है। पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत उप निरीक्षक अवधेश कुमार अवस्थी को थाना जहानगंज में तैनाती दी गयी है। पुलिस लाइन से उप निरीक्षक कल्पेश कुमार चौधरी को शहर कोतवाली की रेलवे रोड चौकी का इंचार्ज बनाया गया है।

### राजीव कुमार शर्मा होंगे फर्रुखाबाद के उपायुक्त स्वतः रोजगार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उप सचिव ने मिर्जापुर में तैनात तत्कालीन खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा को फर्रुखाबाद का उपायुक्त स्वतः रोजगार के पद पर भेजा है। उप सचिव चन्द्रिका प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि राजीव कुमार शर्मा तत्कालीन खंड विकास अधिकारी, मिर्जापुर सम्प्रति नवपदोन्नत को उनकी पदोन्नति के फलस्वरुप उपायुक्त (स्वतः रोजगार) के पद पर नियुक्त किया गया है। सम्बन्धित अधिकारी के कार्यमुक्त होने के पश्चात उनके पूर्व तैनाती स्थल से वेतन आहरित नहीं किया जायेगा। नवीन पद का कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी को शासकीय सेवा से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित मानते हुए अवैतनिक अवकाश पर माना जायेगा तथा सेवा में अवरोध एवं विभागीय कार्यवाही किये जाने पर भी विचार किया जायेगा। सम्बन्धित अधिकारी अपनी नवीन तैनाती के पद पर तत्काल कार्यभार ग्रहण कर तत्संबंधी कार्यभार-प्रमाणक शासन एवं आयुक्त, ग्राम्य विकास लखनऊ को उपलब्ध कराया जायेगा।

# खनन टीम ने अवैध बालू खनन करते ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अवैध बालू खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शिकायत पर पहुंची खनन टीम ने एक ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गाँव हरियालपुर तराई क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू खनन को लेकर खनन टीम ने मौके पर छापा मारा। छापे के दौरान एक आयशर ट्रैक्टर को पकड़ लिया।

उक्त ट्रैक्टर ट्राली को कुआंखेड़ा पुलिस चौकी के सुपुर्द किया गया। वहीं ट्रैक्टर चालक का नाम ध्रुव सिंह बताया गया है। बताते चलें कि क्षेत्र में बालू का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तमाम प्रयासों के बाद भी खनन माफिया अपने मंसूबों में कामयाब हो रहे हैं।


बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली

# चेकिंग के दौरान दो दर्जन से अधिक वाहनों के किये गये चालान


चेकिंग अभियान चलाती पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

उच्च अधिकारियों का निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान किये गये।

थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज चौराहे पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान किए गए। वहीं दो पहिया वाहनों पर बैठे संदिग्ध व्यक्तियों की जामा तलाशी ली गई। जिसमें अराजकतत्व इधर उधर से बाहर निकालते नजर आये। पुलिस के चेकिंग अभियान से लोगों में भय व्याप्त रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने खुद मौके पर खड़े होकर लोगों की तलाशी ली और चालान करवाए। इस दौरान एक ओवरलोड डंपर भी चेक करवाकर उसका चालान करवाया। इस दौरान मौके पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, कांस्टेबिल किरण कुमार, अनिल कुमार शर्मा, हर्षित कुमार, दरोगा राम सिंह, कांस्टेबिल कमल किशोर आदि मौजूद रहे।

## तालाब में गिरा मानसिक रुप से विक्षिप्त युवक

ग्रामीणों ने बाहर निकालकर आग से तपाया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में शुक्रवार सुबह एक मानसिक रुप से विक्षिप्त युवक तालाब में गिर गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे रस्सी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला। थाने वाली गली निवासी अमित कुमार नामक यह युवक शुक्रवार सुबह नगर की बरतल वाली गली में घूम रहा था। इसी दौरान वह बरतल वाली गली स्थित एक तालाब में गिर गया। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। अनिल, रोहित, अनुज, फैजान और अन्य लोगों ने मिलकर एक रस्सी के सहारे अमित कुमार को तालाब से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि अमित कुमार मानसिक रूप से विक्षिप्त है और थाने वाली गली स्थित घर में अकेला रहता है। तालाब से निकाले जाने के बाद लोगों ने उसे ठंड से बचाने के लिए आग जलाकर गर्माहट दी।

# धूप निकलने पर मेले में पहुंचे लोग, दुकानदारों की बढ़ी बिक्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते कई दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। धूप भी नहीं निकल रही थी। इसका असर पांचालघाट गंगा तट पर लगे मेला श्री रामनगरिया में भी पड़ रहा था। बाहर से आये दुकानदारों की दुकानों पर ग्राहक न आने से वह खासे मायूस थे, लेकिन शुक्रवार को धूप निकलने से काफी संख्या में लोग मेले में पहुंचे और दुकानदारों की बिक्री में एकाएक इजाफा हुआ। जिससे दुकानदार खुश नजर आये।

मेले में चश्मे की दुकान लगाई दुकानदार संजय सिंह ने बताया कि मथुरा से आए हैं। पिछले तीन-चार दिनों से बिक्री बहुत कम हो रही थी, लेकिन आज धूप निकलने से मेले में काफी संख्या में लोग आये और बिक्री भी बढ़ गयी। शाहजहांपुर के कटरा निवासी दुकानदार मोहम्मद सहूब ने बताया कि सामान्य दिनों की अपेक्षा आज धूप निकलने से ग्राहकों की भीड़ भी बढ़ रही है। लगभग 80 प्रतिशत बिक्री भी बढ़ गयी है। दुकानदारों का कहना है कि यदि इसी तरह से मौसम खुले, तो मेले में रौनक भी बढ़ेगी और उनकी बिक्री भी बढ़ेगी।


रामनगरिया मेले में खरीददारी करते लोग

## प्रभारी मंत्री विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला श्रीराम नगरिया में लगने वाली विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ शनिवार को अपरान्ह 10 बजे होना तय हुआ है। जिला सूचना प्रभारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग एवं जनपद प्रभारी जयवीर सिंह करेंगे। विशिष्ठ अतिथि सांसद मुकेश राजपूत होंगे। इसके अलावा सभी विधानसभा अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। प्रभारी मंत्री कलेक्ट्रेट सभागार में 3:40 पर पत्रकारों से भी वार्ता करेंगे।

## अन्ना पशु उजाड़ रहे किसानों की फसलें


किसानों की फसलों को उजाड़ रहे अन्ना गौवंश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रकृति की मार से अन्नदाता वैसे भी परेशान है और ऊपर से आवारा गौवंश उसकी फसलों को उजाड़कर उसे और नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीते दिनों काफी होहल्ला करने पर आवारा गौवंशों को पकड़ा गया था, लेकिन पूरे जानवर न पकड़े जाने से वह किसानों की मेहनत से तैयार की गयी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नवाबगंज थाना क्षेत्र की नगर पंचायत क्षेत्र जोगापुर रोड पर आवारा गोवंश अन्नदाता की फसलों को उजाड़ रहे हैं। एक तो अन्नदाता आलू की मंदी से वैसे भी जूझ रहा है और ऊपर से अन्ना पशु उसकी फसल उजाड़कर उसे दोहरी मार दे रहे हैं। जिससे अन्नदाता खासा परेशान है। उसका कहना है कि जैसे तैसे उसने आलू की फसल की थी, लेकिन आलू में घाटा होने से लागत के दाम नहीं निकल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर खेतों में खड़ी रवी की फसल को अन्ना गौवंश उजाड़ रहे हैं। बीते दिन काफी शिकायतें आदि करने पर एक दो दिन अन्ना गौवंशों को पकड़ने का अभियान चलाया गया, लेकिन उसके बाद अभियान को बंद कर दिया गया है।

# मां गंगा की गोद में आबाद मेला रामनगरिया में बह रही भक्ति की बयार


अपनी कुटिया में पूजा में लीन सत्यगिरि महाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट गंगा तट पर लगे मेला श्री रामनगरिया में साधु संत अपनी-अपनी कुटिया में पूजा पाठ में लीन दिखायी दे रहे हैं। कहीं कथाओं का दौर चल रहा है, तो कहीं पूजा भजन, तो कहीं कल्पवासी गंगा स्नान कर गंगा की भक्ति में लीन दिखायी दे रहे हैं। वहीं मनोरंजन के साधन भी मेले में लग चुके हैं। शुक्रवार को निकली धूप में काफी संख्या में दूरदराज से पहुंचे लोगों ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की।

वहीं महिलाओं ने मेले में लगी दुकानों पर घर गृहस्थी की सामग्री खरीदी। वहीं बच्चों ने झूला आदि मनोरंजन के साधनों का आनन्द लिया। जूना अखाड़ा के अध्यक्ष महंत सत्यगिरि महाराज ने बताया कि जो मनुष्य पवित्र गंगा तट पर एक माह तक रुककर मां गंगा में स्नान कर उनकी सच्चे मन से आराधना करता, तो उसके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि मां भागीरथी की आराधना के लिए माघ मास बहुत ही शुभ होता है।

इसलिए गंगा तट पर एक माह के लिए मेला लगता है। जिससे भक्तगण यहां आकर मां की आराधना कर सकें और मनवांछित फल की प्राप्ति कर सकें।

# पॉक्सो के मामले में दोष सिद्ध सजा पर सुनवाई 12 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश मेराज अहमद ने पॉक्सो के मामले में ऋषि कुमार पुत्र नाथूश्री उर्फ अजुद्धी निवासी बिरिया नजीरपुर थाना मलावा हरदोई को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 12 जनवरी की तिथि निहित है।

बीते नौ वर्षों पूर्व थाना राजेपुर क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी 16 वर्षीय पुत्री 9 मई 2017 को प्रातः 9 बजे गांव के फूलचंद्र के यहां किसी काम से गई हुई थी। मेरी लड़की को फूलचंद्र, फूलचंद्र की पत्नी, पिंकी अपने घर से कही भेज दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर ऋषि कुमार के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने ऋषि को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 12 जनवरी की तिथि नियत है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इटावा-बरेली हाईवे पर मुरहास कन्हैया के पास एक कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार का एक पैर फ्रैक्चर हो गया और वह गंभीर रुप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ की तरफ से आ रही कार स्विफ्ट डिजायर ने अपाचे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार का एक पैर टूट गया। कार सवार कार लेकर मौके से फरार हो गया। बाइक सवार टीवीएस एजेंसी मुरहास कन्हैया पर मोटर मैकेनिक का काम करता है। बताते हैं कि वह अपाचे बाइक को चेक करने के लिए जा रहा था, तभी अचानक सामने से स्विफ्ट डिजायर कार ने अपाचे बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसको पास में प्राइवेट क्लीनिक पर भर्ती कराया गया। वहीं आसपास के दुकानदारों का कहना है कि यहां पर डिवाइडर न होने से अक्सर यहां पर दुर्घटनायें होती हैं। यहां पर डिवाइडर बन जाये, तो दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।


दुर्घटना के बाद मौके पर पड़ा बाइक सवार

# मिशन शक्ति अभियान के तहत किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के दृष्टिगत् थाना अमृतपुर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया। कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया। थाना मऊदरवाजा पुलिस, थाना नबावगंज पुलिस, थाना राजेपुर पुलिस, थाना कादरीगेट पुलिस, थाना मेरापुर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया। वहीं कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया।


महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस


मेरापुर में छात्राओं को जागरुक करती पुलिस टीम

# आलू खरीददारों को 8 से 15 दिन में करना होगा भुगतान

**▶ आलू आढ़ती संगठन की बैठक में लिया गया अहम निर्णय**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सातनपुर आलू मंडी परिसर में आढ़तियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि मंडी में सुबह 8 बजे समस्त आढ़ती व व्यापारियों की उपस्थिति में भाव खोला जाएगा।

निर्णय लिया गया कि खरीदार से भुगतान 8 से 15 दिनों के अन्दर देना निश्चित होगा। आलू विक्रय के भाव अनुसार 6 आर दिये जाने पर सहमति बनी। आलू खरीदने वाले व्यापारी समय सीमा निर्धारित न होने पर महीनों में भुगतान किए जाने पर आढ़ती परेशान रहते हैं, जिससे किसानों को भी भुगतान जल्दी नहीं मिलने पर परेशानी होती है।

बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष आलू आढ़ती एसोसिएशन सुधीर वर्मा रिंकू, आढ़ती श्रीचंद मिश्रा, हरिनरायन यादव, रामलड़ैते राजपूत, ओमकार सिंह यादव, नीलेश दीक्षित, ओमप्रकाश सेतिया, अरविन्द राजपूत, हरीबाबू गुप्ता, लक्ष्मन गुप्ता, प्रवीन पाल, गौरव गंगवार, हरिश्चंद्र राजपूत, मनोज गंगवार, विकास यादव, रमन दीक्षित, प्रमोद यादव, अशोक श्रीवास्तव, प्रदीप शाक्य, देवकीनंदन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन रामलड़ैते राजपूत व अध्यक्षता हरिनरायन यादव ने की।


बैठक में मौजूद आलू आढ़ती


परीक्षा में भाग लेते विद्यार्थी

## प्री-बोर्ड परीक्षा म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में प्रारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** शासन के आदेश अनुसार हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 6 जनवरी से प्रारम्भ होकर 21 जनवरी तक सम्पन्न कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। जिसके अनुपालन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्ट0 गिरिजा शंकर द्वारा सख्ती से नकलविहीन, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा प्रारम्भ कराई गई। शुक्रवार को भौतिक विज्ञान की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 165 में 156 छात्रों ने परीक्षा दी। सख्ती के चलते छात्रों ने अनुशासन के साथ परीक्षा में भाग लिया। प्रत्येक विद्यार्थी की मैन गेट पर संघन तलाशी के साथ कक्षा में प्रवेश कराया गया। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा का समापन 21 जनवरी को होगा।

# संजना बनी डांस चैम्पियन व कौशिकी सुपर स्टार

**▶ ग्रुप डांस में पलक ग्रुप रहा विजेता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

फर्रुखाबाद युवा महोत्सव के प्रतियोगिताओं के क्रम में डान्स चैम्पियन एवं डान्स सुपर स्टार प्रतियोगिता का आयोजन समिति के सभागार में किया गया। युवाओं नें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और निर्णायक के सामने अपने डान्स प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डोला रे डोला रे, राम आयेंगे आदि गानों पर डान्स किया। सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन के बाद निर्णायक ने मिस संजना को डान्स चैम्पियन तथा कौशिकी को डान्स सुपर स्टार चुना गया, जबकि महक तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप डांस में पलक ग्रुप विजेता रहा। नन्दिता ग्रुप द्वितीय एवं दिव्यांशी ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ. शिवानी शुक्ला एवं सुमन राठौर ने निभाई। डॉ. शिवानी शुक्ला, सुमन राठौर ने सभी विजेताओं को शील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं के प्रयासों की सराहना की तथा समिति का आभार व्यक्त किया। सभी ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। प्रतिभागी अनुष्का, अंशिका, पलक, खुशी, कशिश, संजना, मधु, कौशिकी, कीर्ति, अक्षिता, नन्दिता, जाहनवी, आकांशी, दिव्यांशी, तानी, आरजू, हनी, शगुन, हिमांशी, अंशिका, महक, श्रष्टि, रोशनी, मीठी, अदिति, वर्षा ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा, कुशाग्र सक्सेना, डॉ. कृष्णकान्त अक्षर, सच्चिदानन्द मिश्रा मौजूद रहे। संचालन हर्ष दुबे ने किया।



शील्ड व प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता

# 50 रुपये कुंतल भाव में उछाल के साथ आलू हुआ सुर्ख

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सातनपुर मण्डी में शुक्रवार को आलू के भाव में मामूली उछाल आया। साथ ही सूर्य देवता प्रकट हुए, जिसके चलते किसानों के चेहरे पर रौनक लौटी। शुक्रवार को लगभग 80 मोटर आलू की आमद रही। बिकवाली ठीक-ठाक होने के चलते भाव में 50 रुपये कुंतल का उछाल आया। 401 रुपये से 561 रुपये प्रति कुंतल आलू बिका। लाल छट्टा आलू 751 रुपये कुंतल बिका। आलू आढ़तियों के साथ-साथ किसानों को भी सूर्य प्रकट होने से राहत मिली। भाव में थोड़ा सुर्ख हुआ, जिसके चलते भाव में 50 रुपये कुंतल का उछाल आया। लाल व सफेद छट्टा आलू की मांग है। मण्डी में लाल व छट्टा आलू आते ही बिक्री तुरन्त हो जाती है। सर्दी अगर कम रही तो भाव में कुछ उछाल आने की संभावना है। शुक्रवार को खेतों में भी किसानों ने अपने आलू खोदने का कार्य शुरु किया और आगामी फसल के लिए खेत जोतने के लिए सर्दी कम होने का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार को सूर्य निकलने के बाद खेतों में रौनक दौड़ी। आलू किसान मण्डी में अपना आलू लाया, जो बिक्री ठीकठाक रही।


मण्डी में लगा आलू

# छठवें दिन गोवर्धन पूजा कथा का भक्तों ने किया रसपान


कथा का श्रवण कराते आचार्य अतुल अग्निहोत्री


आरती करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को पांचाल घाट स्थित मेला श्रीराम नगरिया में अमर ज्योति सेवा संस्थान द्वारा स्वामी विवेकानन्द वाटिका में आयोजित भागवत कथा में छठवें दिन कथा व्यास अतुल अग्निहोत्री ने गोवर्धन पूजा की। कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जब बृजवासियों से श्रीकृष्ण भगवान ने देवराज इंद्र की पूजा करने की बजाय गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा, तब इन्द्र ने घमण्ड में चूर होकर घनघोर वर्षा शुरु कर दी। तब भगवान वासुदेव ने गोवर्धन पार्वन को अपनी एक उंगली पर उठाकर बृजवासियों की रक्षा की और इन्द्र का घमण्ड चूर कर दिया। भगवान प्रकृति के माध्यम से इस संसार का पालन करते हैं। सूर्य, चंद्र, पर्वत, नदियां, वायु, पृथ्वी हमारे जीवन में सहायक हैं। प्रकृति ईश्वर का दूसरा रुप है। इसलिए प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न कर उसका संरक्षण, संवर्धन करना चाहिए। गोवर्धन पूजा का यही संदेश है। इस अवसर पर रवेंद्र मिश्रा, नबल किशोर, पंकज, चंद्रप्रकाश, देवेंद्र अग्निहोत्री, अवधेश तिवारी, सुभाष मिश्रा आदि लोगों सहित कथा परीक्षित विनोद सिंह राठौर व गीता राठौर ने मौजूद रहकर कथा का अमृतपान किया।

# भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का आचार्य ने किया वर्णन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के रेलवे रोड स्थित डीएम पैराडाइज में नंदराम द्विवेदी शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य अजय देव महाराज ने भगवान श्री बालकृष्ण लाल की दिव्य बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा व्यास आचार्य अजय देव ने प्रभु की दयालुता का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अत्यंत दयालु और दीनबंधु हैं। उन्होंने बताया कि जो पूतना प्रभु को विषपान कराकर मारने के उद्देश्य से आई थी, प्रभु ने उसे भी माता की गति प्रदान कर अपने धाम भेज दिया। यह इस बात का प्रमाण है कि जो भी प्रभु की शरण में आता है, परमात्मा उसका कल्याण निश्चित करते हैं। कथा के दौरान आचार्य ने गिरिराज महाराज की महिमा पर प्रकाश डाला और गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। पंडाल में भव्य गिरिराज पूजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भगवान को छप्पन भोग लगाकर आरती उतारी गई और उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आनंद प्राप्त किया। सात दिवसीय इस ज्ञान यज्ञ में मुख्य परीक्षित के रूप में विनीत कुमार अग्निहोत्री एवं उनकी पत्नी शिखा अग्निहोत्री रहे। इस अवसर पर खुशी, शांभवी, विश्वम, राजू, आशुतोष, निशांत, किशन, सुमित, अनूप, नेहा, ममता, आलोकशंकर, राजीव तिवारी, ममता, अर्चना सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


कथा का श्रवण कराते कथाव्यास व मौजूद भक्तगण

## कल समस्त बूथ लेबिल अधिकारी पढ़कर सुनायेंगे निर्वाचक नामावलियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त बी.एल.ओ. द्वारा 11 जनवरी रविवार को अपने बूथ पर उपस्थित होकर सम्बन्धित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जायेगा तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी चूक या गलती का पता चले तो उसके सम्बन्ध में सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। नियुक्त किये गये समस्त बूथ लेबिल अधिकारी प्रातः 10 बजे से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनायेगें। अर्हता 1 जनवरी को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले अर्ह व्यक्ति जिनके नाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, नाम शामिल कराने हेतु प्रारूप-6, मतदाता सूची से नाम अपमार्जित (हटावाने) हेतु प्रारूप-7, मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि को शुद्ध कराने एवं स्थानान्तरण तथा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु प्रारूप-8 पर दावे और आपत्ति प्राप्त करेगें। समस्त निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि बी0एल0ओ0, सुपरवाइजर के कार्यो का निरन्तर पर्यवेक्षण करेगें एवं उन्हें आबंटित क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए बी0एल0ओ0, सुपरवाइजर की उपस्थिति सुनिश्चित करायेगें।

# मेला श्रीरामनगरिया में दी जाएगी मुफ्त विधिक सेवायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत पराविधिक स्वयंसेवकों की मासिक समीक्षा बैठक जिला न्यायालय भवन में संपन्न हुई।

मासिक समीक्षा बैठक में जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिकार मित्रों को यह बताया गया कि वंचित लोगों को जागरुकता एवं विधिक सहायता देने के लिए आप सक्षम है और जिससे आपकी पहचान का एक उदाहरण बनता है, लीगल एड क्लिनिकों पर या जनपद के विभिन्न विभागों में रहकर सुचारु लीगल एड क्लिनिकों का संचालन करें तथा गरीब कमजोर, अनजान लोगों को विधिक रूप से साक्षरता एवं जागरुकता उपलब्ध कराकर मेला श्री रामनगरिया पांचाल घाट में 1 फरवरी को विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सहयोग करे। मेला श्री राम नगरिया में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में दिन प्रतिदिन आवश्यकता अनुसार जन सामान्य को आवश्यक विधि सेवा उपलब्ध कराने का कार्य करें जिससे आपकी पहचान बने और आपके अधिकार मित्र के रूप में लोगों को जानकारी हो सके। अपर जिला जज सचिव संजय कुमार के निर्देशन में मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें अधिकतर मित्रों को विधिक सहायता की जानकारियां दी गई। विभिन्न कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। आम जनता को इन सेवाओं के बारे में जागरुक बनाया जाए। साथ ही आगामी मेगा शिविर के लिए भी अधिक से अधिक प्रचार करने तथा लोगों को लाभान्वित करने का आवाह्न किया गया। इस मौके पर पराविधिक स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वयंसेवक अपने क्षेत्र में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करें। इस मौके परस्थाई लोक अदालत के न्यायाधीश भूदेव गौतम, मुख्य लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल शिवनरेश सिंह, डिप्टी चीफ सुरेन्द्र कुमार, उमा मिश्रा, लिपिक राम सिंह, सुरेंद्र कुमार राणा, सीता देवी, सुबोध कुमार, मनोरमा, धनदेवी, नरेन्द्र सिंह परिहार, संजय राजपूत, गौरव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


जानकारी देते न्यायिक अधिकारी मौजूद अधिवक्ता

# मशाल जुलूस निकालने से पुलिस ने रोका सिटी मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

संडे बाजार पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में युवा उद्योग व्यापार मण्डल की अगुवाई में संडे बाजार के व्यापारियों ने चौक पर पहुंचकर विरोध कर मशाल जुलूस निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जुलूस निकालने से रोका और शनिवार को बैठक करने की बात कही। जिसके बाद मशाल जुलूस स्थगित कर दिया गया।

शुक्रवार को युवा उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में संडे बाजार के व्यापारियों के साथ मशाल जुलूस निकालने जा रहे थे, तभी चौक चौराहे पर इंस्पेक्टर कोतवाली व घुमना चौकी इंचार्ज, पल्ला चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ आ पहुंचे और माशाल जुलूस को निकालने को रोकने लगे। जिसपर काफी नोंकझोंक भी हुई। इंस्पेक्टर ने सिओ सिटी से फोन पर बात कराई। सीओ सिटी ने कहा कि सिटी मजिस्ट्रेट से एक बैठक शनिवार को कराई जाएगी, जिसमें सभी की बात सुनी जायेगी। युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि फोन पर आश्वासन मिलने के बाद मशाल जुलूस स्थिगित कर दिया गया है। बैठक में यदि संडे बाजार को लेकर बात न बनी तो आगे आंदोलन किया जायेगा। फिर चाहे जो भी हो। फुटपाथ व्यापारियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।


विरोध प्रदर्शन करते युवा व्यापारी

# संघ द्वारा बार परीक्षा उत्तीर्ण अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान


सम्मानित होते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

अधिवक्ता संघ के सभागार में अखिल भारतीय बार परीक्षा वर्ष 2025 में उत्तीर्ण में जूनियर अधिवक्ताओं के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन संस्था के सचिव राजेश कुमार अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

सभी अधिवक्ताओं को माल्यार्पण व पटुका पहनाकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता राजेन्द्र कुमारी त्रिपाठी ने की। अध्यक्ष श्रीकिशोर मिश्रा व सचिव संयुक्त सचिव अनूप कुमार तिवारी ने विचार व्यक्त किये। सम्मानित होने वाले अधिवक्ता आशुतोष दुबे, विवेक अवस्थी, अभिषेक अवस्थी, अनुपम तिवारी, अमरेश अग्निहोत्री, किशन अग्निहोत्री, मधुबाला सिंह, भरत सिंह, रवींद्र वर्मा, शाहनवाज, किशन यादव, आजाद सिंह वर्मा, यश गुप्ता, शिवदेस ठाकुर, साहिल, मोहित कुमार, प्रशांत शुक्ला, कन्हैया यादव, आशु वर्मा, इब्राहिम, राहुल कुमार, अर्पित सक्सेना, मोहम्मद शादाब, उत्कर्ष मिश्रा, अनुराग शुक्ला, दीपक पाठक, विवेक यादव, मनोज कुमार सिंह, गौरव पाल, आदेश यादव, मधुराम द्विवेदी, खुशनूर आलम, हिमांशु यादव व सर्वेश कुशवाह आदि को सम्मानित किया गया।

## लेखपाल के प्रतिनिधि पर रिश्वत मांगने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** रिश्वत न देने पर निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। मोहल्ला कटरा बक्शी निवासी नेहा पुत्री जाकिर हुसैन ने दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि अपने पिता का निवास प्रमाण पत्र 20 दिसम्बर को ऑनलाइन आवेदन किया था। कई दिनों के बाद सम्बन्धित लेखपाल के कर्मचारी ने घर पहुंचकर निवास प्रमाण पत्र जारी करने के नाम 2 हजार रूपये मांगे। रूपये न देने पर निवास प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया। जिस पर कर्मचारी ने कहा कि हम सरकारी है, हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता। पीड़िता का कहना है कि परिवार मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर करता है। पीड़िता ने सम्बन्धित लेखपाल एवं उनके कर्मचार के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए निवास प्रमाण पत्र जारी कराये की मांग की।


जानकारी देती पीड़िता

# अदील खां ने मृतक की बहनों के विवाह की ली जिम्मेदारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

समाजसेवी अदील खां ने क्षेत्र में जन सम्पर्क कर दुखी व असहाय लोगों की हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

वार्ड न0 1 से संभावित उम्मीदवार अदील खां ने क्षेत्र के घसिया चिलौली, प्रेम नगर में पहुंच कर गांव के श्रीपाल, वीरेन्द्र सिंह, राजेश कोरी, विजय भाष्कर, सचिन कुमार, मलिखान सिंह, राकेश कुमार सहित अन्य ग्रामीणों से मुलाकात की और अपने लिए समर्थन मांगा। सभी लोगों ने जिला पंचायत सदस्य संभावित उम्मीदवार अदील खां की तन, मन, धन से समर्थन देने का वायदा किया। उन्होंने कहा अदील खां ही हमारे क्षेत्र का विकास कर सकेंगे। गांव वालों ने कहा कि अदील खां अपने पटियाली में हुई दुर्घटना में मृतकों और घायलों के परिवारजनों की हर संभव सहायता की थी और गांव में दिलीप की हुई मौत उसके परिवार में चार बहने व मां से घर पहुंचकर मिले और उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया और कहा कि आप हमें अपना बेटा समझ कर जो जरुरत हो बताये, हम हर तरह से सहायता करेंगे और इन बेटियों के विवाह करने की जिम्मेदारी हम लेते है।


ग्रामीणों के बीच मौजूद अदील खां

## तेंदुए का आतंक जारी
# दो दिन में सात लोग घायल

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

घाघरा और शारदा नदियों के बीच बसा जिले का तराई क्षेत्र इन दिनों हिंसक वन्यजीवों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है। पलिया, निघासन और धौरहरा तहसीलों के बीच फैला यह इलाका, विशेषकर धौरहरा वन रेंज अंतर्गत क्षेत्र, करीब दो दर्जन से अधिक हिंसक जंगली जानवरों का स्थायी ठिकाना बन चुका है। घनी खेती, नदी कछार और सुनसान इलाके इन जानवरों के लिए अनुकूल साबित हो रहे हैं, जबकि आमजन भय के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं।

तेंदुए का आतंक क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दिलावलपुर और समैसा गांव में तेंदुए ने आतंक मचाते हुए आधा दर्जन ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। लोग घरों से निकलने में भी डरने लगे थे।



**महिला पर हमला, बकरे को बनाया शिकार**

इसी क्रम में गुरुवार की शाम दरगापुर गांव में तेंदुए ने एक बार फिर हमला कर दिया। तेंदुए ने खेत के पास मौजूद महिला आशिमा पत्नी सलीम पर हमला कर उसे घायल कर दिया, साथ ही उसके एक बकरे को भी मौत के घाट उतार दिया।

महिला के चीख-पुकार मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब जाकर तेंदुआ खेतों की ओर भाग निकला। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और घटना की सूचना वन विभाग को दी। हालांकि सूचना के बाद भी वन विभाग की कार्रवाई सीमित नजर आई।

तराई क्षेत्र में गन्ना, केला, गेहूं, धान, उड़द, मसूर और सब्जियों की भरपूर खेती होती है। इसके साथ ही नदियों का कछार, बहते नाले और ऊंची फसलें तेंदुओं जैसे हिंसक जानवरों के लिए छिपने और शिकार करने का आदर्श वातावरण उपलब्ध करा रही हैं। यही वजह है कि जंगलों से निकलकर ये जानवर अब आबादी वाले इलाकों में लगातार दिखाई दे रहे हैं। हिंसक वन्यजीवों के हमलों में कभी-कभी ग्रामीणों को अपनी जान तक गंवानी पड़ती है। इसके बावजूद प्रशासनिक तंत्र की भूमिका अधिकतर मुआवजा देकर मामले को निपटाने तक सीमित रह जाती है। वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाने और औपचारिक गश्त के अलावा कोई ठोस व स्थायी रणनीति नजर नहीं आ रही है।

ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से तेंदुए की शीघ्र पकड़, क्षेत्र में लगातार गश्त और स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। फिलहाल तराई क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण हर पल अनहोनी की आशंका में जी रहे हैं। वही वन रेंज धौरहरा का कहना है नजर रखी जा रही है पिंजड़े लगे है जल्द ही हिंसक जानवर पकड़े जाएंगे, ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा गया है।

# वार्षिक मेले में नियमों की उड़ रही धज्जियां

ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज।

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुदरिया में आयोजित वार्षिक मेले में सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर प्रतिबंधित व अत्यंत जोखिमपूर्ण मनोरंजन साधनों का संचालन खुलेआम किया जा रहा है। बिना किसी सक्षम सरकारी अनुमति के मौत का कुआं, ब्रेक डांस, बड़ी नाव एवं ऊंची हाइट के झूले मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं, जबकि इनसे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गुदरिया में प्रतिवर्ष जनवरी माह में लगभग 15 दिनों के लिए वार्षिक मेले का आयोजन किया जाता है। मेले के आयोजन हेतु एक पंजीकृत मेला कमेटी भी गठित है, जिसे ग्रामीण परिवेश से जुड़े पारंपरिक झूले, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, गर्म कपड़ों एवं खान-पान के स्टॉल लगाने की लिखित अनुमति प्रशासन द्वारा दी जाती रही है।

बताया गया कि मेला कमेटी द्वारा 1 जनवरी 2026 को नींव पूजन किया गया तथा 5 जनवरी से मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। लेकिन इसी बीच मेला परिसर में बिना किसी वैधानिक अनुमति के अत्यंत खतरनाक मनोरंजन साधनों मौत का कुआं, ब्रेक डांस, बड़ी नाव और ऊंची हाइट के झूले लगाए गए, जो नियमों के विरुद्ध हैं।



**बिना अनुमति संचालित हो रहा मौत का कुआं, ब्रेक डांस व ऊंचे झूले**

इन रोमांचक लेकिन जानलेवा झूलों पर नवयुवकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुरक्षा मानकों, तकनीकी जांच और आपातकालीन व्यवस्था के अभाव में यदि कोई दुर्घटना घटित होती है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

इस गंभीर मामले में जब उपजिलाधिकारी धौरहरा शशिकांत मणि से इस विषय में जानकारी ली गई तो उनके द्वारा अवगत कराया गया क्षेत्रीय लेखपाल से बात करते है, फिर जानकारी देते है।

## निडर व निष्पक्ष कार्यशैली के लिए चर्चित मनबोध तिवारी बने प्रभारी डीसीआरबी



ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज। खमरिया सहित कई थानों में थाना प्रभारी निरीक्षक के रूप में तैनाती के दौरान बेहतर न्याय प्रक्रिया, निष्पक्ष कार्रवाई और निर्भीक कार्यशैली से पहचान बनाने वाले मनबोध तिवारी को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में उन्हें डीसीआरबी डेटा क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो का प्रभारी नियुक्त किया गया। पुलिस लाइन खीरी में तैनाती के दौरान भी उन्होंने प्रशासनिक कार्यों को पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ निभाया। मनबोध तिवारी न्यायपूर्ण निर्णय, सटीक विवेचना और जन-विश्वास को प्राथमिकता देने वाले अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उनकी डीसीआरबी प्रभारी के रूप में तैनाती से अपराध संबंधी आंकड़ों के सुदृढ़ संधारण, अपराध विश्लेषण तथा जनपद में अपराध नियंत्रण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### जिला पंचायत अध्यक्ष की टेण्डर प्रक्रिया के विरोध में सदस्यों ने शुरू किया अनशन



बांदा, समृद्धि न्यूज। जिला पंचायत में अध्यक्ष और सदस्यों का विवाद थमने नाम ही नहीं ले रहा है। सबसे खास बात तो यह है कि भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यों का विरोध खुद पार्टी के ही सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत परिसर में स्थित अटल वाटिका में जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह की अगुवाई में सदस्यों ने अनशन शुरू कर दिया। इस दौरान भरत ने बताया कि पूर्व में जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा जो टेण्डर निकाले गये थे। उसमें उनके क्षेत्रों में एक भी कार्य नहीं निकाला गया। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष पर मनमानी का भी आरोप लगाया है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धीरज राजपूत, नीरज प्रजापति, अभय प्रताप प्रिंस आदि मौजूद रहे।

### नदी में नहाते समय पैर फिसल जाने से युवक की मौत



पैलानी/बांदा, समृद्धि न्यूज। पैलानी थाना क्षेत्र के खपटिहा कला गांव में बह रही केन नदी में मनोज पुत्र रामचंद्र निषाद उम्र 35 वर्ष निवासी बरेहटा फकीरा डेरा का रहने वाला था जो 10 माह पहले मजदूरी करने हुबली के कर्नाटक में गया हुआ था 10 माह बाद वह वापस अपने गांव बरेहटा जा रहा था तभी खपटिहा कला की नदी पार करके उस पर नहाने लगा और अपने भाई दिनेश को फोन किया कि मुझे बाइक से बरेहटा जिसकी दूरी 4 किलोमीटर थी वहीं भाई दिनेश ने बताया कि मैं नाव से भाई का सामान उतारने लगा इस बीच नहाते समय मेरा भाई गहरे गड्ढे में जाने से डूब गया है मौजूद लोग शंकर निषाद, भूरा निषाद व भाई बचाने का प्रयास किया लेकिन वह डूब गया भाई दिनेश ने बताया कि हम छह भाई थे यह पहले नंबर का था मृतक की पत्नी का नाम सुरेखा है जिसके तीन बच्चे हैं लड़की निशा 11 वर्ष ,हसमुख 8 वर्ष ,रवि 6 वर्ष भाई दिनेश ने बताया की मां रामश्री से फोन से बातचीत हुई थी कि मैं घर वापस आ रहा हूं उसकी मां और पत्नी व बच्चे इंतजार कर रहे थे वही भाई 10 माह पहले कमाने गया था उसकी खुशी पर घर पर लड्डू मिठाई नमकीन आदि बने हुए थे घर ना पहुंच जाने से मौत की खबर सुनते ही मातम छा गया वही मां व पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है वही मौके में पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र निषाद, बरेहटा प्रधान प्रमोद निषाद ने पहुंचकर वदरोगा लल्लन यादव टीम के साथ शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तहसील बार एसोसिएशन मितौली चुनाव 2026 : प्रथम दिन नौ नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज। तहसील बार एसोसिएशन मितौली के वार्षिक चुनाव 2026 के अंतर्गत नामांकन पत्रों की बिक्री का कार्य प्रथम दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक कुल नौ नामांकन पत्र विभिन्न पदों के लिए खरीदे गए। अध्यक्ष पद हेतु संजीव कुमार मिश्रा एडवोकेट एवं रामऔतार मिश्रा एडवोकेट ने नामांकन पत्र प्राप्त किए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र कुमार वर्मा ने नामांकन लिया। महामंत्री पद हेतु पवन कुमार नीरज एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार एडवोकेट तथा संयुक्त मंत्री पद हेतु बरकत अली ने नामांकन पत्र खरीदे। इसके अतिरिक्त गवर्निंग काउंसिल प्रथम पद के लिए जितेंद्र कुमार सिंह एडवोकेट, गवर्निंग काउंसिल वरिष्ठ द्वितीय पद के लिए रामकृष्ण अवस्थी तथा गवर्निंग काउंसिल कनिष्ठ पद हेतु श्रीपाल एडवोकेट ने निर्वाचन अधिकारी सोहनलाल वर्मा के समक्ष उपस्थित होकर नामांकन पत्र प्राप्त किए।निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री विनीत कुमार पांडे एडवोकेट ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री एवं जमा करने की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित की गई है।

# दिनदहाड़े धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा वार

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली निघासन क्षेत्र के ढखेरवा रोड स्थित गोपाल जी लॉन के पास को उस समय सनसनी फैल गई, जब नशे में धुत एक युवक ने गन्ना काटने वाली धारदार बगौड़ी से एक व्यक्ति पर ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। अचानक हुई इस वारदात से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गए।

जानकारी के अनुसार, हमले में रामकरन पुत्र भाईलाल निवासी पारागीपुरवा, थाना निघासन गंभीर रूप से घायल हो गया। खून से लथपथ हालत में पड़े घायल को देख आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को एंबुलेंस से सीएचसी निघासन पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अखिलेश पुत्र रामखिलावन निवासी थाना पढ़ुआ को मौके से ही हिरासत में ले लिया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के समय नशे की हालत में था और उसने अचानक हमला किया। फिलहाल हमले के पीछे के कारणों की गहन जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर क्राइम दिनेश तिवारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी नशे में पूरी तरह से धुत हे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस पूरे मामले को लेकर सतर्कता के साथ जांच में जुटी हुई है।

## हाइवे किनारे सरकारी भूमि पर प्लॉटिंग का आरोप, जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज। कस्बे में हाइवे किनारे स्थित बेशकीमती सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लॉटिंग और निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बेलरायां-पनवारी मार्ग पर पोशन्यूल पंप के सामने स्थित सरकारी भूमि पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के कब्जा कर पक्का निर्माण और नाला बनवाया जा रहा है। इसको लेकर स्थानीय निवासी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। कस्बा निवासी शिवमोहन ने शिकायत में बताया कि सिंगाही कलां की गाटा संख्या 2024क (0.930 हेक्टेयर) और गाटा संख्या 2025 (0.730 हेक्टेयर) जूनियर हाईस्कूल सिंगाही कलां के नाम दर्ज है, जबकि इसी भूखंड से सटी गाटा संख्या 2024ख (0.1340 हेक्टेयर) राजकीय सड़क पीडब्ल्यूडी बेलरायां-लखीमपुर के नाम अभिलेखों में दर्ज है। आरोप है कि उक्त भूमि पर कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा साथियों के साथ मिलकर अनधिकृत रूप से कब्जा कर प्लॉटिंग की जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि भूमि को कमर्शियल घोषित कराए बिना ही प्लॉटिंग कर सरकार को राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है। आरोप यह भी है कि शिकायत के बावजूद बीते करीब एक माह से निर्माण कार्य लगातार जारी है, जिससे राजस्व विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम निघासन राजीव निगम ने बताया कि मामले की जांच के लिए राजस्व टीम को निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पसगवां पंचायत भवन निर्माण में अनियमितताओं के आरोप, ग्रामीणों ने सीएम व डीएम से की शिकायत

पसगवां (खीरी), समृद्धि न्यूज।

तहसील मोहम्मदी क्षेत्र की ग्राम पंचायत पसगवां में निर्माणाधीन पंचायत भवन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जागरूक ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को पत्र भेजकर पंचायत भवन निर्माण में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। शिकायत में प्रधान पुत्र एवं ब्लॉक के ठेकेदार उमर पर सरकारी मानकों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि भवन निर्माण में कम मात्रा में सीमेंट, घटिया गुणवत्ता की मौरंग, दोम दर्जे की ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही नींव की खुदाई निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं की गई है। निर्माणाधीन भवन की बीम के लपक जाने से उसकी मजबूती पर भी सवाल उठ रहे हैं, जिससे भविष्य में भवन धंसने का खतरा बताया जा रहा है। आरोप है कि राज मिस्त्री के स्थान पर अकुशल मजदूरों से कार्य कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को भेजे गए आवेदन में अशोक पुत्र रामसेवक, बबलू पुत्र बिहारी एवं नाजिम पुत्र अलीहसन ने बताया कि प्रधान पुत्र के प्रभाव में निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जब बबलू ने कार्यस्थल पर गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जताई तो ठेकेदार के लोगों ने उसे वहां से भगा दिया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य की तकनीकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी कुलदीप राठौर से संपर्क करने पर उन्होंने निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप बताया और शिकायतकर्ता बबलू को उनसे मिलकर बात करने को कहा। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि कुलदीप राठौर पर पूर्व में सोनौरा ग्राम पंचायत में जेसीबी के माध्यम से अनियमित कार्य कराने के आरोप लग चुके हैं, जिस मामले में जागरूक युवाओं को हाईकोर्ट तक जाना पड़ा था। गांव में इस प्रकरण को लेकर रोष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो सरकारी धन की बर्बादी के साथ-साथ जनहित की योजना पर भी संकट खड़ा हो जाएगा। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।



## डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्ती
# गोला कॉरिडोर की धीमी रफ्तार पर 3.35 करोड़ रुपये की पेनाल्टी तय

- भुगतान से पहले जुर्माने की कटौती, डीएम ने प्रमुख सचिव पर्यटन को लिखा पत्र
- 3 ठेकेदारों पर कुल 3.35 करोड़ का लिक्विडेटेड डैमेज तय

लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज। गोला गोकर्णनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर चमकाने की योजना पर ठेकेदारों की सुस्ती भारी पड़ गई है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली गोला कॉरिडोर परियोजना में निर्माण कार्य की रफ्तार थमती देख डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जाँच समिति और तकनीकी परीक्षण के बाद तीन ठेकेदारों पर 3.35 करोड़ रुपये से अधिक का लिक्विडेटेड डैमेज लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थलीय निरीक्षण में एसडीएम गोला सहित अन्य अधिकारियों ने पाया कि निर्माण स्थल पर न श्रमिक पर्याप्त हैं, न ही काम में अपेक्षित तेजी। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) यूनिट-14, लखनऊ द्वारा कराए जा रहे कार्य की अनुबंधित पूर्णता तिथि 15 मार्च 2026 है, लेकिन मौजूदा हालात में समय पर कॉरिडोर का पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि इतनी अहम परियोजना में देरी के बावजूद समयवृद्धि का प्रस्ताव तक सक्षम प्राधिकारी को नहीं भेजा गया, जिसे प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के दौरान गोलागोकर्णनाथ शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों का आगमन होता है। यदि कॉरिडोर निर्माण कार्य श्रावण मास से पूर्व पूर्ण नहीं होता है तो शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है।



### तकनीकी आख्या में जुर्माने की मुहर

जाँच समिति की रिपोर्ट में गोला कॉरिडोर निर्माण की भौतिक प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार पहले ठेकेदारों पर 10 प्रतिशत तक जुर्माना प्रस्तावित किया गया था। इसके बाद यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का तकनीकी परीक्षण लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड से कराया गया। अधिशासी अभियंता की आख्या में अनुबंध संख्या 109 (मेसर्स रीना सिंह) पर 8 प्रतिशत यानी लगभग 1.45 करोड़ रुपये, अनुबंध संख्या 110 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 6 प्रतिशत यानी लगभग 1.04 करोड़ रुपये तथा अनुबंध संख्या 111 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 5 प्रतिशत यानी लगभग 86 लाख रुपये का लिक्विडेटेड डैमेज अधिरोपित किया जाना उचित बताया गया।

### भुगतान से पहले कटेगी पेनाल्टी

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा है कि कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल को भुगतान करते समय 3.35 करोड़ पेनल्टी की राशि काटकर भुगतान किया जाए, ताकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार जुर्माना वसूली और परियोजना की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित हो सके।

# अन्ना जानवरों की समस्या के समाधान के लिए आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जनसेवक ने ग्रामीणों के साथ बताई समस्या**

बांदा, समृद्धि न्यूज।

तहसील बबेरू अन्तर्गत दर्जनों गांव बड़ागांव, आहार, मिलाथू, पल्हरी, शिव, मवई, पारा बिहारी, आलमपुर, बघेहटा, देवरथा, पंडरी, अनौसा, रगौली, हरदौली, जुगरेहली, सिमोनी आदि गांवों में सैकड़ों अन्ना जानवर आवारा घूम घूम कर किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहा है जबकि गम्भीर उक्त समस्या के समाधान हेतु पूर्व में समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक सहित अन्य ग्रामीणों ने दर्जनों बार संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस ब्लॉक तहसील एवं जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों को बारम्बार अवगत कराया गया है जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा लगातार गौ संरक्षण हेतु अरबों रुपए दिए जा रहे हैं ताकि किसानों की फसलों की रक्षा सुरक्षा करके उनकी आय दोगुनी की जा सके लेकिन सरकार के ही कर्मचारी अधिकारी उनके आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं साथ ही जिलाप्रशाशन के द्वारा शासन प्रशासन को भ्रामक व झूठी जानकारी देकर समाजसेवियों एवं समस्याओं से पीड़ित ग्रामीणों को ही झूठा साबित तथा तथ्यहीन मन गढ़ंत शिकायत करने का आरोप लगा रहे हैं किसानों के साथ समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक ने किसानों के खेतों के बीच पहुंच कर स्थलीय दुर्दशा को देखते हुए सैकड़ों की तादात में घूम रहे अन्ना जानवरों की लाइव हचे कैमरे से फोटो वीडियो खींच वायरल कर उच्च अधिकारियों को पुनः अवगत कराया लेकिन स्थानीय कर्मचारियों की फर्जी रिपोर्ट को जिला प्रशासन ने शासन को झूठी फर्जी निस्तारण की रिपोर्ट लगाकर गुमराह कर रहे हैं जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है तथा धान की फसलें बर्बाद होने से पहले ही भुखमरी कगार पर आ चुके हैं अब गेहूं चना मसूर मटर सरसों की फसलें बर्बाद होने से भूखमरी आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है किसान अपना कृषि कार्य छोड़कर अन्ना जानवरों के पीछे पीछे घूम रहा है। इस मौके पर जितेंद्र , उदयभान, सरवन, अरविंद, बाला यादव, रामबाबू, श्रीकिशन, तीरथ सिंह, सुधीर कुमार, अमर, दीपू, रामबाबू वर्मा दीपू, गउदीन, अशोक खेंगर, अरविंद कुमार, मनोज, रामकेश , प्रदीप पटेल, रोहित कुमार, सुरेश कुमार, मनोज कुमार रामचन्द्र, श्रीधर पटेल, विनोद कुमार, वीरेंद्र सिंह,चंद्रशेखन, कमलेश, अनुज, सुशील कुमार, राजकरण, आदि लोग मौजूद रहे।



# जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष ने देखी अलिहा गांव के विकास की हकीकत

**सिर्फ कागजों पर हो रहा अलिहा का विकास**

बांदा, समृद्धि न्यूज।

बबेरू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलिहा में विकास के सरकारी दावों की हकीकत उस समय उजागर हो गई जब जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल खुद गांव की गली-गली घूमीं और जमीनी हालात देखे। उनके साथ जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पिंकी प्रजापति,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल चौधरी और ग्रामीण मौजूद रहे।निरीक्षण में सामने आया कि पूरे गांव में कहीं भी पक्की नाली नहीं है।गांव से होकर गुजरने वाला एकमात्र नाला अधूरा है और वर्षों से पाटा नहीं गया।गलियां कीचड़ से भरी हैं,विद्यालय के सामने और डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक गंदगी फैली हुई है।शौचालय वर्षों से बंद पड़े हैं।बारात घर जर्जर है।

न खड़ंजा है, न मुक्तिधाम, न खेल का मैदान।देश को आज़ाद हुए 78 वर्ष हो चुके हैं,लेकिन अलिहा गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है और लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गौशाला में गोवंश बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा हैकृगायें बीमार हैं,पशु चिकित्सक नहीं आता,ऊपर केवल पालीथीन की छत और चारों तरफ खुला परिसर है।शालिनी सिंह पटेल ने बांदा जनपद के अधिकारियों पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि अधिकारी सिर्फ फोटो जीबी बनकर रह गए हैं।कभी विद्यालय में फोटो,कभी गौशाला में फोटो,कभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फोटोकृलेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। इन अधिकारियों का ध्यान जनता की समस्याओं से नहीं,बल्कि नेताओं की गुलामी और स्वागत-सत्कार में है। अवैध बालू खनन से अधिकारी पैसा कमाने में मस्त हैं और गांव-गांव शराब की दुकानों से अवैध वसूली में व्यस्त हैं।



शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि अगर कागजों वाला विकास देखना है तो अधिकारी फाइलें दिखाएं,लेकिन असली विकास देखना है तो हमारे साथ गांव चलें,हम हकीकत दिखा देंगे।उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से जनता की तरफ से सवाल कियाकृअलिहा गांव के लोगों का क्या कसूर है कि आज भी नाली, सड़क, शौचालय और इलाज जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जदयू ने स्पष्ट किया कि यह विरोध नहीं बल्कि जनता की आवाज है और विकास नहीं होगा तो सवाल उठते रहेंगे,जो प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचेंगे ताकि कागजी विकास का नकाब उतर सके।

# नवाचार पद्धति पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

बांदा, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को इन्दिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल बाँदा में सीबीएसई से सम्बद्ध स्कूलों के शिक्षको है नई शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में शिक्षण में नवाचार पद्धति पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला एस0 चाँद पब्लिकेशन ग्रुप के सौजन्य से सकुशल सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में एस0 चाँद समूह की ओर से अनुभवी व प्रतिष्ठित प्रेरक वक्ता अनिकेत श्रीवास्तव व उनकी सहयोगी टीम के सदस्यों मनमीत कुमार जनरल मैनेजर (एस. चाँद पब्लिकेशन), मनीष राजौरिया सेल्स मैनेजर व गौरव राय उप प्राचार्य (एस. चाँद पब्लिकेशन) ने कार्यशाला को रोचक व प्रभावी प्रस्तुती से सफल बनाया कार्यशाला के प्रारम्भ में प्रबन्धक संत कुमार गुप्ता कार्यकारी प्रबन्धक डा. मनीष कुमार गुप्ता वश्रीमती दीपिका मनीष गुप्ता, श्रीमती सौदामिनी अमित कुमार गुप्ता व वैष्णवी गुप्ता जी संत तुलसी पब्लिक स्कूल डायरेक्टर श्री जगनायक यादव प्राचार्या रीना ओमर व उप प्राचार्या डा. रिंकू सिंह सहित सभी स्कूलों के प्रतिनिधियों द्वारा माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किय। इस अवसर पर बुन्देलखण्ड अनएडेड स्कूल एसोशिएसन की ओर से इस कार्यशाला में उपरोक्त विद्यालयों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्यों की गरिमामय उपस्थिति व मार्गदर्शन में कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला के पश्चात् सभी के लिए लंच की व्यवस्था की गयी। विद्यालय प्रबंधन की ओर से एस. चाँद पब्लिकेशन ग्रुप व आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी गयी।



# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जुड़कर हजारों लोग बने आत्मनिर्भर

बांदा, समृद्धि न्यूज।

**369 महिलाएं भी बनीं आत्मनिर्भर**

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जुड़कर बांदा में हजारों लोग आत्मनिर्भर बने हैं। और जनवरी 2025 से अब तक 1412 लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ लिया है। और अपना उद्योग व सेवा क्षेत्र को बढ़ाने का काम किया है। वही इस योजना में लोगों की काफी रुचि भी देखने को मिल रही है और लगातार लोग इस योजना का लाभ लेने के लिए जुड़ रहे हैं।

योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक का लोन लाभार्थियों को दिया जाता है। जिसके जरिए लाभार्थी अपना उद्योग या सेवा क्षेत्र शुरू कर सकते हैं। वही सरकार के द्वारा 10: की सब्सिडी भी दी जाती है। वहीं इस योजना की खास बात यह है कि बिना ब्याज व बिना गारंटी के ही 5 लाख रुपये तक का लोन लाभार्थी को दिया जाता है। और इसको 4 साल में लाभार्थी को चुकाना होता है। वहीं जिला उद्योग विभाग के द्वारा लोगों को इस योजना का लाभ मिले इसके प्रति प्रेरित करने का भी काम किया जा रहा है। दरअसल मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान भी कहा जाता है। और सरकार का लक्ष्य है कि 10 वर्षों में इस योजना के जरिए 10 लाख लोगों को लाभ दिया जाए यानी कि प्रत्येक वर्ष एक लाख लाभार्थियों को लाभ देने का सरकार के द्वारा काम किया जा रहा है। जिससे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21 से 40 वर्ष के युवा उद्योग या सेवा संबंधी उद्दम स्थापित कर स्वरोजगार युक्त बन सके। जिसके क्रम में 24 जनवरी 2025 से शुरू हुई इस योजना में बांदा में 31 दिसंबर 2025 तक 1412 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिया गया है।



जिसमें 369 महिला लाभार्थी भी शामिल हैं जिन्होंने अपना उद्योग शुरू किया है या अपने सेवा क्षेत्र को बढ़ाया है। इस योजना से जुड़कर शहर के गायत्री नगर मोहल्ले के रहने वाले गुरु प्रसाद ने कोचिंग सेंटर की शुरुआत की है। तो वही बड़ोखर खुर्द गांव की रहने वाली हीरामणि ने क्लाउड किचन खोला है और टिफिन सर्विस के जरिए कमाई कर रही हैं। वहीं अमलोर गांव की रहने वाली मेघा सिंह ने ब्यूटी पार्लर खोला है। तो वही नगनेधी गांव की रहने वाली प्रीति ने आटा चक्की व स्पेलर उद्योग लगाया है। वहीं ऐला गांव के रहने वाले महंतलाल ने माटी कला उद्योग की शुरुआत कर दी है। और इन लोगों ने अपने साथ अन्य लोगों को भी जोड़ा है और रोजगार देने का काम किया है। इसी तरह अन्य लाभार्थियों ने भी इस योजना से जुड़कर अपने उद्योग या सेवा क्षेत्र की शुरुवात की है। जिला उद्योग विभाग के उपायुक्त गुरुदेव रावत व जिला प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह योजना 24 जनवरी 2025 से शुरू हुई थी और 31 मार्च 2025 तक 291 लाभर्थियों को योजना का लाभ दिलाया गया था। जिसमें 211 पुरुष व 80 महिला लाभार्थी शामिल हैं। वहीं 1 अप्रैल 2025 से 32 दिसंबर 2025 तक 1121 लाभर्थियों को योजना का लाभ दिलाया गया है। जिसमें 832 पुरुष व 289 महिला लाभार्थी शामिल हैं। इन्होंने बताया कि बांदा के लोग इस योजना से लगातार जुड़ रहे हैं और लगातार पंजीकरण कर रहे हैं और अभी तक लगभग 3000 लोगों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करा लिया है।